नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13
अंक : 22
सोमवार, 03 से 09 जुलाई 2023
मूल्य : 5 रू प्रति
रू 250 वार्षिक

जलभराव से निपटने की तैयारियां पूरी हैं, रिकॉर्ड बारिश... 03
सरकार-हरण का दशाननी वाम-तंत्र 08

NCR समाचार

जीत के साथ एशेज में इंग्लैंड की वापसी 10
रोगनाशक है बकरी का दूध 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in
BY C.R.O. TEAM
twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

65 वर्ष की हुयी नीतू सिंह 12

# दिल्ली में भारी बारिश, टूटा 41 साल का रिकॉर्ड

## जलजमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में रविवार को सुबह से ही भारी बारिश हो रही है।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सहित देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में भारी से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना को लेकर रविवार के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

दिल्ली में रविवार सुबह की शुरूआत बारिश के साथ हुयी। यहां पिछले 24 घंटों में 153 मिमी बारिश हुई, जो 41 साल में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड है। इससे पहले 25 जुलाई 1982 को यहां 169.9 मिमी बारिश हुई थी। इस बीच शनिवार को रिकॉर्ड बारिश के बाद कनॉट प्लेस के गलियारों से लेकर लुटियंस दिल्ली के चौड़े रास्ते राष्ट्रीय राजधानी की हर सड़कें जलमग्न हो गईं। जलजमाव के कारण मिंटो ब्रिज को बंद करना पड़ा। लोक निर्माण विभाग ने



बताया कि जलजमाव की लगभग 200 शिकायतें मिलीं। आईटीओ, मजनू का टीला, रोहतक रोड, रिंग रोड, पांडव नगर अंडरपास, पुराना किला रोड, सरिता विहार चौक और मथुरा रोड पर प्रगति मैदान में पानी भरने की सूचना मिली है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को जलभराव की कुल 56 शिकायतें मिलीं। मौसम विभाग के अनुसार गुड़गांव में भी बारिश हुई और रविवार को यहां सुबह आठ बजे तक 71 मिमी बारिश हुई। दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, जम्मू- कश्मीर के लिए भारी से अत्यधिक भारी बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सक्रिय है, जिसके कारण कल दिल्ली सहित कई जगहों पर भारी बारिश हुई। भूस्खलन और भूस्खलन के बाद अचानक आई बाढ़ से शिमला, सिरमौर, लाहौल, स्पीति, चंबा और सोलन में कई सड़कें अवरुद्ध हो गयी, जिसके मद्देनजर मौसम विभाग नेहिमाचल प्रदेश के सात जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

मौसम विभाग ने राजसमंद, जालौर, पाली, अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, जयपुर और कोटा सहित राजस्थान के नौ से अधिक जिलों में बहुत भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की है। वहीं दक्षिण भारत के केरल और कर्नाटक के भी कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने केरल के चार जिलों- कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड में 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

### शाह ने दिल्ली, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपालों से बात कर बारिश संबंधी स्थिति की जानकारी ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपालों से बात की और लगातार बारिश के मद्देनजर केंद्र शासित प्रदेशों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।
शाह ने भारी बारिश के कारण स्थगित हुई अमरनाथ यात्रा के बारे में भी जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बातचीत की। गृह मंत्री ने "राजधानी में लगातार बारिश के मद्देनजर दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से बात की और हालात की जानकारी ली।" एक सूत्र ने कहा, "गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल से भी बात की और भारी बारिश के कारण स्थगित की गई अमरनाथ यात्रा की स्थिति पर चर्चा की।" भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे की अवधि में 153 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, जो 1982 के बाद से जुलाई में एक दिन में हुई सर्वाधिक बारिश है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी हवाओं के कारण उत्तर-पश्चिम भारत में मूसलाधार बारिश और दिल्ली में मौसम की पहली भारी बारिश हुई है। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिन तक स्थगित रहने के बाद पंजतरणी और शेषनाग आधार शिविरों से अमरनाथ यात्रा रविवार को फिर से शुरू हो गई।

# तेलंगाना में बीआरएस सरकार का सबसे भ्रष्ट शासन : मोदी

एनसीआर समाचार

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार पर आरोप लगाया कि इसकी कहानी अधूरे वादों की है और यह देश का सबसे भ्रष्ट शासन है।

श्री मोदी ने हनमकोंडा में 'विजय संकल्प रैली' को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस सरकार चार चीजों में माहिर है, जैसे 'मोदी को गाली देना, वंशवादी शासन को आगे बढ़ाना, तेलंगाना की अर्थव्यवस्था को नष्ट करना और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त होना। उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार का नाम लिए बिना कहा कि तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस सरकार देश की सबसे भ्रष्ट शासन है और इसका भ्रष्टाचार दिल्ली तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा, हमने विकास के मुद्दों पर देशों और राज्यों के सहयोग के बारे में सुना है, लेकिन दिल्ली सरकार और तेलंगाना सरकार और उनके नेतृत्व करने वाली



पार्टियों के बीच जो हुआ वह पहली बार संगठित भ्रष्टाचार के लिए एक गठबंधन है। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने वंशवादी कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार को देखा और अब पूरा तेलंगाना बीआरएस सरकार के तहत भ्रष्टाचार के स्तर को देख रहा है। बीआरएस और कांग्रेस दोनों तेलंगाना के लोगों के लिए खतरनाक हैं।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि बीआरएस शासन ने कृषि ऋण माफी, बेरोजगार युवाओं को नौकरी और बेरोजगारी भत्ता जैसे अपने वादों से पीछे हटकर किसानों और बेरोजगार युवाओं सहित सभी वर्गों को धोखा दिया है।

# मानहानि केस में राहुल को गुजरात हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गुजरात हाईकोर्ट से उस समय बड़ा झटका लगा, जब मानहानि मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया। अब इस मामले में वह सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपान ने इसकी जानकारी दी है।

आपको बता दें कि सूरत में एक मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए 23 मार्च को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को दो साल जेल की सजा सुनाई। फैसले के बाद, केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए चुने गए गांधी को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया।

मई में, न्यायमूर्ति प्रच्छक ने गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह कहते हुए कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था कि वह ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अंतिम आदेश पारित करेंगे।

**गुजरात हाईकोर्ट ने अपने फैसले में क्या कहा?**

आज गुजरात उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने संबंधी उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि गांधी पहले ही देशभर में 10 मामलों का सामना कर रहे हैं और निचली अदालत का कांग्रेस नेता को दोषी ठहराने का आदेश "न्यायसंगत, उचित और वैध" है। अदालत ने कहा कि दोषसिद्धि पर रोक लगाने का कोई तर्कसंगत कारण नहीं है।



### न्यायालय का रुख करेंगे : कांग्रेस

कांग्रेस ने 'मोदी उपनाम' वाली टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद शुक्रवार को सरकार पर सच दबाने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि राहुल गांधी को सच बोलने से रोका नहीं जा सकता। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि वह उच्चतम न्यायालय का रुख करने समेत सभी कानूनी विकल्पों पर गौर करेगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि 'अहंकारी सत्ता' सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, राहुल गांधी जी इस अहंकारी सत्ता के सामने सत्य और जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। अहंकारी सत्ता चाहती है कि जनता के हितों के सवाल न उठें, अहंकारी सत्ता चाहती है कि देश के लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाने वाले सवाल न उठें, अहंकारी सत्ता चाहती है कि उनसे महंगाई पर सवाल न पूछे जाएं, युवाओं के रोजगार पर कोई बात न हो, किसानों की भलाई की आवाज न उठे, महिलाओं के हक की बात न हो, श्रमिकों के सम्मान के सवाल को न उठाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया, अहंकारी सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही है, जनता के हितों से जुड़े सवालों से भटकाने के लिए साम, दाम, दंड, भेद, छल, कपट : सब अपना रही है। लेकिन, सत्य, सत्याग्रह और जनता की ताकत के सामने न तो सत्ता का अहंकार ज्यादा दिन टिकेगा और न ही सच्चाई पर झूठ का परदा।

### राहुल के समर्थन में कांग्रेस का 'मौन सत्याग्रह'

कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा अडानी समूह के बीच संबंधों का विभिन्न मंचों पर खुलासा कर रहे हैं जिससे खार खाकर मोदी सरकार श्री गांधी के खिलाफ तरह तरह की साजिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा की पार्टी श्री गांधी के साथ एकजुट होकर खड़ी है और उनकी लड़ाई में पूरी ताकत के साथ उनका समर्थन कर रही है। इस क्रम में पार्टी ने बुधवार 12 जुलाई को देशभर में मौन सत्याग्रह का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि मौन सत्याग्रह सभी राज्यों की राजधानियों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सत्याग्रह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा अन्य नेताओं के साथ ही सभी सांसद, विधायक और पार्टी सभी पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि श्री गांधी मोदी सरकार के सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के विरुद्ध लगातार संघर्ष कर रहे हैं जिसे देखते हुए भाजपा सरकार ने साजिश के तहत उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द की है।

# शराब घोटाला: ईडी का ऐक्शन

## मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों की 52 करोड़ की संपत्ति जब्त

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया को ईडी की तरफ से एक और झटका लगा है। ईडी ने शुक्रवार को मनीष सिसोदिया उनकी पत्नी और अन्य की 52 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। मालूम हो कि सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार किया गया था। ईडी के अनुसार, इस 52 करोड़ की चल अचल संपत्ति में 7 करोड़ 29 लाख रुपये की 2 प्रॉपर्टी मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया साथ ही राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा के लैंड और फ्लैट शामिल हैं। इस अटैचमेंट में 44 करोड़ 29 लाख रुपये की कैश और चल संपत्ति है।



मनीष सिसोदिया के अलावा अमनदीप सिंह ढल्ल, राजेश जोशी, गौतम मल्होत्रा सहित अन्य आरोपियों की भी संपत्ति है। ईडी ने आबकारी नीति में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में अभी तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 13वें आरोपी की गिरफ्तारी गुरुवार रात (6 जुलाई) व्यवसायी दिनेश अरोड़ा की हुई। दिल्ली हाईकोर्ट ने 3 जुलाई को ईडी केस में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

# फासीवादी ताकतों की साजिशों से लड़ते रहेंगे राहुल : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी देशवासियों की खुशहाली, शांति, कल्याण और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निडर होकर लड़ते हैं इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) तथा भारतीय जनता पार्टी उनके खिलाफ साजिश करते हैं लेकिन देश बहुत देर तक फासीवादी ताकतों को सहन नहीं करेंगे।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि श्री गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सबसे मजबूत और मुखर विरोधी हैं। भारत जोड़ो यात्रा की अपार सफलता के बाद श्री गांधी ने लोकसभा में ऐतिहासिक भाषण दिया और श्री मोदी व अडानी समूह के बीच अपवित्र संबंधों का खुलासा किया।



परिणामस्वरूप, भाजपा ने उन्हें संसद से अयोग्य घोषित करने के लिए अपनी गंदी चालें चलीं।

उन्होंने कहा, श्री गांधी निडर होकर सत्तारूढ़ शासन का मुकाबला करने और देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए कृतसंकल्प हैं। संसद के बाहर भी वह लोगों की आवाज हैं। वह ऐसे नेता हैं जिन पर लोग भरोसा करते हैं। यही कारण है कि श्री गांधी को प्रतिशोध से संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने पर आक्रोशित है।

श्री वेणुगोपाल ने कहा, हम 140 करोड़ भारतीयों से अपील करते हैं कि वे किसी भेदभाव के बिना न्याय और स्वतंत्रता की लड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होकर लोकतंत्र में गिरावट के खिलाफ खड़े हों। उनका कहना था कि विरोध स्वरूप कांग्रेस कार्यकर्ता बुधवार 12 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रत्येक राज्य की राजधानी में गांधी प्रतिमा के पास मौन सत्याग्रह का आयोजन करेंगे।

# बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा, अबतक 35 लोगों की मौत

एनसीआर समाचार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा से चुनाव बाद हिंसा की घटनाओं में कम से कम 35 लोग मारे जा चुके हैं। राज्य में शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान विभिन्न हिस्सों में बेलगाम हिंसा देखी गई और चुनाव के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई। मारे गये लोगों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्ष दोनों के प्रति निष्ठा रखने वाले कार्यकर्ता शामिल हैं।

एक उम्मीदवार सहित तृणमूल कांग्रेस के सबसे अधिक नौ कार्यकर्ता मारे गए जबकि विपक्षी कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दो-दो, भारतीय जनता पार्टी का एक और एक अन्य मतदाता मतदान के दौरान हिंसक घटनाओं का शिकार हो गया।

मालदा और दक्षिण 24 परगना में चुनाव के बाद हुई हिंसा में



तृणमूल कांग्रेस के दो कार्यकताओं की जान चली गई। इस तरह चुनाव और इसके बाद हुई हिंसा में मारे गये तृणमूल कार्यकताओं की संख्या बढ़कर 11 हो गयी।

मुर्शिदाबाद जिला चुनावी हिसा का केंद्र रहा। इसके अलावा मालदा, उत्तर दिनाजपुर और कूच बिहार के अलावा नादिया तथा उत्तर व दक्षिण 24 परगना हिंसक घटनाओ से प्रभावित थे।

शनिवार को चुनाव ड्यूटी से लौटते समय एक डीएसपी रैंक के अधिकारी पर भी हमला किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही पंचायत चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद से मारे गए लोगों की कुल संख्या 35 हो गई है।

कांग्रेस सांसद अधीर चौधरी उस समय उग्र हो गए जब वह मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शनिवार को जो कुछ हुआ उसके लिए मुख्यमंत्री एवं तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा और हिंसा पर अंकुश लगाने में विफल रहने के लिए राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा की जमकर आलोचना की।

शनिवार की अभूतपूर्व हिंसा के विरोध में प्रदेश भाजपा ने रविवार को सड़क जाम किया, टायर जलाए और जुलूस निकाला।

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उत्तर 24 परगना और नादिया के कुछ हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया जहां उन्होंने शनिवार को एक घायल व्यक्ति के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा, मैं वह सब करूंगा जो एक राज्यपाल से अपेक्षित है। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर बेहद असंतोष व्यक्त करते हुए श्री बोस ने कहा, बड़ी चिंता का विषय है। मैं सुबह से ही इलाके में हूं। लोगों ने मुझसे अनुरोध किया और रास्ते में मेरा काफिला रोक दिया। उन्होंने मुझे हत्याओं के बारे में बताया जो उनके आसपास हो रही है। उन्होंने मुझे बताया कि कैसे गुंडे उन्हें मतदान केंद्रों पर जाने नहीं दे रहे हैं। यह हम सभी के लिए बहुत चिंता का विषय है। यह लोकतंत्र के लिए सबसे पवित्र दिन है। चुनाव मतपत्रों से होना चाहिए, गोलियों से नहीं। राज्यपाल ने अस्पताल में घायल व्यक्ति से भी मुलाकात की और पीड़ित को कोलकाता बेस अस्पताल में स्थानांतरित करने की व्यवस्था की। श्री बोस ने पूछा, लोकतंत्र के रक्षकों की रक्षा कौन करेगा। चुनाव आयोग कहीं नजर नहीं आता, फिर भी (चुनाव) आयुक्त चुप्पी साधे हुए हैं।

राज्यपाल ने कहा कि उन्हें बताया गया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से हत्याओं और हिंसा की खबरें आ रही हैं। उन्होंने पूछा, आम लोगों की रक्षा कौन करेगा? चुनाव आयोग चुप क्यों है? मैंने उनसे जवाब देने को कहा है कि लोगों और लोकतंत्र की रक्षा करने वाला कौन है।

इसबीच बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने राज्य में लोकतंत्र की रक्षा के लिए अनुच्छेद 356 या 355 लगाने की मांग करते हुए कहा, केवल मतपेटियां ही नहीं, लोकतंत्र भी गटर में चला गया है। वहीं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र मर चुका है।

नंदीग्राम से भाजपा के विधायक अधिकारी ने ट्वीट किया, पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव - लोकतंत्र का कार्निवल। सुश्री ममता बनर्जी के गुर्गे और सुपारी हत्यारे और राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा राज्य भर में उनकी योजनाओं को क्रियान्वित कर रहे हैं। यह उनका लोकतंत्र मॉडल है। उन्होंने लोगों और अपने समर्थकों से 'कालीघाट चलो' का भी आह्वान किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्पाइसजेट का आवेदन किया खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को स्पाइसजेट की उस गुहार को ठुकरा दी, जिसमें काल एयरवेज और कलानिधि मारन को मध्यस्थता के माध्यम से तय 380 करोड़ रुपये के एक हिस्से के तौर पर 75 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए एक बार फिर समय बढ़ाने की मांग की गई थी।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62
फोन:
8888883968,
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# हिमाचल में भारी बारिश-भूस्खलन से पांच लोगों की मौत

एनसीआर समाचार



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रविवार को भी बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारी बारिश के कारण कई जगह भूस्खलन और बाढ़ की घटनाएं सामने आ रही हैं। बीते 24 घंटे में बाढ़ और भूस्खलन की 27 घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 11 घर क्षतिग्रस्त हुए। कालका-शिमला हेरिटेज रेल मार्ग पर कई जगह भूस्खलन होने से ट्रेनों की आवाजाही ठप है।

शिमला, मंडी, कूल्लु और सोलन जिले में कुदरत ने ज्यादा कहर बरपाया है। शिमला में तीन और चम्बा एवं कुल्लू में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। इनमें 11 साल का एक किशोर भी शामिल है। मूसलाधार वर्षा से राज्य की सभी प्रमुख नदियां, उप नदियां एवं नाले उफान पर हैं। कई स्थानों पर बारिश से जलभराव और सड़कों का कटाव देखने को मिला है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भारी वर्षा के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने और नदी-नालों के नजदीक न जाने की अपील की है। उन्होंने राज्य के स्कूलों एवं कॉलेजों में अगले दो दिन यानी 10 व 11 जुलाई को अवकाश का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी एवं निजी कॉलेजों में अगले दो दिन अवकाश की अधिसूचना जारी कर दी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक शिमला जिला के कोटगढ़ में एक घर के ध्वस्त होने से दंपति समेत बच्चे की मौत हो गई। चम्बा के ककियां में भूस्खलन से एक पुरुष और कुल्लू के लंकाबेकर में एक महिला की मृत्यु हुई। किन्नौर जिले के सांगला में बाढ़ से एक पुल के क्षतिग्रस्त होने से दो वाहन बह गए।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार व्यापक वर्षा से राज्यभर में तीन नेशनल हाइवे समेत 736 सड़कें, 1743 बिजली के ट्रांसफॉर्मर और 138 पानी की स्कीमें बंद हो गई हैं। भूस्खलन से मंडी जिला में मंडी-कुल्लू नेशनल हाइवे-21, सिरमौर जिला में नेशनल हाइवे-707 और लाहौल-स्पीति में नेशनल हाइवे-505 अवरुद्ध है। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 172 सड़कें बंद हुई हैं। इसी तरह शिमला में 122, कुल्लू में 120, लाहौल-स्पीति में 88, सोलन में 82, चम्बा में 76, सिरमौर में 48, ऊना में 13, बिलासपुर में आठ और किन्नौर में चार सड़कें बाधित हैं। भारी वर्षा से 1743 ट्रांसफार्मरों के बंद पड़ जाने से कई इलाके अंधेरे में डूब गए हैं। सोलन में 720, ऊना में 579, कुल्लू में 488, सिरमौर में 407, मंडी में 311, किन्नौर में 160, शिमला में 111, बिलासपुर में 102, चम्बा में 70 और कांगड़ा में तीन ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं।

शिमला में कई जगह गिरे पेड़, जनजीवन प्रभावित

राजधानी शिमला में व्यापक वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। कई जगह पेड़ गिरने से सड़कों के बाधित होने से जहां यातायात प्रभावित हुआ है, वहीं वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। शहर के फागली क्षेत्र में सुबह के वक्त भारी-भरकम पेड़ कार पर जा गिरा। कार में मासूम बच्चे के साथ मां भी मौजूद थी। हादसे में दोनों की जान बाल-बाल बची है।

शिमला-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग- 205 पर घंडल के पास बने लोहे के ब्रिज के नीचे से भूस्खलन हो रहा है जिस कारण पुल पर यातायात एकतरफा किया गया है। शिमला पुलिस ने निर्देश दिए हैं कि शिमला से निचले हिमाचल को जाने वाले वाहन घंडल के पास बने लोहे के ब्रिज से ही गुजरेंगे, जबकि निचले हिमाचल से शिमला की ओर आने वाले वाहनों को वैकल्पिक सड़क कालीहट्टी, नालहट्टी, हरीदेवी का रूट निर्धारित किया गया है। ठियोग में नेशनल हाइवे-पांच पर लोहे के पुल को एहतियातन हर प्रकार के लोड ट्रकों के लिए बंद किया गया है। हालांकि अन्य यातायात के लिए पुल खुला रहेगा।

ऊना और बिलासपुर जिलों में हुई व्यापक वर्षा

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में ऊना जिला के रामपुर में सर्वाधिक 23 सेंटीमीटर वर्षा रिकार्ड हुई है। बिलासपुर के आरएल बीबीएमबी में 22, शिमला के रोहड़ू में 19, सिरमौर के संगड़ाह में 18, देहरा गोपीपुर, कसौली, काहू, ऊना व घमरूर में 17-17, नैना देवी, नादौन व चुआडी में 16-16, अर्की, बरठीं, चम्बा व गुलेर में 15-15, डल्हौजी व पच्छाद में 14-14, अग्घर, मनाली, नाहन, बिलासपुर, जोगिन्दरनगर, धर्मशाला, जतोन बैरेज व कंडाघाट में 13-13, गोंदला, कांगड़ा व सोलन में 11-11, शिमला व सुजानपुर टिहरा में 10-10, पालमपुर, बलद्वारा, कटुआला, गोहर व नारकंडा में नौ-नौ, सुंदरनगर, मंडी व सराहन में आठ-आठ सेंटीमीटर वर्षा हुई है।

अगले 24 घंटे भी भारी वर्षा की चेतावनी

मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि मानसून की सक्रियता से अगले 24 घंटे राज्य में भारी बारिश का दौर जारी रहेगा। चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट रहेगा। लाहौल-स्पीति, कांगड़ा, चम्बा, शिमला, मंडी, कुल्लू, सिरमौर, सोलन और ऊना जिलों में बाढ़ की चेतावनी दी गई है।

# उद्धव ठाकरे ने विदर्भ का दो दिवसीय दौरा शुरू किया

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अगले साल होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी पार्टी के कार्यकताओं से संवाद करने तथा उनका मनोबल बढ़ाने के लिए रविवार को महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे का आगाज किया। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी।

उद्धव ऐसे समय में यह दौरा कर रहे हैं, जब एक सप्ताह पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार और पार्टी के आठ अन्य विधायक एकनाथ शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री रविवार सुबह नागपुर पहुंचे। वह विदर्भ क्षेत्र में यवतमाल, वाशिम, अमरावती, अकोला और नागपुर के पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों से चर्चा करेंगे।

महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ने लंबे समय तक अपनी सहयोगी रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुख्यमंत्री पद के बंटवारे के मुद्दे को लेकर गठबंधन तोड़ लिया था।

# सिद्दारमैया ने जैन भिक्षु हत्या मामले में दिए जांच के आदेश

**बेलगावी, एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगावी में चिकोडी तालुक के एक गांव में एक जैन साधु का शव एक कुएं में टुकड़ों में कटा हुआ पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी रविवार को दी।

इस हत्या का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने रविवार को अधिकारियों को इस मामले की गहन जांच करने का निर्देश दिया।

उन्होंने एक वक्तव्य में कहा, किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। हमारे अधिकारियों ने अपनी जांच तेज कर दी है और कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। मैंने निर्देश दिया है कि कोई भी आरोपी फरार नहीं होना चाहिए।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक नारायण बसप्पा मादी और हसन दलायथ नामक दो आरोपियों को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बसदी भीमप्पा उगारे के प्रबंधक ने छह जुलाई को भिक्षु के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद उन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने कहा कि मृतक आचार्य श्री कामकुमारा नंदी महाराज पिछले 15 वर्षओं से नंदी पर्वत जैन बसादी में निवास कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने साधु की कथित रूप से हत्या कर दी जब उन्होंने आरोपियों को दिए हुए उधार पैसे वापस लौटाने के बारे में पूछताछ की।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बाढ़ में बहे दो सैनिकों के शव बरामद

**जम्मू, एजेंसी।** भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में बहे दो सैनिकों के शव जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बरामद हुए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना के दोनों जवान सूरनकोट इलाके में डोगरा नाले को पार कर रहे थे और इस दौरान वे तेज बहाव में बह गए। अधिकारियों के मुताबिक, नायक सूबेदार कुलदीप सिंह का शव शनिवार रात को डोगरा नाले से निकाल लिया गया, जबकि दूसरे सैनिक का शव रविवार को बरामद हुआ। अधिकारियों ने कहा कि एक जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# गुटेरेस ने सूडान के ओमडुरमैन में हवाई हमले की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सूडान में खार्तूम के पास ओमडुरमन शहर में हवाई हमले की निंदा की है। हमले में कथित तौर पर कम से कम 22 लोग मारे गए हैं। श्री गुटेरेस के उप प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि श्री गुटेरेस ने एक बयान में शनिवार को हुए हमले में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

बयान में कहा गया है कि श्री गुटेरेस पश्चिमी सूडान के दारफुर में बड़े पैमाने पर हिंसा और हताहतों की संख्या की रिपोर्ट से स्तब्ध हैं। वह उत्तरी कोर्डोफान, दक्षिण कोर्डोफान और ब्लू नाइल राज्यों में नए सिरे से लड़ाई की रिपोर्टों से भी चिंतित हैं। बयान में कहा गया है कि यह मानवीय और मानवाधिकार कानून की घोर उपेक्षा है जो खतरनाक और परेशान करने वाला है। श्री गुटेरेस इस बात से काफी चिंतित है कि इस सैन्य संघर्ष ने सूडान को पूर्ण पैमाने पर गृह युद्ध के कगार पर धकेल दिया है, जिससे संभावित रूप से पूरा क्षेत्र अस्थिर हो जाएगा। उन्होंने सूडानी सशस्त्र बलों और रैपिड सपोर्ट फोर्स से लड़ाई बंद करने का अपना आह्वान दोहराया और दोनों से नागरिकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी और मानवाधिकार कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने का आग्रह किया।

# शिवराज से स्मृति ईरानी ने की भेंट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से केंद्रीय महिला-बाल विकास और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने आज भोपाल प्रवास के दौरान यहां मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। श्रीमती ईरानी ने प्रदेश में लागू महिला कल्याण योजनाओं की सराहना की।



आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्रीमती ईरानी ने बताया कि वे जब महिलाओं के एक कार्यक्रम में इन्दौर आईं थीं तो निम्न मध्यवर्गीय तबके की हजारों महिलाओं ने उन्हें प्रदेश में लागू महिला कल्याण योजनाओं के अच्छे अनुभवों से अवगत करवाया था। केन्द्र और राज्य सरकार की महिला कल्याण की योजनाओं से बड़ी संख्या में महिलाएँ लाभान्वित हो रही हैं।

श्रीमती ईरानी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में किए गए परिवर्तन से अब परिवार में दूसरी बेटी होने पर भी योजना का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने श्रीमती ईरानी को प्रदेश में लागू महिला कल्याण

# जेलेंस्की ने युद्ध के 500वें दिन स्नेक द्वीप का किया दौरा



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने यूक्रेन युद्ध के 500वें दिन स्नेक द्वीप का दौरा किया जो यूक्रेनी प्रतिरोध का प्रतीक बन चुका है। यह जानकारी बीबीसी ने रविवार को दी। युद्ध की शुरूआत में, स्नेक द्वीप की रक्षा करने वाले यूक्रेनी सैनिकों ने एक रूसी युद्धपोत के समाने आत्मसमर्पण करने से मना कर दिया था। काला सागर द्वीप पर रूस ने कब्जा कर लिया था लेकिन बाद में यूक्रेन ने इसे फिर से जीत लिया। एक वीडियो में, यूक्रेनी राष्ट्रपति ने इसे ह्यजीत का स्थलह्ल कहा, जिसे फिर से कभी जीता नहीं जा सकेगा। टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो क्लिप में, श्री जेलेंस्की ने कहा कि यह इस बात सबूत है कि रूस द्वारा 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर किए गए हमले के बाद हम रूस द्वारा कब्जा किए गए अपने क्षेत्र का एक-एक इंच को वापस लेंगे।

श्री जेलेंस्की ने वीडियो में कहा कि मैं यहां जीत के स्थल से, 500 दिनों की लड़ाई के लिए हमारे सभी सैनिक को धन्यवाद देना चाहता हूं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बाद में घोषणा की कि वह पिछले वर्ष मारियुपोल में अजोवस्टल इस्पात संयत्र की घेराबंदी के दौरान रूस द्वारा पकड़े गए पांच कमांडरों के साथ तुर्की की यात्रा से वापस लौट आए हैं। कैदियों के आदान-प्रदान के अंतर्गत रूसी कैद से मुक्त होने के बाद वे सितंबर 2022 से तुर्की में थे। उनकी घर वापसी पर स्थिति स्पष्ट नहीं है क्योंकि मूल सौदे में उन्हें तुर्की में रहने के लिए बाध्य किया गया था। समाचार एजेंसी के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रूसी समाचार एजेंसी आरआईए से कहा कि मास्को को कैदियों की रिहाई के बारे में सूचित नहीं किया गया है। श्री पेस्कोव ने कहा कि किसी ने हमें इसके बारे में सूचित नहीं किया और समझौते के अनुसार, इन सरगनाओं को लड़ाई खत्म होने तक तुर्की में ही रहना था।

श्री पेस्कोव ने कहा कि कैदियों की रिहाई अगले सप्ताह होने वाली बैठक से पहले नाटो की ओर से तुर्की पर दबाव बनाने के कारण हुई है।

# श्रीलंका में जन आंदोलन का एक वर्ष पूरा हुआ

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में देश की बदहाल अर्थव्यवस्था के लिए पिछली सरकार के खिलाफ सड़कों पर लोगों के उतरने की संपूर्ण घटना का एक वर्ष पूरा हो गया है। इस आंदोलन का परिणाम यह रहा कि शक्तिशाली राजपक्षे परिवार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था।


कट्टरपंथी अंतर विश्वविद्यालय छात्र संघ ने आंदोलन के एक वर्ष पूरा होने पर विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन का आह्वान किया है।

पिछले साल हुए जन आंदोलन की वजह से तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को मालदीव भागना पड़ा क्योंकि हजारों लोगों ने उनके इस्तीफे की मांग को लेकर उनका आधिकारिक आवास घेर लिया था। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें देश के सबसे विकट आर्थिक संकट के लिए जिम्मेदार ठहराया था। लोगों का विरोध प्रदर्शन पिछले साल मार्च के अंत में राजपक्षे के आवास के बाहर शुरू हुआ था और जुलाई में अंततः उनके अपदस्थ होने के साथ समाप्त हुआ।

आंदोलन की पहली सालगिरह पर विरोध प्रदर्शन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नेता डॉ.पथुम केरनेर ने कहा, गोटाबाया को अपदस्थ करने के साथ लोग आर्थिक संकट का तत्काल समाधान चाहते थे।

# सरकार के सभी फैसले व्यापक विकास को बढ़ावा देने के लिए : सुक्खू

एनसीआर समाचार



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कहा है है कि सरकार के सभी फैसलों का उद्देश्य राज्य में व्यापक विकास को बढ़ावा देना और जनकल्याण सुनिश्चित करना है।

श्री सुक्खू शनिवार को हमीरपुर में एक समारोह के दौरान संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार लालफीताशाही में विश्वास नहीं करती है और शासन में दक्षता और सुविधा को बढ़ावा देती है। वह शनिवार को हमीरपुर में एक समारोह के दौरान संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने अतिवृष्टि और खराब मौसम होने के बावजूद हमीरपुर को विकास परियोजनाएं राज्य को समर्पित कीं। मुख्यमंत्री ने अपने हमीरपुर प्रवास के तीसरे दिन सलासी में 5.27 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मुख्य अभियंता कार्यालय, 15 करोड़ रुपये की लागत से एलडब्ल्यूएसएस हमीरपुर में जल स्त्रोतों का उन्नयन तथा 11.36 करोड़ रुपये की लागत से कुडिहार-मसियाना सड़क का चौड़ीकरण एवं सुधार की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने 3.93 करोड़ रुपये की लागत से शुक्र खड्ड पर बने पुल का भी उद्घाटन किया, जिससे खटविन गांव के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के कार्यालय और अनु में एचपीपीसीएल के सौर कार्यालय का भी उद्घाटन किया और हमीरपुर में 67 लाख रुपये की लागत से बनने वाली युद्ध स्मारक की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान पत्रकारों से कहा कि इन सभी परियोजनाओं से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। हमीरपुर में परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण बनने से ट्रांसपोर्टरों को सुविधा प्राप्त होगी और परिवहन का संचालन सुव्यवस्थित रूप से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सौर और हरित ऊर्जा का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो चिरस्थायी एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं के लिए राज्य सरकार के समर्पण को दशार्ती है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जमानत याचिका खारिज होने वाले सवालों का जवाब देते हुए श्री सुक्खू ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

उन्होंने कहा, श्री गांधी राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की मुखर वकालत करते हैं। श्री गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की व्यापक भारत जोड़ो यात्रा की और 4,000 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय की, ने लोगों के साथ एक अनूठा संबंध बनाया। यह कारण है कि उनसे राजनीतिक प्रतिशोध लिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने पुरानी पेंशन योजना पर कहा कि राज्य कर्मचारियों के सर्वोत्तम हित के लिए इसे बहाल करने का निर्णय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में किया गया था और यह किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि सेवानिवृत्त लोगों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए किया गया था। इसके अलावा, जन कल्याण के लिए सरकार का समर्पण निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार ऐसे निर्णयों को लेने के लिए प्रतिबद्ध है जो लोगों को लाभान्वित करते हैं और राज्य की समग्र प्रगति एवं समृद्धि में योगदान देते हैं।

## एक नजर

### उत्तराखंड में गंगा नदी में गिरी जीप, तीन श्रद्धालुओं की मौत

**ऋषिकेश/नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल जिले के मुनि की रेती क्षेत्र में रविवार तड़के केदारनाथ से लौट रही एक जीप भूस्खलन की चपेट में आकर अनियंत्रित होकर उफनाई गंगा में जा गिरी, जिससे उसमें सवार तीन श्रद्धालु डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में लापता तीन अन्य यात्रियों की तलाश के लिए नदी में गोताखोरों की मदद से खोज अभियान चलाया जा रहा है। मुनि की रेती के थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश साह ने बताया कि जीप ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुलर के पास मालकुंती पुल और होटल आनंद काशी के बीच दुर्घटना का शिकार हो गई। जीप में सवार पांच अन्य यात्रियों को जीवित बचा लिया गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साह ने बताया कि रात में हुए भूस्खलन की चपेट में आकर जीप अनियंत्रित होकर गंगा में गिर गयी। ऋषिकेश जा रही इस जीप में चालक सहित 11 श्रद्धालु सवार थे। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव अभियान शुरू किया।

### भाजपा की सहयोगी एनपीपी अरुणाचल प्रदेश में यूसीसी लागू करने के विरोध में

**ईटानगर, एजेंसी।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की अरुणाचल प्रदेश इकाई ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने का विरोध करने का फैसला किया है। एनपीपी के राज्य महासचिव पाकंगा बागे ने बताया कि शनिवार को यहां पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। एनपीपी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष लिखा साया ने पत्रकारों से कहा, एनपीपी का विकासात्मक मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन है, लेकिन क्षेत्रीय पार्टी अपनी विचारधारा का पालन करती है। बागे ने कहा कि पार्टी ने राज्य की विविध बहु-जातीय और बहु-आदिवासी संस्कृति के साथ ही उसकी मजबूत परंपराओं और पारंपरिक पहचान का हवाला देते हुए बैठक में यूसीसी का विरोध करने के लिए एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। साया ने कहा, एनपीपी एक धर्मनिरपेक्ष दल है और वह किसी व्यक्ति या धार्मिक समूह के खिलाफ कोई पूर्वाग्रह नहीं रखता है। उसका एकमात्र उद्देश्य राज्य में प्रत्येक नागरिक का विकास और कल्याण सुनिश्चित करना है। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा में एनपीपी के चार विधायक हैं।

### न्यूयॉर्क गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क के क्वींस और ब्रुकलिन जिलों में बिना लाइसेंस प्लेट वाले स्कूटर पर सवार एक बंदूकधारी ने चार लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें 87 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने यह जानकारी दी।

डिप्टी कमिश्नर एडवर्ड कैबन ने शनिवार को एक ब्रीफिंग में बताया कि एक अपराधी ने अपने ही एक साथी की हत्या कर दी जो चार निर्दोष लोगों को मारने में शामिल था। इस संबंधित घटना में शूटर ने एक अवैध स्कूटर का इस्तेमाल किया जिसमें लाइसेंस प्लेट नहीं थी।ह्व एनवाईपीडी के डिटेक्टिव ब्यूरो के सहायक प्रमुख जोसेफ केनी ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने 25 वर्षीय एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जिसने ब्रुकलिन और क्वींस में सिलसिलेवार गोलीबारी की थी और जिसके इरादे अभी भी अज्ञात हैं। श्री केनी ने कहा, वीडियो से पता चलता है कि वह किसी को निशाना नहीं बना रहे हैं, वह किसी का पीछा नहीं कर रहे हैं। वह बिना निशाने के लोगों को गोली मार रहे हैं। घटना की जांच जारी है।

### मध्य चीन में राजमार्ग पर निर्माण के दौरान भूस्खलन, नौ लोग लापता

**बीजिंग, एजेंसी।** मध्य चीन के हुबेई प्रांत में एक राजमार्ग पर निर्माण के दौरान भूस्खलन की घटना के बाद नौ लोग लापता हो गए। स्थानीय प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। वुफेंग के तुजिया स्वायत्त प्रांत में युशान गांव में शनिवार को निर्माण स्थल पर भूस्खलन हुआ। प्रांत के प्राधिकारियों के हालिया बयान के अनुसार अब तक पांच लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, जबकि नौ अन्य अब भी लापता हैं। सरकारी समाचार एजेंसी ह्यशिन्हुआह्ल की खबर के अनुसार, आपात प्रबंधन मंत्रालय ने भूवैज्ञानिक आपदाओं के लिए स्तर-चार की आपातकालीन प्रतिक्रिया को सक्रिय कर दिया है और आपात स्थिति से निपटने के लिए घटनास्थल पर बचावकर्मियों को भेजा है। मंत्रालय घायलों के उपचार और इसके बाद होने वाली प्राकृतिक आपदा के जोखिम को कम करने का प्रयास तथा बचावकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। खबर में कहा गया है कि मंत्रालय ने दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य के लिए 139 कर्मियों और 32 वाहनों एवं दमकल कर्मियों को भेजा है तथा बचाव अभियान जारी है।

### बारिश के पानी से भरे गड्ढे में गिरने से छात्र की मौत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के सीकर शहर में 17 वर्षीय छात्र की बारिश के पानी से भरे एक गड्ढे में गिरने से शनिवार शाम मौत हो गई। सीकर के पुलिस अधीक्षक करण शर्मा ने बताया कि नवलगढ़ रोड पर ह्यसीवरेजह्ल के काम के लिए गड्ढा खोदा गया था, जिसमें बारिश का पानी भर गया। छात्र युवराज सिंह अपनी ह्यकोचिंगह्ल से लौट रहा था तभी वह गड्ढे में गिर गया और डूब गया। नागरिक सुरक्षा के एक दल ने उसके शव को गड्ढे से बाहर निकाला जिसे जिला अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोग अस्पताल के बाहर जमा हो गए और सीकर नगर परिषद के दोषी अधिकारियों तथा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि छात्र झुंझुनू का रहने वाला था और सीकर में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा था। छात्र के पिता सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) कर्मी हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, परिवार के सदस्यों ने नगर निगम के अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और भारतीय दंड संहिता की धारा 304-ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने जैसी मांगों को लेकर उनका धरना जारी है।

### द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को लेकर शरीफ-कैसिस ने की चर्चा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने स्विस फेडरल काउंसिलर और स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस के साथ बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने को लेकर चर्चा की।

यह जानकारी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के कार्यालय ने दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि स्विस विदेश मंत्री संसद के तीन सदस्यों के साथ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर सात जुलाई से नौ जुलाई तक पाकिस्तान के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक बैठक के दौरान श्री शरीफ ने स्विट्जरलैंड के साथ संबंधों को पाकिस्तान द्वारा दिए जाने वाले उच्च महत्व को दोहराया।

# जलभराव से निपटने की तैयारियां पूरी हैं, रिकॉर्ड बारिश होने से आयी दिक्कत : डॉ. शैली ओबरॉय

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने जलभराव रोकने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए किशनगंज अंडर पास निरीक्षण किया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की जलभराव से निपटने की तैयारियां पूरी हैं। दिल्ली में रिकॉर्ड बारिश होने के कारण दिक्कत आयी है। एमसीडी के कर्मचारियों और अधिकारियों को रविवार को भी ड्यूटी पर आने के निर्देश दिए गए, ताकि जलभराव की समस्या को जल्द दूर किया जा सके। एमसीडी के सभी 12 जोन में कंट्रोल रूम बनाए गए, जो कि 24 घंटे काम कर रहे हैं। जलभराव की शिकायत मिलने पर तत्काल अस्थाई पंप लगाए जा रहे हैं। दिल्ली में जलभराव की समस्या आज की नहीं है। यह पिछले 20 सालों से बरकरार है।

दिल्ली वासियों को जलभराव की समस्या से? निजात दिलाने के लिए मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ग्राउंड जीरो पर उतरीं। इसके साथ ही दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी को रविवार को भी ड्यूटी पर आने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव की समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जा सके। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने सदर बाजार के किशनगंज अंडर पास का निरीक्षण किया। यहां पर एमसीडी की जलभराव से निपटने संबंधी तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली में शुक्रवार रात से लेकर शनिवार रात तक लगातार बारिश हुई। दिल्ली में 133 एमएम बारिश हुई है, जिसने पिछले 20 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है। मौसम विभाग ने भी बताया है कि इतनी बारिश 20 साल पहले 2003 में हुई थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम लोगों की समस्या का समाधान निकाल रही है। सभी अधिकारी और कर्मचारी आज रविवार के छुट्टी के दिन भी काम कर रहे हैं। सभी की छुट्टी निरस्त कर दी गई है। दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों ने शनिवार को भी सड़कों पर उतर कर रात 3 बजे तक काम किया। जहां जहां पर जलभराव था, वहां पर अस्थाई पंप भी लगाए गए। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली में होने वाली कुल बारिश की 15 फीसदी सिर्फ शनिवार को 12 घंटे में हो गई थी। दिल्ली नगर निगम की जलभराव से निपटने को लेकर पूरी तैयारियां है लेकिन इस बार रिकॉर्ड बारिश होने की वजह से जलभराव की दिक्कत सामने आयी।एमसीडी के सभी 12 जोन में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जो कि 24 घंटे काम कर रहे हैं। जहां से भी जलभराव की शिकायतें आ रही हैं, वहां पर तत्काल अस्थाई पंप लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में जलभराव की समस्या आज की नहीं है। यह पिछले 20 सालों से बरकरार है। इस समस्या को दूर करने के लिए मिलकर काम किया जा रहा है। दिल्ली की जनता को जल्द जल भराव की समस्या से राहत मिलेगी। दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम इस समस्या को दूर करने के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। दिल्ली को जलभराव से मुक्त करने के लिए हर कदम उठाया जाएगा।

एमसीडी के स्कूलों में की गई छुट्टी : दिल्ली में सोमवार को मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी देते हुए अलर्ट जारी किया है ऐसे में मेयर डॉ. शैली ओबरॉय के निर्देश पर निगम के स्कूलों में सोमवार को छुट्टी घोषित कर दी गई।

## केजरीवाल सरकार की बरसात में खोल कर रख दी है कलई : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं सांसद रमेश बिधूड़ी ने रविवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की पहली बारिश में ही केजरीवाल सरकार के सभी दावों के पोल खुल गई और सरकार द्वारा मानसून के लिए की गई तैयारियों की सच्चाई भी बाहर आ गई। दिल्ली भर में जलजमाव से लोगों का काफी नुकसान हुआ है। प्रदेश प्रवक्ता श्री प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश प्रवक्ता श्री हरीश खुराना भी उपस्थित थे।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा मंत्री सुश्री आतिशी दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था की बड़ी-बड़ी बातें करती हैं लेकिन उनके कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में एक स्कूल की दिवार गिरने के बाद उनके सभी दावों की पोल खुल गई।

# हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल है जाफराबाद का कावड़ कैंप : अनिल चौधरी

एनसीआर समाचार

### 29 साल से लग रहा है यहां पर शिविर




**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद के पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद, द्वारा आयोजित कावड़ यात्रियों के लिए सद्भावना शिविर का दौरा किया। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि क्षेत्र का मुस्लिम समुदाय एवं पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद, द्वारा पिछले 29 वर्षों से हरिद्वार से कठिन कावड़ यात्रा वापसी की के दौरान आराम के लिए कावड़ यात्रियों के स्वागत के लिए इस कावड़ शिविर का आयोजन करते है और इस प्रयास को क्षेत्र के सभी धार्मिक संप्रदायों के लोग का पूरे दिल से समर्थन मिला है। चौ. अनिल कुमार के अलावा कावड़ यात्रियों के लिए सद्भावना शिविर में प्रमुख लोगों में पूर्व विधायक चौ. मतीन अहमद, पूर्व विधायक वीर सिंह धिंगान, चौधरी जुबेर अहमद जिला कांग्रेस अध्यक्ष, डेली गेट सैयद नासिर जावेद और कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और समाज सेवक मौजूद थे। अनिल कुमार ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी धर्मों के त्योहारों को मनाना और उनका सम्मान करना कांग्रेस पार्टी का मूलमंत्र है क्योंकि कांग्रेस बिना किसी धार्मिक भेदभाव के सभी लोगों की एकता में विश्वास करती है। चौधरी मतीन अहमद ने कहा कि देश के हालात कैसे भी रहे हो लेकिन जाफराबाद के लोगों ने हमेशा भाईचारे को बढ़ावा दिया है।

# आनंद विहार में मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन का रास्ता साफ

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस परियोजना के तहत आनंद विहार में मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन का रास्ता साफ हो गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आनंद विहार और पटपड़गंज में एनसीआरटीसी को 11, 719 वर्ग मीटर भूमि के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना वर्ष 2020 से लंबित थी।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के लिए बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग को जमीन का हस्तांतरण एनसीआरटीसी को करना था। इस मंजूरी के बाद आनंद विहार इलाके में मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन का रास्ता साफ हो गया है। इससे यहां रेलवे स्टेशन एवं इसके आसपास जाम से मुक्ति मिलेगी एवं लोगों को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचने में आसानी होगी। इसके साथ ही पटपड़गंज में वेंटिलेशन शाफ्ट का भी निर्माण किया जा सकेगा।

एनसीआरटीसी ने 10 जून 2020 को पत्र लिखकर दिल्ली-मेरठ आरआरटीसी कॉरिडोर के लिए आनंद विहार में जमीन मांगी की थी, जिस पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन निर्माण होना है। यहां पर पहले से रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशन हैं। इसके साथ ही पटपड़गंज में वेंटिलेशन शाफ्ट के निर्माण के लिए भी उन्होंने जमीन मांगी थी। तीन साल बाद सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने 29 मई 2023 को उपराज्यापल के पास इससे संबंधित फाइल मंजूरी के लिए भेजी थी।

एनसीआरटीसी को आनंद विहार में ट्रंक ड्रेन-2 के किनारे कुछ अवधि के लिए 2297 वर्ग मीटर भूमि चाहिए, जहां निर्माण गतिविधियां की जाएंगी।

# लाडली वृक्षारोपण की शुरूआत बाबा दीपसिंह चौक से पौधे लगाकर करी : हरीश चन्द्र आज़ाद

(एजेंसी)



**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान ने आज लाडली वृक्षारोपण की शुरूआत बाबा दीपसिंह चौक व जनता कालोनी श्मशानघाट पर पौधे लगाकर की जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन जगजीत कौर ने की।

लाडली वृक्षारोपण के अंतगत 18 पौधे लगाये गये और अगले सप्ताह सैक्टर 10 डीएलएफ तथा सैक्टर 11 में करीब 50 पौधे चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा की अध्यक्षता में लगाये जायेगें। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद ने बताया कि आज सुबह से इतनी भारी बारिश हो रही थी लेकिन भारी बारिश भी लाडली वृक्षारोपण के कदमों को रोक नही सकी और आज हमने करीब 18 पौधे लगाये तथा पौधे लगाने के बाद उनके आस-पास बड़े पत्थर रखे ताकि बारिश उनको खराब न कर सके। उन्होंने बताया हमारी संस्था के द्वारा इस माह जगह-जगह पौधे लगाये जायेंगे तथा इन पौधों की देखभाल हम बेटियों की तरह करेगें क्योंकि दोनों के बिना सृष्टि की रचना असंभव है। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा व शीतल लूथरा ने कहा कि पेड़-पौधे शहर को सुन्दर भी रखते हैं और वातावरण को स्वच्छ बनाते है और यही वातावरण हमारे जीवन को स्वस्थ्य रखता है इसलिये प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने चाहियें तथा बरसात के मौसम में पेड़ लगाने बहुत जरूरी हैं क्योंकि इस मौसम के लगाये पौधे वृक्ष का रूप जल्द धारण कर लेते हैं। चेयरमैन जगजीत कौर ने कहा कि धरा को हरा रखना मनुष्य जीवन को खुशहाल रखने के सम्मान है। उन्होंने सरकार से भी अपील करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में बहुत संस्थायें पेड़-पौधे लगाती है अब नगर निगम का दायित्व बन जाता है कि इस मौसम में जहाँ-जहाँ सड़कों के किनारों पर वृक्ष लगाये हों उनको जानवरों से बचाने के लिये ट्री गार्ड लगायें ताकि नये लगाये गए पौधे वृक्ष बन सकें। इस मौके पर चेयरमैन जगजीत कौर, वासुदेव अरोड़ा व शीतल लूथरा, राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद, कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह, समाजसेवी त्रिलोक गुलयानी, निर्मल कौर व हरवीन कौर पन्नू उपस्थित थे।

## मामूली विवाद में युवक ने की पत्नी की हत्या, बेइज्जती का बदला लेने के लिए ले ली नौजवान की जान

नई दिल्ली (एजेंसी)

केएन काटजू मार्ग इलाके में शुक्रवार रात मामूली बात पर हुए विवाद में एक युवक ने पत्नी की चाकू गोदकर हत्या कर दी। घटना के समय उसके चार बच्चे वहीं मौजूद थे। बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पहुंचे और आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृत महिला की पहचान मूल रूप से पश्चिम बंगाल की पिंकी (28) के रूप में हुई है। पिंकी अपने पति अकबर, तीन बेटों और एक बेटी के साथ बंगाली कॉलोनी इलाके में रहती थी। अकबर दिल्ली में कूड़ा बिनने का काम करता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात नौ बजे पुलिस को बंगाली कॉलोनी में एक महिला पर चाकू से हमला करने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि महिला खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़ी है। पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि आरोपी नशे का आदी है। उसका अकसर पत्नी से किसी ने किसी बात पर झगड़ा होता था। शुक्रवार रात भी अकबर घर आकर पत्नी के साथ किसी बात कर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हाथापाई शुरू कर दी। फिर पास ही पड़े चाकू को उठाकर पत्नी के पेट और गर्दन पर हमला कर दिया। चाकू लगते ही पिंकी अचेत होकर गिर गई। एक दूसरे घटनाक्रम में पता चला है कि सराय रोहिल्ला इलाके में बेइज्जती का बदला लेने के लिए युवक कमल की चाकू घोंपकर हत्या की गई थी।

## दिल्ली बना झीलों का शहर : गुरमीत सूरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल नें घोषणा की थी राजधानी दिल्ली को झीलों का शहर बनाया जाएगा और कई स्थानों पर झील विकसित की जाएगी। राजधानी में मानसून की पहली बरसात नें ही उनकी मंशा पूरी कर दी और प्रशाशन की विफलता के चलते दिल्ली एक विशाल झील में बदल गई। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश सिख प्रकोष्ठ के सह-प्रभारी गुरमीत सिंह सूरा का। गुरमीत सिंह सूरा कहते हैं नालों की सफाई केवल कागजों में ही की गई और इस मद के लिए आवंटित बजट को नगर निगम तथा दिल्ली सरकार के बाढ़ एवं नियन्त्रण विभाग सहित अन्य विभाग के अभियंता डकार गए। जिसकी जांच होनी चाहिए। गुरमीत सूरा कहते है दिल्ली का नया नाम अब "झील-गांव" होगा।

# गुरुग्राम बिजली पेंशनरों ने की माँसिक मीटिंग

(एजेंसी)



**गुरुग्राम।** हरियाणा बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन गुरुग्राम की मासिक मीटिंग सतीश खट्टर सेवानिवृत् सीए की अध्यक्षता में महरौली रोड स्थित बिजली निगम के विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक का सफल मंच संचालन यूनिट संरक्षक श्री रतन लाल गुप्ता के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पिछले दिनों बिजली परिवार के दिवंगत हुए परम पुण्य आत्माओ जिनमें ज्ञान देवी सेठी धर्मपत्नी सुरेंद्र सेठी के लिए खड़े होकर परमपिता परमात्मा से प्रार्थना स्वरूप दो मिनट मौन धारण करके श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यूनिट ऑर्गेनाइजर एवं प्रेस प्रवक्ता बनवारी लाल शर्मा ने अपने संबोधन में एसोसिएशन की कार्यशैली एवं केंद्रीय परिषद की सरकार एवं निगम मैनेजमेंट से हुई वार्ता के बारे में सभी आगंतुक पेंशनरों को विस्तार से अवगत कराया तथा तमाम लंबित मांगों के संबंध में आगंतुक बिजली पेंशनरों मे सरकार एवं निगम मैनेजमेंट के प्रति भारी नाराजगी एवं रोष है श्री शर्मा ने सरकार एवं निगम मैनेजमेंट को आगाह किया कि लंबित सभी मांगों को जल्दी से जल्दी क्रियान्वित कर के पेंशनरों को राहत प्रदान करें। आज की बैठक को एसोसिएशन के संरक्षक श्री रतन लाल गुप्ता एवं चंद्रपाल शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, यूनिट प्रधान राजन शर्मा तथा रिटायर्ड पेंशनर कर्मचारी संघ गुरुग्राम से आए हुए साथी राजेंद्र सिंह अहलावत, विक्रम सिंह यादव, तेजराम सैनी तथा देशराज यादव आदि ने भी अपने अपने विचार रखे. सभी ने अपने अपने संबोधन में संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के पेंशनरों की लंबित मांगों जिनमें 65-70 75 में पांच परसेंट पेंशन बढ़ोतरी करना, कैशलैस मेडिकल सुविधा चालू करना, फैमिली पेंशनर को भी एलटीसी की सुविधा देना, कंप्यूटेशन पीरियड 12 वर्ष करना, कार्यरत कर्मियों के समान फ्री बिजली यूनिट देना, (एनपीएस) पुरानी पेंशन स्कीम लागू करना आदि के बारे में आगंतुक सभी पेंशनर साथियों को विस्तार से अवगत कराया तथा आगामी आने वाले चुनाव को देखते हुए सरकार को चेतावनी दी की पेंशनरों की उपरोक्त सभी मांगों को जल्दी से जल्दी पूरा किया जाये।

आज की माँसिक मीटिंग में बारिश एवं मौसम खराब होने के बावजूद काफी बिजली पेंशनर साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिनमें सर्वश्री रतन लाल गुप्ता, चंद्रपाल शर्मा, राजन शर्मा, शिवलाल गुप्ता, बनवारी लाल शर्मा, अरविंद कुमार, लालचंद यादव, हरीश अरोड़ा, राम किशन बांगिया, पी डी कटारिया, चरण सिंह, सुरजीत कुमार, राजेंद्र प्रसाद सैनी, मेहर चंद शर्मा, भीम शंकर, दुर्गा प्रसाद शर्मा, वासुदेव गुप्ता, लालचंद यादव, चरण सिंह, मेहर चंद शर्मा, अरविंद कुमार, रतन सिंह, सतीश खट्टर, ओम प्रकाश, सुखबीर सिंह, प्रभु दयाल कटारिया, राजकुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, साधु राम, हजारी सिंह, आनंद मणि, रामू राम, शिवलाल गुप्ता एवं रिटायर्ड कर्मचारी संगठन गुरुग्राम के पदाधिकारी राजेंद्र सिंह अहलावत, विक्रम सिंह यादव, तेजराम सैनी, देशराज यादव एवं काफी बिजली पेंशनरों ने भाग लिया।

अंत में मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे सतीश खट्टर सीए के संबोधन तथा भीम शंकर पूर्व जूनियर इंजीनियर के जन्मोत्सव पर माला पहना कर एसोसिएशन के द्वारा सम्मान एवं जलपान के साथ जुलाई महीने की मासिक बैठक का समापन हुआ।

## एक नजर

### बारिश में डूबी दिल्ली, मंत्रियों को जमीन पर उतरने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार और रविवार सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने मंत्रियों-मेयर को जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंत्रियों और अफसरों को जमीन पर उतरकर समस्याओं का सामाधान करने को कहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि- कल दिल्ली में 126 मिमी बारिश हुई। मॉनसून सीजन की टोटल बारिश का 15 प्रतिशत मात्र 12 घंटे में बरसा। लोग जल भराव से काफी परेशान हुए। आज दिल्ली के सभी मंत्री और मेयर समस्याग्रस्त इलाकों का इंस्पेक्शन करेंगे। सभी विभागों के अफसरों की रविवार की छुट्टी कैंसिल करके ग्राउंड पर उतरने के निर्देश दिए हैं।

### शिक्षा संबंधी शिकायतों का जल्द निपटान होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में सभी जिलों और शाखा के उप शिक्षा निदेशकों के साथ लंबित शिकायतों के निपटान को लेकर एक बैठक हुई थी। इसमें सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण और दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित दूसरे वैधानिक आयोग से ऑनलाइन पोर्टल पर मिलने वाली शिक्षा संबंधी शिकायतों का अब समयबद्ध निपटान किया जाए। साथ ही शिकायत मिलने पर 15 दिन के अंदर जवाब भी देना होगा। अगर कोई शिकायत 30 दिन से अधिक लंबित रहती है तो अधिकारी उस पर विशेष ध्यान देंगे।

### भारतीय पासपोर्ट पर साउथ कोरिया गए दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से दो बांग्लादेशी नागरिकों को फजीर्वाड़ा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी भारतीय पासपोर्ट पर साउथ कोरिया चले गए थे। वहां से लौटने पर जब इमिग्रेशन ने उनकी जांच की तो फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। दोनों ने भारतीय आधार कार्ड, पेन कार्ड और पासपोर्ट फर्जी तरीके से बनवा लिए थे। साउथ कोरिया से आईजीआई एयरपोर्ट आए दो युवकों ने इमिग्रेशन में क्लीयरेंस के लिए आवेदन किया। जब अधिकारी ने इनके दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि दोनों ने अपने जन्म स्थान पश्चिम बंगाल एवं त्रिपुरा बताए हैं, लेकिन पासपोर्ट पूणे से बने हुए हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह बांग्लादेश के रहने वाले हैं। भारत आकर उन्होंने एजेंट के माध्यम से भारतीय पासपोर्ट बनवाया। इसके लिए पहले उनका पेन कार्ड और आधार कार्ड बनवाया गया। यह दस्तावेज इमिग्रेशन विभाग ने जब्त कर दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि किस तरह से उन्होंने यह फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। पुलिस फिलहाल इन दस्तावेजों को तैयार करने वाले आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। इसके साथ ही उनके बांग्लादेशी दस्तावेजों की भी जांच करवाई जा रही है।

### बीटेक के छात्र ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली आईआईटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्र ने शनिवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक आयुष आशना आईआईटी के उदयगिरी हॉस्टल में रहता था। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि 20 वर्षीय आयुष आशना मूलतः उत्तर प्रदेश के बरेली का रहने वाला था। वह आईआईटी के उदयगिरी हॉस्टल रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसने पिछले दिनों ही बीटेक अंतिम वर्ष की परीक्षा दी थी। छात्र ने नायलॉन की रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली। फिलहाल मौके पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की धाराओं में मामला दर्ज कर परिजन को सूचना दे दी है। आत्महत्या के कारणों को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

### डिलीवरी बॉय से बर्गर और नकदी लूटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारका साउथ में बदमाशों ने जोमैटो के डिलीवरी बॉय से बर्गर लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने पिटाई कर नकदी भी छीन ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, उत्तम नगर निवासी दीपक सिंह को शुक्रवार रात बागडौला गांव से बर्गर का ऑर्डर मिला। वह पैसिफिक मॉल से बर्गर लेने के बाद रात करीब 11:30 बजे गांव की ओर जा रहा था। कुछ दूर जाते ही बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर सवार दो युवकों ने बाइक को ओवरटेक कर रोका और बर्गर का पैकेट छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने दीपक की पिटाई कर दी। इसके बाद जेब से 1700 रुपये भी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने दीपक के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि बदमाशों की स्कूटी पर राव लिखा हुआ था। एक बदमाश दूसरे को अंकित नाम से बुला रहा था। पीड़ित के बताए हुलिए और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### दिव्यांग जनों को निशुल्क उपकरण वितरित किए


**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय विकलांग जनसंस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, पूर्वांचल विचार मंच एवम भारतीय विकलांग विधवा वृद्धा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में एडीआईपी योजना के अन्तर्गत ट्राईसाइकिल, वैशाखी, कुष्ठ रोगियों को मोबाइल फोन लेप्रोसी किट आदि का निशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में 36 दिव्यांग जनो को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर दीन दयाल संस्थान की ओर से प्रोफेसर जी पांडियन, तपस, मानस, डॉ. राकेश रमण झा, अध्यक्ष, पूर्वांचल विचार मंच, अ भा वि वि वृ से स के अध्यक्ष सुनहरी लाल यादव, शशि किरन झा, कविता यादव, अमित यादव, रविन्द्र सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लाभार्थियों ने बतलाया कि इन उपकरणों के माध्यम से उनके जीवन में एक नए सवेरे का आगाज हुआ है और उनके जीवन को एक नई दिशा मिली है। एक जगह से दूसरी ओर जाने के लिए अब उन्हें किसी अन्य व्यक्ति का मुंह नहीं जोहना पड़ेगा। उनकी आर्थिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

### दिल्ली दंगा मामला : जिंदा जलाने के मामले में छह लोगों के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान एक व्यक्ति पर कथित रूप से नृशंस हमला करने और उसे जिंदा जलाने के मामले में छह लोगों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। कड़कड़डूमा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला की अदालत ने अमन, विक्रम, राहुल शर्मा, रवि शर्मा, दिनेश शर्मा और रंजीत राणा के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश दिए हैं। इन सभी पर 25 फरवरी 2020 को एक व्यक्ति को जिंदा जलाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा होने का आरोप है। ये घटना मुख्य खजूरी पुस्ता रोड की है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि पीड़ित की खोपड़ी का एक टुकड़ा और कुछ हड्डियां मिली थीं। ऐसे में उसके पिता के डीएनए नमूने से मिलान कर उसकी पहचान की गई।

# पहाड़ों में हो रही बारिश से रामगंगा का बढ़ा जलस्तर

एनसीआर समाचार



**मुरादाबाद।** उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही बारिश का असर मैदानी इलाकों पर पड़ रहा है। इसके कारण मुरादाबाद जनपद से गुजरने वाले कोसी नदी का जलस्तर बढ़ गया है और रामगंगा के तटवर्ती व खादर क्षेत्र में बसे करीब 15 से 16 गांवों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं।

नदियों में जलस्तर बढ़ने से जहां एक ओर हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई हैं वहीं दूसरी ओर 15-16 गांवों का जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कोसी नदी के बाद रविवार को रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से पानी गांवों में प्रवेश कर गया है। रामगंगा के तटवर्ती व खादर क्षेत्र में बसे करीब 15-16 गांवों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। सड़कों और खेतों में जलभराव होने से फसल नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई है।

ढेला नदी में जल प्रवाह तेज हो जाने के बाद से काशीपुर मार्ग पर इस्लाम नगर और काफियाबाद इलाके में पानी सड़क के ऊपर से से गुजर रहा है, जिसके चलते लोगों को आवाजाही और पशुओं को चारा लाने जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नदी के तटवर्ती गांवों के लोग रामगंगा को पार करके सुरक्षित स्थानों पर जाने को मजबूर हैं। रामपुर दोराहा स्थित रेलवे के अंडरपास में जलभराव होने के कारण यातायात बंद हो गया है।

पहाड़ों के साथ साथ पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी रुक रुककर हो रही लगातार बारिश से भी रामगंगा जैसी नदियों में भी जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। रविवार सुबह रामगंगा के किनारे बसे गांव इस्लाम नगर आदि में सड़कों पर पानी भर गया। खेतों में घुसने के बाद रामगंगा का पानी लोगों के घरों में घुस गया है। इसके अलवा डिलारी ब्लाक के गांव मलकपुर सेमली, आलियाबाद, चंद्रपुरा, सुल्तानपुर, रहटामाफी, सिहाली खद्दर, काजीपुरा, मुस्तफापुर, चटकाली, सलेम सराय आदि गांवों भी जलभराव की समस्या से अछूते नहीं हैं। रामगंगा का पानी खेतों में घुस गया है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर और बड़ा तो चटकाली गांव के पास संपर्क मार्ग टूटने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जलभराव से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। पशुओं को चारा लाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि पिछले दस पंद्रह वर्षों से भी अधिक समय से स्थानीय लोगों द्वारा पुल निर्माण की मांग पर जनप्रतिनिधियों द्वारा आबादी के पास तटबंध बनाने के बार बार वायदे जरुर किए गए लेकिन नतीजा सिफर रहा। इतना ही नहीं बाढखंड विभाग से भी इस बाबत बार बार अनुरोध किया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सैकड़ों किसानों की फसलें तबाही के कगार पर हैं।

वर्ष 2010 में पर्वतीय क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश की वजह से मुरादाबाद की रामगंगा विहार, ज़िगर कालोनी, सिविल लाइंस इलाके के मकानों के सामने गलियों में पानी भर गया था।

अब ढेला नदी में उफान से भोजपुर क्षेत्र के अहमदपुर, आनंदपुर, बसावन पुर, गनीमत नगर, उर्फ सिहाली, अक्का, शाहपुर, खईया खादर, घोसीपुरा, इस्लामनगर, मंसूरपुर, मकसूदपुर, पीपलसाना, रूस्तमपुर तिगरी, महमूदपुर तिगरी, तिरलोकपुर का मजरा, रूपपुर बहादुरपुर आदि गांवों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। रविवार को ढेला का पानी रामपुर दोराहे के नजदीक बने रेलवे अंडरपास में भी घुस गया। सेहल गांव में पानी सड़क पार करके ताजपुर की तरफ बहने से कई गांव जलमग्न हो गए।

## हिंडन नदी में अचानक जल स्तर बढने से फंसी बस के यात्री बाल-बाल बचे

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के सुंदरपुर-शाकुंभरी रोड स्थित हिंडन नदी में रविवार की शाम अचानक बहाव बढ जाने में फंसी बस के यात्री बाल-बाल बच गये।

प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार देर शाम सवारियों को लेकर सुंदरपुर-शाकुंभरी मार्ग से बेहट जा रही प्राइवेट बस हिंडन नदी के तेज बहाव के बीच जाकर बंद हो गई इस दौरान नदी में पानी देखकर बस सवार यात्रियों की डर के मारे सांसे थमी रह गई नदी किनारे पानी कम होने का इंतजार कर रहे लोगों ने बामुश्किल बस सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम करीब छह बजे बिहारीगढ़ से बेहट के लिए एक यात्री बस सवारी लेकर जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस चालक बाकरपुर निवासी सोनू जैसे ही हिन्डन नदी के बीच बस लेकर पहुंचा तो नदी में अचानक पानी का जलस्तर बढ़ गया और बस नदी के बीच जाकर बंद हो गई।

# ज्योति मौर्य मामले में नया मोड़

## पति आलोक की बढ़ीं मुश्किलें ! अब शादी को लेकर हुआ ये खुलासा

एनसीआर समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में तैनात उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ज्योति मौर्य और उनके पति आलोक मौर्य का प्रकरण इन दिनों सुर्खियों में है। ज्योति मौर्य और उनके पति आलोक मौर्य के पारिवारक विवाद के मामले में धूमनगंज थाने में आलोक मौर्य का बयान जल्द दर्ज किया जाएगा। ज्योति मौर्य ने अपने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में ज्योति और उनके मायके वालों का बयान दर्ज किया जा चुका है। पुलिस अब आलोक मौर्य और नामजद अन्य लोगों का बयान दर्ज करेगी। बरेली में तैनात एसडीएम ज्योति मौर्य और उनके पति आलोक मौर्य का विवाद सोशल मीडिया में छाया हुआ है।

लोग तरह-तरह के मीम्स और पोस्ट वायरल कर ज्योति मौर्य को टारगेट कर रहे हैं। ज्योति मौर्य ने धूमनगंज थाने में पति आलोक और उनके भाइयों और भाभी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में ज्योति मौर्य का बयान दर्ज किया जा चुका है, जबकि दूसरे पक्ष से उनके पति और अन्य नामजद लोगों का बयान दर्ज होना बाकी है।

धूमनगंज कोतवाली के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि जल्द ही आलोक मौर्य और अन्य नामजद आरोपियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। मामले की विवेचना की जा रही है।

बरेली में तैनात महिला पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के पति आलोक मौर्या ने होमगार्ड मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी का गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अफेयर चल रहा है और दोनों उनकी हत्या कराने की साजिश रच रहे हैं। उनकी शिकायत पर डीजी होमगार्ड वीके मौर्या ने प्रयागराज के डिप्टी कमांडेंट जनरल संतोष कुमार को जांच सौंपी है।

अधिकारियों के मुताबिक कमांडेंट मनीष कुमार का पहले भी कई महिलाओं के साथ अफेयर के प्रकरण सामने आ चुके हैं। पीसीएस ज्योति मौर्या के पति प्रयागराज के निवासी हैं और पंचायतीराज विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। शादी के बाद ज्योति मौर्या का पीसीएस में चयन हुआ था। उनके पति ने अपनी शिकायत में कमांडेंट मनीष दुबे पर तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं।

## विवाद के बाद पहले पत्नी फिर पति ने खाया जहर, अरविंद बोला- अब मेरे बच्चों का ख्याल रखना

झांसी (एजेंसी)

शुक्रवार की रात को बर्थडे पार्टी से लौटे पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इस झगड़े के बाद पहले पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी और तीन घंटे बाद पति ने भी जहर खाकर खुदकुशी कर ली। दोनों ने दस साल पहले प्रेम विवाह किया था। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच विवाद की वजह दिल्ली का एक युवक था जिससे महिला की दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। वह उससे फोन पर भी बात करती थी जिस पर युवक एतराज जताता था। थाना बड़ागांव के पारीछा कस्बे के स्टेशन रोड गली नंबर छह निवासी अरविंद रायकवार (33) जेसीबी चलाता था। दस साल पहले उसने अपने बड़े भाई की साली राजेंद्री (31) से लव मैरिज की थी। दोनों के एक बेटी राधा (9) और बेटा डुग्गू (7) है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम पर राजेंद्री की जान-पहचान दिल्ली निवासी एक युवक से हुई थी। दोनों अक्सर चैटिंग तो करते ही थे मोबाइल पर भी बात होने लगी थी। अरविंद इसे लेकर कई दफा नाराजगी जता चुका था। उसने राजेंद्री को टोका भी लेकिन, राजेंद्री उसकी बातों को अनसुना करती रही। इस बात पर अक्सर पति-पत्नी में झगड़ा होता था।

पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को अरविंद के मामा के घर बर्थडे पार्टी थी। अरविंद अपनी पत्नी राजेंद्री एवं बच्चों को लेकर वहां गया था। पार्टी के दौरान भी राजेंद्री उस युवक से फोन पर बात कर रही थी। यह देख अरविंद भड़क गया। सबके सामने ही उसने राजेंद्री को फटकार दिया। नाराज होकर राजेंद्री पार्टी छोड़ घर लौट आई। घर आकर फिर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसी दौरान राजेंद्री ने जहरीला पदार्थ निगल लिया।


## छह करोड़ की पकड़ी गईं दवाएं, बाहर शहनाई, कक्ष में पढ़ाई..., अंदर बनाते थे नकली दवाई

आगरा (एजेंसी)

आगरा में नारकोटिक्स और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में नकली दवाओं के बड़े खेल का खुलासा हुआ है। आसपास के लोगों ने बताया कि देर रात तक ट्रक और लोडिंग टेंपो आते थे। उन्हें इस बात की भनक भी नहीं थी कि यहां नकली दवाएं बनाई जा रही हैं। आगरा में नकली दवा की फैक्टरी चलाने के लिए दवा माफिया ने मुफीद स्थान तलाशा था। फैक्टरी परिसर के बाहरी ओर श्रीराधाकृष्ण एजुकेशन इंस्टीट्यूट और पाराशर गार्डन (मैरिज होम) चल रहा था। इंस्टीट्यूट में पढ़ाई और मैरिज हॉल में शहनाई बजती थी। इसकी आड़ में माफिया अंदर नकली दवाएं बनाते थे। पुलिस ने बताया कि बाहर से पता ही नहीं चलता था कि अंदर नकली दवा बनाने की फैक्टरी है। इंस्टीट्यूट में बच्चे पढ़ने आते थे। मैरिज हॉल में शादी-समारोह होते थे। आसपास के लोगों से पता चला कि कई बार लोडिंग टेंपो और ड्रम समेत अन्य सामान लेकर ट्रक भी आते थे। मैरिज हॉल और कॉलेज का सामान समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता था। पुलिस ने बताया कि एएनटीएफ के सीओ इरफान नासिर से आगरा में नकली टैबलेट और कफ सिरप बनाने की जानकारी 30 दिन पहले मिली थी। इस पर टीम ने इनकी रेकी शुरू की। मुखबिर से सूचना मिली कि आगरा कैंट स्टेशन से पार्सल से दवाओं को देश भर में खपाया जा रहा है। इस पर संयुक्त टीम बनाकर छापा मारकर फैक्टरी पकड़ी गई। आगरा नकली, एक्सपायर्ड दवाएं, सरकारी दवाएं, गर्भपात किट, नशे के लिए दवाओं की कालाबाजारी का मुख्य ठिकाना बना है। यहां बीते 7 साल में करीब 230 करोड़ रुपये की दवाएं जब्त की जा चुकी हैं। यहां से तीन अंतरराज्यीय गैंग पकड़े जा चुके हैं।

# समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य इंद्रजीत सिंह यादव का निधन

**जालौन, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य इंद्रजीत सिंह यादव का निधन हो गया है। वह 85 साल के थे। पारिवारिक सूत्रों से आज मिली जानकारी के अनुसार सपा नेता इंद्रजीत सिंह यादव ने उरई के सूर्य नगर स्थित अपनी पैतृक आवास पर शनिवार देर रात उनका निधन हो गया। इंद्रजीत सिंह यादव कोरोना के बाद से ही बीमारी से जूझ रहे थे। वह 15 वर्षों तक जालौन जनपद के जिलाध्यक्ष की कमान संभालने वाले बुंदेलखंड के गांधीवादी नेता थे। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।



15 सालों तक जिलाध्यक्ष पद पर बने रहे इंद्रजीत सिंह

बता दें कि 15 वर्षों तक लगातार जिलाध्यक्ष रहे इंद्रजीत सिंह यादव प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के संस्थापक रहे। वह मुलायम सिंह यादव के बेहद खास माने जाते थे। जब जनता दल बना, तब मुलायम सिंह यादव ने उन्हें 1980 में जनता दल का जिलाध्यक्ष बनाया था और 6 अक्टूबर 1992 में समाजवादी पार्टी का गठन होने के बाद उन्हें संस्थापक सदस्य के साथ-साथ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके बाद वह लगातार 15 साल तक समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे। समाजवाद के इस सच्चे सपूत की सरलता और सादगी के जीवंत उदाहरण के रूप में मिसाल दी जाती थी। कोई बूढ़ा हो जवान उन्हे हर कोई ह्यह्य भाई साहब" ही कहकर पुकारता था। भाई साहब के राजनीतिक सफर की बात करें तो सरलता सादगी के प्रतीक इंद्रजीत सिंह यादव वर्ष 1980 तक कांग्रेस कमेटी जालौन के अध्यक्ष रहे।

पार्टी ने सुरेश पालीवाल को उरई विधानसभा से टिकट दिया तो उनका मन खिन्न हुआ और वह लोकदल का दामन थाम बैठे। फिर उन्होंने कांग्रेस की तरफ मुड़कर नहीं देखा वह समाजवाद की अलख जगाते रहे। मित्रता के मामले मे उनका कोई सानी नहीं रहा। विचारधाराएं चाहें अलग रही पर पूर्व मंत्री स्व चौ शंकर सिंह, स्व. बाबूराम एमकॉम की जोड़ी साथ रही लेकिन विचारधारा दोस्ती मे कभी आडे नही आयी। वैसे भाई साहब की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं ज्यादा नहीं रही फिर भी पार्टी ने उन्हें जिले मे 15 वर्ष सपा का जिलाध्यक्ष बनाये रखा। भाईसाहब ने उरई को मेडिकल कॉलेज व जोल्हूपुर कदौरा की सड़क का तोहफा दिया।

# 20 सपाइयों ने छोड़ी पार्टी की आजीवन सदस्यता और सभी पद

**भदोही, एजेंसी।** बीहड़ों के जंगल से दस्यू सुंदरी फूलन देवी को निकालकर संसद भेजने वाले उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में रविवार को एक बड़ी राजनीतिक उठापटक के तहत समाजवादी पार्टी युवजन सभा के पूर्व जिला सचिव, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष, जिला सचिव अमजद अहमद सहित 20 लोगों ने समाजवादी पार्टी के आजीवन सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

कभी समाजवादी पार्टी का गढ़ माने जाने वाले भदोही जिले में अब पार्टी की जड़ें हिलती हुई साफ नजर आने लगी हैं, 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भदोही जिले में सपाईयों का पार्टी छोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। बीते निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी को भदोही जिले में करारी हार का मुंह देखना पड़ा। निकाय चुनाव में भी कईयों ने सपा को अलविदा कह दिया था।

भदोही शहर के हरिरामपुर समाजवादी पार्टी के कैम्प कार्यालय पर आज प्रेसवार्ता करते हुए अमजद अहमद ने योगी मॉडल की तारीफ कर अपने 20 सपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सिर्फ मुसलमानों को तेजपत्ते की तरह इस्तेमाल कर फेंक देती है। समाजवादी पार्टी मुसलमानों के दिलों में नफरत व भाजपा के प्रति भय पैदा कर सियासत कर रही है जबकि आज तक मुसलमानों का भला समाजवादी पार्टी में कभी नहीं हुआ।

योगी सरकार ने भदोही जिले में दो हजार गरीब ऐसे मुस्लिम परिवारों को आवासीय योजना से लाभान्वित किया, जिनके परिवार की महिलाएं बारिश में तिरपाल, छाते के नीचे खाना बनाती थी और पर्दानशीं मुस्लिम महिलाएं खेत खलिहान खुले मैदान में खुले में शौच जाती थी लेकिन अब हर मुस्लिम परिवार के घर स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बन गये। यह सपा की नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की देन है। भदोही जनपद समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। वर्ष 1996 में भदोही मिजार्पुर संसदीय क्षेत्र से भदोही की जनता ने चम्बल की बीहड़ से निकलकर आयी फूलन देवी को समाजवादी पार्टी के टिकट पर जिताकर संसद भेजा था लेकिन अब नेताजी मुलायम सिंह यादव वाली सपा नहीं रह गई।

# लोकसभा चुनाव में बीजेपी आईटी सेल की बड़ी तैयारी, इजाद किया प्रचार का अनूठा तरीका

संभल (एजेंसी)



अब जमाना न पोस्टर का है न फ्लैक्स का। परिवर्तन का दौर है। हर हाथ में मोबाइल और इसमें इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म। इसका बेहतर उपयोग तो भाजपा पहले से ही करती चली आई है लेकिन अब इन इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से सीधे जुड़ने वालों से उनका सीधा संपर्क होने वाला है। इसके लिए बूथ स्तर पर कमेटियों को सक्रिय कर दिया गया है। अब यह कमेटी विधानसभा क्षेत्र वार संभ्रांत लोग, व्यापारी, डॉक्टर, किसान और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होने वालों की सूची बनाकर अपने लोकसभा प्रभारी सौंपेंगे। इसके जरिए भाजपा की आईटी टीम विभिन्न ग्रूप के जरिए न केवल उन्हें जोड़ेगी बल्कि सरकार की योजनाओं की जानकारी भी देगी। काफी हद तक इससे लोकसभा चुनाव की जनसंपर्क की प्रक्रिया उसके लिए आसान भी हो जाएगी। बीते दिनों भाजपा की बैठक में भी इसी रणनीति को मूर्त रूप देने का काम किया गया। लंबी चौड़ी बात चली। रणनीति बनी। क्रियान्वित करने का तरीका बताया गया। हर किसी से कैसे जुड़ना है इसके टिप्स दिए गए। भाजपा ने अपनी कमेटियों के जरिए ग्राम पंचायतों की सूची, प्रभावी व्यक्तियों की सूची, प्रभावशाली किसानों की सूची, शिक्षण संस्थानों की सूची, प्रभावी व्यापारियों की सूची हर विधानसभा वार तैयार करा रही है। इसके पीछे मंशा है कि हर किसी तक भाजपा की सीधे पैठ हो। अब मोबाइल नंबर कैसे मिलेगा इस सवाल का जवाब भी ढूंढ लिया गया है। बड़े लोगों की सूची तो मिल जाएगी लेकिन निम्न मध्यम वर्गीय या अन्य की कैसे। इस पर बताया गया कि लोकसभा क्षेत्र में कोई भी गांव ऐसा नहीं है जहां सरकारी योजनाओं के लाभान्वित न मिले।

## एक नजर

### राष्ट्रवाद के नाम पर लोगों को बांटना चाहती है भाजपा : बृजलाल

**जौनपुर, एजेंसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राष्ट्रवाद का कथित नारा देकर आमजन को भाजपा बांटना चाह रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नीति सरकार का जाना तय है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रविवार को कलेक्ट्रेट के पास स्थित काशीराम सामुदायिक भवन में संविधान बचाओ संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज संविधान के कुछ बिंदुओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। गरीब, मजदूर और किसानों की आवाजों को बंद करने के लिये तरह-तरह का हथकंडा अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिये कांग्रेस सभी प्रदेशों में बड़ा जन आंदोलन कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता भाजपा की गलत नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में लगे हैं।

पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव जीतने के लिये बूथ स्तर पर अभी से तैयारी शुरू कर दें।इस अवसर पर वाराणसी के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, पूर्व विधायक नदीम जावेद, देवव्रत मिश्रा, जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज, राजेश सिंह, राकेश मिश्रा उर्फ मंगला गुरू, विशाल सिंह हुकूम समेत तमाम पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### संपत्ति के विवाद को लेकर बुजुर्ग दंपति की हत्या

**कानपुर (उप्र), एजेंसी।** कानपुर देहात जिले के मंगलपुर क्षेत्र में संपत्ति के विवाद को लेकर रविवार तड़के एक बुजुर्ग दंपती की कथित तौर पर लकड़ी के टुकड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (कानपुर देहात) राजेश कुमार पांडे ने संवाददाताओं को बताया कि चिरखिरी गांव में राम प्रकाश विश्कर्मा (70) और उनकी पत्नी मालती (68) के शव उनके घर में बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इस मामले में विश्वकर्मा के चचेरे बड़े भाई मोहन लाल विश्वकर्मा (73) को गिरफ्तार किया गया। एएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान मोहन लाल ने अपना अपराध कबूल कर लिया और दावा किया कि संपत्ति विवाद को लेकर शराब के नशे में उसने अपने भाई और भाभी की लकड़ी के भारी टुकड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी। बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस महानिदेशक (कानपुर जोन) आलोक सिंह और क्षेत्रीय पुलिस महानरीक्षक प्रशांत कुमार ने भी घटनास्थल का दौरा किया।

### अखिलेश ने जालौन के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह यादव के निधन पर जताया दु:ख

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी जालौन के पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह यादव के निधन पर आज गहरा दुःख व्यक्त किया।

अपने शोक संदेश में अखिलेश ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

श्री यादव ने कहा कि श्री इन्द्रजीत सिंह यादव हमेशा पार्टी के प्रति समर्पित रहे। उनके निधन से पार्टी और परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक इंद्रजीत सिंह यादव का शनिवार देर रात जालौन स्थित उनके पैतृक निवास पर ही निधन हो गया था। वह लंबे समय से बीमारी से ग्रसित थे। आम जन के बीच बेहद लोकप्रिय रहे इंद्रजीत सिंह लोगों के बीच भाईसाहब के नाम से मशहूर थे। वह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष रहे मुलायम सिंह यादव के बहुत नजदीकी माने जाते थे। उन्होंने उरई को मेडिकल कालेज व जोल्हूपुर कदौरा की सड़क का तोहफा दिया।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिला की मौत

**संभल, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में संभल जिले के बहजोई क्षेत्र में रविवार को खेत पर काम कर रही एक महिला की आकाशीय बिजली से मौत हो गई। थाना बहजोई के अंतर्गत के ग्राम केशोपुर रसैंटा निवासी दिनेश की पत्नी मंगो देवी(47वर्ष) आज दोपहर के समय अपने बेटे भुवनेश कुमार के साथ खेत में धान की पौध उखाड़ रही थी, इसी दौरान तेज बारिश होने लगी और आकाशीय बिजली गिरी। आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से मंगो देवी बुरी तरह से झुलस गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आकाशीय बिजली से महिला की मौत हो जाने की सूचना पर हल्का लेखपाल एवं थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सावन में भक्तों के जयकारों से गुलजार है सुंदरवन

**भदोही, एजेंसी।** श्रावण मास में देवाधिदेव महादेव के दर्शन को भदोही जिले में स्थित सुंदरवन में आस्थावानों की भीड़ भी बढ़ती जा रही है। सुबह शाम पहुंच रहे श्रद्धालु विधिवत भगवान शिव की पूजा अर्चन कर रहे हैं। सावन माह में सुंदरवन का दृश्य देखते ही बनता है हर तरफ हरियाली ही हरियाली। इस हरियाली को देख हर किसी के मन को सुख शांति तथा सुकून मिलता है, तो वही सुंदरवन में गौ सेवा सनातन धर्म के प्रति प्रेरित करती है। सुदूर वीरान जंगल में एक तरफ राम जानकी का मंदिर, तो दूसरी तरफ मंदिर में स्थापित 9 टन का शिवलिंग आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। हर तरफ हरियाली के बीच शिवलिंग का दर्शन कर श्रद्धालु कृतार्थ हो रहे हैं। शिव भक्ति में लीन माता राजलक्ष्मी मंदा के मुताबिक सुंदरबन में 108 फीट के शिवलिंग के आकार का मंदिर निर्माण की वृहद योजना है। वैसे तो पूरे साल भर सुंदरवन में शिव भक्तों का आवागमन चलता रहता है, लेकिन सावन मास में भारी तादाद में कांवड़ियों का जत्था जल अर्पण के लिए पहुंचता है। उन्होंने बताया कि महादेव का दर्शन करने पहुंचे कांवरियों को अच्छी सुविधा मुहैया कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुंदरवन के विकास पर थोड़ा भी ध्यान दिया जाए तो यह स्थान एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल का रूप ले सकता है।

### जौनपुर में एसपी ने लघु फिल्म 'हेलमेट' का किया शुभ मुहूर्त

**जौनपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में यातायात के नियमों को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए बनायी जाने वाली लघु फिल्म 'हेलमेट' का शुभ मुहूर्त रविवार को पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने किया। यातायात पुलिस जौनपुर की प्रस्तुति में आम जनमानस को जागरूक करने के लिए लघु फिल्म हेलमेट बनायी जा रही है, जिसके प्रायोजक सूरज सोनी हैं। इस लघु फिल्म का शुभ मुहूर्त आज रविवार को लता मंगेशकर तिराहा पर पुलिस अधीक्षक ने किया।

डॉ.शर्मा ने कहा कि यह फिल्म यातायात पुलिस के नेतृत्व में बनाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जौनपुर पुलिस हर क्षेत्र पर जमीनी स्तर पर जो कार्य कर रही है, उसके साथ सोशल मीडिया पर भी लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है। हेलमेट की वजह से आए दिन दुर्घटना में लोगों की क्षति हो रही है। इसी क्रम में पुलिस की एक कोशिश लोगों को जागरूक करने के लिए यह भी है।

फिल्म के डायरेक्टर सलमान शेख ने बताया कि इस फिल्म के मुख्य कलाकार आशीष माली, काजोल सोनकर, डॉ प्रिया, मीनाज शेख, सारिक, हिमांशु राय हैं। कैमरामैन जिग्नेश मौर्य एवं मेकअप आर्टिस्ट सबा रहमान एवं नीतू हैं। टीआई जीडी शुक्ला ने बताया कि यह लघु फिल्म जनपद के कलाकारों द्वारा बनायी जा रही है। इस फिल्म को देखने के बाद लोगों में हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की जिम्मेदारी और बढ़ेगी। इस अवसर पर एसपी सिटी बृजेश कुमार, एसपीआरए शैलेंद्र सिंह, सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता, सीओ ट्रैफिक देवेश सिंह, इमरान इराकी, राहिल शेख, मेराज अहमद, मनीष सेठी, सौरभ शेट्टी, रुपेश कुमार, प्रमोद निषाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।


# हिमाचल प्रदेश: हर घर जल पहुंचाने में हिमाचल बना देश का पहला पहाड़ी राज्य

**युधिष्ठिर राणा**

हिमाचल प्रदेशः कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद हर घर जल पहुंचाने में हिमाचल प्रदेश देश का पहला पहाड़ी राज्य बन गया है। प्रदेश में कुल 17.08 लाख ग्रामीण परिवार हैं, जिनमें शत-प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचाया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की घोषणा की गई थी, जिसके तहत वर्ष, 2024 तक देश के सभी घरों को घरेलू नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया था। हिमाचल प्रदेश ने समय से पहले अपना लक्ष्य हासिल करते हुए पेयजल के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हिमाचल ने देश में शीर्ष 9 राज्यों में अपना स्थान बनाया है।

जल जीवन मिशन में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर स्वच्छ पेयजल नल के द्वारा उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया। प्रदेश ने कार्यक्षमता मूल्यांकन और पेयजल गुणवत्ता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर केन्द्र से अतिरिक्त प्रोत्साहन



राशि भी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति द्वारा प्रदेश में कुल 1742 योजनाएं मंजूर की गई, जिसकी अनुमानित राशि 5757.79 करोड़ रुपये है। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के सूखाग्रस्त क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों, महत्वाकांक्षी जिला और सांसद आदर्श ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता दी गई।

पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में 69 प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा प्रत्येक गांव को पानी की जांच के लिए फील्ड टैस्ट किट वितरित किए गए हैं, जिसके माध्यम से लोग अपने गांव में ही पानी की नियमित जांच करवा सकते हैं।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जल शक्ति विभाग की ओर से कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से 14,200 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जो युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के साथ-साथ पेयजल योजनाओं के रखरखाव एवं प्रबंधन में भी मददगार साबित होगा। युवाओं को सशक्त करने के लिए तथा योजना और विकास संबंधी कार्यों में उनकी सहभागिता के लिए जल शक्ति विभाग द्वारा सिविल, इलैक्ट्रिकल, मैकेनिकल या बहुतकनीकी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिन्हें प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रतिमाह 5000 रुपये का वजीफा भी दिया जा रहा है।

प्रदेश में 49 ग्रामीण पेयजल योजनाएं संचालन और रखरखाव के लिए पूर्ण रूप से ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई है। प्रदेश के 28600 पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए 22562 ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को भी प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बरसात के दौरान जलस्त्रोतों में गाद भरने, बर्फबारी के दौरान पाइप लाइन टूटने तथा अन्य बाधाओं से निपटने के लिए जल शक्ति विभाग तैयार रहता है। जनता को गुणवत्तापूर्ण पानी की स्थिरता और पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने के लिए कम से कम 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पानी सुनिश्चित करने के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये की बैक एंड योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

स्त्रोतों के पुनर्भरण के लिए और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए चैकडैम तथा जोहड़ बनाए जा रहे हैं। वर्षा जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

बिजली आपूर्ति में बाधा से निपटने के लिए सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं का संचालन शुरू किया गया है। बर्फीले क्षेत्रों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत एंटी फ्रीज तकनीक से योजनाएं बनाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और संरक्षण के लिए बावड़ियों, चश्मों और अन्य स्त्रोतों पर भी ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत समय से पूर्व शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना प्रदेश की समृद्धि की दिशा में एक नया आयाम स्थापित करेगा।

## महिला के साथ दशकों से अन्याय वह एक गरीब, अपाहिज, लाचार दिव्यांग

**लक्ष्मीनारायण पथी**

ओडिशा, एक महिला के साथ दशकों से अन्याय होता आ रहा है क्योंकि वह एक गरीब, अपाहिज, लाचार दिव्यांग है। यह दर्द भरी कहानी है देलंग ब्लॉक क्षेत्र के जगदलपुर गांव की दिव्यांग वेव्स महिला की। कालिका पाहन्तासिंह स्वर्गीय चक्रधर पाहन्तासिंह की पांच पुत्रियों में से दिब्यांग हैं। उनकी उम्र 49 साल है। तीन भाई हैं जो किसी तरह अपने परिवार का गुजारा करते हैं। सुमित्रा पाहन्तासिंह कालिका की वाहक हैं। गांव के स्कूल में सिर्फ 1400 रुपये महीने में खाना बनता है। वह पास में ही रहती है।



कालिका दिव्यांग होने के साथ-साथ मानसिक रूप से बीमार भी है। वह किसी से घुलता-मिलता नहीं है और दूसरों से बात करने में झिझकता है। सालों से उनके एक हाथ में सूजन होने के कारण वह काम करने में असमर्थ हैं। गंभीर हालत में सुमित्रा समेत भाई उसे कभी- कभी खाना- पीना देते हैं। पड़ोसी भी कभी- कभी दया करके मदद कर देते हैं। इस प्रकार कालिका का दिन रूखा- सूखा खाकर और प्रसन्न रहकर व्यतीत होता है। लेकिन दुख की बात है कि कालिका दिन भर जिस घर में रहती हैं और रात को सोती हैं, वह घर इंसान के रहने लायक नहीं है और खतरों से खाली भी नहीं है।

गौरतलब है कि डेलांग प्रखंड वीडियो कार्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर जर्जर मकान में रहते हुए प्रशासन ने आवास योजना के तहत मकान के क्रियान्वयन आदेश पर आज तक अमल करना उचित नहीं समझा है। कालिका का घर अब गिरने की कगार पर है। रही-सही कसर आने वाले दिनों में होने वाली बारिश पूरी कर सकती है। तब कालिका पूर्णतः बेघर हो जायेगी।

## पानीपत निगम के कार्यों में बरसात बनी बाधा, जनता परेशान



**मनोज कुमार**

हरियाणाः पानीपत में चल रहे नाली और सड़कों के विकास कार्यों में बरसात बनी बाधा और लोगों को हो रही परेशानियां। जहां इन दिनों जगह - जगह लगातार हो रही बारिश के कारण पानी भर रहा है। वही पानीपत के किशनपुरा जैसे रिहायशी इलाकों में सड़के और नालिया तोड़कर दोबारा बनाने का कार्य चल रहा है, लेकिन बरसात के चलते नालिया और सड़कों को बनाने के कार्य में लगातार रुकावटें बन रही है जिससे कि इन टूटी हुई नालियों में बरसात का पानी पूरी तरह से भर भर के के घरों के अंदर भर रहा है। लोगों का कहना है कि, निगम के द्वारा हो रहे कार्यों में या तो तेजी की जाए या फिर से बंद किया जाए। लोगों को अपने वाहन अपने घरों में ले जाने में भी असुविधाएं हो रही है।

## राजकीय महाविद्यालय कोटा के मुख्य द्वारों पर बारिश के पानी से छात्रो को हो रही परेशानी

**शिव प्रकाश नागर**



राजकीय महाविद्यालय कोटा के मुख्य द्वारों पर बारिश के कारण पानी भर जाता है। जिससे आने जाने वाले छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन महाविद्यालय प्रशासन और नगर निगम को यह सब दिखाई नहीं पड़ रहा है। जबकि कॉलेज में रोज सैकड़ों छात्र का आना-जाना है। एडमिशन प्रॉसेस चल रहा है। लेकिन, छात्रों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। महीने भर से परेशानी जैस की तैस बनी हुई है।

कॉलेज गेट के बाहर महीनों से नाली का पानी बह रहा है। लेकिन नगर निगम की नजर यहां अभी तक नहीं पड़ी है। जबकि कॉलेज में एडमिशन प्रॉसेस चल रहा है। यहां हर दिन सैकड़ों स्टूडेंट्स का आना-जाना है। छात्र नेता फरदीन खान द्वारा प्राचार्य डॉ। सीमा सोरल जी को समस्या से करवाया अवगत और आगामी कुछ दिनों में इस समस्या का समाधान नहीं होने पर छात्रो ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी इस दौरान छात्र नेता शिव प्रकाश नागर , कुलदीप, रोहित, आदि छात्र मौजूद रहे।

## केंद्रीय ग्रामीण इस्पात मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों से की मुलाकात

**इंद्रमीन मार्क**

मंडला, ग्रामीण केंद्रीय इस्पात मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने मंडला जिले के मोहगांव ब्लॉक के सभी जनसेवा मित्रों से मुलाकात कर सभी योजना से संबंधित समस्याओं पर किए चर्चा तथा शाशन के सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए मंत्री नें कहा की योजनाओं की सही जानकारी हों तथा ग्राम के अंतिम पात्र व्यक्ति तक इन योजनाओं को पहुंचाने की बात कही। साथ ही इन योजनाओं की क्रियान्वयन होने मे आने वाली समस्याओं को भी सभी जनसेवा



मित्रों से जाना।

मंत्री नें शाशन के सभी योजनाओं को सही से क्रियान्वयन करनें की बात कही। माननीय मंत्री जी नें जनसेवा मित्रों की फिल्ड के दौरान आने वाली समस्याओं से किस तरह निराकरण करना है इसकी भी जानकारी दिए। साथ ही इस बैठक मे उपस्थित सभी ग्रामीण जनो की समस्याओं का निराकरण करने की बात भी कही और सभी कर्मचारियों तथा आम जन से आग्रह किए की शाशन की योजनाओं मे सहयोग करें तथा ब्लॉक व जिले की विकास करने मे नई गति प्रदान करें। उन्होंने कहा की गांव के विकास ही देश का विकास है। मंत्री नें जनपद पंचायत मे उपस्थित सभी जन प्रतिनिधि प्रत्येक ग्राम पंचायतों के सरपंचो, पेशा एक्ट के सभी (अध्यक्ष) , जन अभियान परिषद के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष,तथा ब्लॉक के सभी मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों के साथ मुलाकात कर यह बात कही।

## गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी को सजा के मुकदमे में कोई राहत नहीं दिए जाने पर पूर्व मंत्री ने की प्रतिक्रिया व्यक्त



**सतीश**

महेंद्रगढ़, हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी को सजा के मुकदमे में कोई राहत नहीं दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कानून सबके लिए एक है भारत एक प्रजातांत्रिक देश है इसमें कानून सबके लिए बराबर है। श्री शर्मा महेंद्रगढ़ से 15 किलोमीटर दूर महेंद्रगढ़ ब्लॉक समिति की चेयरमैन विजय लक्ष्मी खोश्या के भतीजे के कुआं पूजन में गांव खांदवा में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में राजस्थान में हर भर्ती में पेपर लीक हुए और भर्ती राजस्थान में मजाक बनकर रह गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा शासनकाल में योग्यता के आधार पर बगैर खर्ची बगैर पर्ची नौकरियां मिली।

हरियाणा में कांग्रेस शासनकाल में 10 साल में 84 हजार नौकरियां दी, जबकि भाजपा के लगभग 9 साल के कार्यकाल में लगभग सवा लाख नौकरियां दी जा चुकी है तथा 60 हजार नौकरियां वर्तमान में पाइप लाइन में है जिनको जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता कांग्रेस शासनकाल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट के बीच सत्ता के लिए हो रही नूरा कुश्ती खेल को देख रही है। कांग्रेस में शासनकाल में राजस्थान में विकास बिल्कुल रुक कर खड़ा हो गया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से राजस्थान में सरकार बनाएगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने महेंद्रगढ़ ब्लॉक समिति के चेयरमैन विजयलक्ष्मी के भतीजे अंश को आशीर्वाद दिया।

## ग्राम पंचायत सदस्य महासभा ने कोतवाली में किया पौधारोपण

**विरेन्द्र सिंह यादव**

फतेहपुर बाराबंकी, विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सदस्य महासभा उत्तर प्रदेश लोगों को जागरुक करते हुए अनवरत पौधरोपण अभियान चला रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह ग्राम पंचायत सदस्य महासभा के मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह व महासभा के प्रदेश संरक्षक विद्यासागर पांडे की अगुवाई में फतेहपुर कोतवाली प्रांगण में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने महासभा के पदाधिकारियों के साथ पौधरोपण किया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने कहा



महासभा द्वारा लगातार कई वर्षों से पौधरोपण का पुनीत कार्य किया जा रहा है जिसके लिए मैं महासभा परिवार को बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि आगे भी महासभा इस अभियान को वृहद स्तर पर जारी रखेगी।

## जगत जननी मां शीतला माता की दिव्य पहली बार निकाली गई रथ यात्रा


**अरबिंद्र गुप्ता**



शीतला माता की छाया चित्र को रथ में बैठाकर दिव्य रथ यात्रा निकली गई यह कचरा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर मेन बाजार ग्वालियर चौराहा होते हुए गायत्री मंदिर गायत्री मंदिर से मेन बाजार होती हुई बावड़ी सरकार मंदिर पहुंची एवं बावड़ी सरकार मंदिर शीतला माता मंदिर पर पूर्ण हुई। सर्वप्रथम जब रथयात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ हुई इस मौके पर 1008 रामदास महाराज दंदरोआ सरकार गणेश दास महाराज दुदखोए सरकार एवं रतनगढ़ माता मंदिर पुजारी राजेश कटारे शीतला माता पुजारी अंशुल दांतरे भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बुधौलिया ने रथ की रस्सी खींचकर यात्रा की शुरूवात की।

## एक नजर

### सेक्स रैकेट का पर्दा फास गोंडा के नियोन कैफे चल रहा था देह व्यापर




**प्रियावर्त शुक्ला**

उत्तर प्रदेशः गोंडा में देह व्यापार का बड़ा खेल सामने आया है। गोंडा स्थिति जेल रोड पर नियोन कैफे से एक वीडियो सामने आया है, जिसमे देह व्यापार की बात की जा रही हैं। हाला की ये गोंडा से पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी गोंडा के मंगल गेस्ट हाउस से भी ऐसी घटना सामने आई है। सबसे बड़ी बात है यह है की जिस जगह नियोन कैफे है। उसी के ठीक सामने लोक निर्माण विभाग की ऑफिस है और उसी रोड पर अन्य कई अधिकारियों के कार्यालय और आवास है। ऐसे में क्या किसी की नजर नहीं पड़ी । ये संदेह पैदा कर रहा हैं।

### नैनीताल: दुर्गा सिटी सेंटर रोड पर हुई दुर्घटना, कार चालाक ने बाइक सवार को मारी टक्कर



**खिमानंद**

दुर्गा सिटी सेंटर मे नैनीताल रोड मे हुआ एक्सीडेंट बाइक वाला पीछे से टक्कर मा`वाले गया और हुआ फरार साथ हि छोट लगने से महिला हुई घायल और हुई परेशान हेल्पिंग हैंड चैरिटेबल ट्रस्ट मोके मे पहुंच के की मदत ये घटना भोटिया पराओ तिकोनिया मे हुई।

### सोशल वेलफेयर सोसाइटी फॉर वुमन की जल शक्ति विश्राम गृह तारा देवी में बैठक



**चंदन सिंह**

आज दिनांक 8 जुलाई 2023 को सोशल वेलफेयर सोसाइटी फॉर वुमन की बैठक जल शक्ति विश्राम गृह तारा देवी में रखी गई। इसकी अध्यक्षता सोसायटी की अध्यक्षा सत्या ठाकुर ने की। इस बैठक में सोलन,सिरमौर किन्नौर और शिमला के सभी सदस्यों ने भाग लिया । इस बैठक में कुछ अहम मुद्दों पर फैसले लिए गए।

जिसमे एक कमेटी का गठन किया गया जो किन्नौर जिले में जाकर आगामी 21 तारीख को उपसमिति की आम सभा का आयोजन किया जाएगा। आज की सभा में सावित्री कश्यप, नारायणी देवी, आरती शंडिल, बिमला वर्मा, ममता ठाकुर, दीपमाला, अनिता शर्मा, मंजू कश्यप, पूनम चंद्रिका जी उपस्थित रहे।

### सोशल वेलफेयर सोसाइटी फॉर वुमन की बैठक का हुआ आयोजन



**चंदन शर्मा**

हिमाचलः 8 जुलाई 2023 को सोशल वेलफेयर सोसाइटी फॉर वुमन की बैठक जल शक्ति विश्राम गृह तारा देवी में रखी गई। इसकी अध्यक्षता सोसायटी की अध्यक्षा सत्या ठाकुर ने की। इस बैठक में सोलन, सिरमौर किन्नौर और शिमला के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

इस बैठक में कुछ अहम मुद्दों पर फैसले लिए गए जिसमे एक कमेटी का गठन किया गया जो किन्नौर जिले में जाकर आगामी 21 तारीख को उपसमिति की आम सभा का आयोजन किया जाएगा। आज की सभा में सावित्री कश्यप, नारायणी देवी, आरती शंडिल, बिमला वर्मा, ममता ठाकुर, दीपमाला, अनिता शर्मा, मंजू कश्यप, पूनम चंद्रिका उपस्थित रहे।

### लखीमपुर खीरी गवाही के लिए कोर्ट न आने पर तत्कालीन सीओ पलिया संजय नाथ तिवारी के गिरफ्तारी के आदेश


**प्रीतानंद**



दलित बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अदालत के आदेश के बाद भी गैरहाजिर रहने पर तत्कालीन सीओ की गिरफ्तारी के आदेश। एडीजे राहुल सिंह ने अम्बेडकर जिले के एसपी को दिए सीओ संजय नाथ तिवारी की गिरफ्तारी के आदेश। वर्तमान में अंबेडकर जिले में टांडा सर्किल में तैनात हैं सीओ संजय नाथ तिवारी। सम्पूर्णानगर थाना इलाके में 2021 में दलित बच्ची से हुआ था दुष्कर्म।

# नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 एवं वार्ड क्रमांक 14 में स्वच्छता सफाई अभियान

**मुकेश हरियानी**



आज नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 एवं 14 में स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद के वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया। विशेष स्वच्छ अभियान में मुख्य अतिथि नरयावली विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रदीप लारिया रहे। आज शुक्रवार को वार्ड क्रमांक-12 एवं14 में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई की गई।

नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-12,14में साफ-सफाई का कार्य किया। इसके साथ ही सड़कों पर झाडू व खाली प्लॉटों की जेसीबी मशीन से सफाई करवाई।मकरोनिया को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के लिए रोजाना एक वार्ड की सफाई की जावे यह संदेश विधायक एवं अध्यक्ष द्वारा दिया गया।

इस दौरान लोगों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। लोगों को समझाया कि कूड़ा डालने के लिए वह कूड़ेदान का प्रयोग करें। डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले कचरा गाड़ी में ही कूड़ा डालें। नालियों में घरों का कचरा न फेंके। एवं नगर पालिका परिषद में माननीय विधायक इंजी0 प्रदीप लारिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार की उपस्थिति में नगर पालिका में चल रहे विकास कार्य की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता माननीय विधायक ने की जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जो भी विकास कार्य विकास कार्य हो रहे है। इन कार्यों में तत्परता लाई जाए एवं निश्चित समय सीमा मैं पूरे किए जाएं इस अवसर पर सभी पार्षद गण बलवंत सिंह ठाकुर विवेक सक्सेना नरेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, निशांत आठिया, पार्षद प्रतिनिधि, कमलेश कुशवाहा, भागीरथ सब्जी वाले मुख्य नगरपालिका अधिकारी रीता कैलासिया जी उपयंत्री वर्षा साहू अमन जैन एवं नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न्यू इंडस वैली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन नरेश कुमार एक्स सरपंच सिहमा अपने सुपुत्र

**सतीश**



न्यू इंडस वैली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन व एक्स सरपंच नरेश यादव ने अपने सुपुत्र जयवीर यादव के जन्मदिवस की उपलक्ष पर पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ।निदेर्शानुसार आज न्यू इंडस वैली पब्लिक स्कूल सिहमा में 101 पेड़ पौधे लगाए और स्कूल के चेयरमैन माननीय नरेश यादव ने बताया कि अपने जीवन में हर एक व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए।

पेड़ लगाने से शुद्ध हवा विश्व पर्यावरण होता है अगर हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ी को कभी भी बीमारी या ऑक्सीजन में पानी की कमी नहीं आएगी क्योंकि हम जितने ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएंगे इतनी ज्यादा बारिश हमारे इलाके में होगी हमारे इलाके का जलस्तर बढ़ेगा। इस मौके पर स्कूल के सभी अध्यापकों व स्कूल के छोटे बच्चों ने अपने हाथों से एक एक पेड़ लगाया आमजन से पर्यावरण के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर उपस्थित सभी अध्यापक जिनमें चेयरमैन नरेश कुमार यादव, प्रबंधक निदेशक राजवीर सिंह, प्रधानाध्यापक राज ऋषि शर्मा, अध्यापकगण संदीप कुमार, अनिरुद्ध यादव, संतोष, अंतिम, अनीता शर्मा, उपासना, कांता देवी, पूजा यादव, सुनीता, मोनिका, पूजा लांबा, आजाद सिंह, प्रताप सिंह, पिंकी यादव, बंटी यादव, कोमल शर्मा, वह रेखा शर्मा मौजूद रहे।

# गोरखपुर से लखनऊ वन्दे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाई हरी झंडी



**रामचंद्र भगवान पाल**

उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिले में गोरखपुर से लखनऊ, वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रेलवे स्टेशन दिनांक 7/7/2023 दिन शुक्रवार को गोरखपुर जंक्शन से रवाना किऐ और गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास किऐ। इस दौरान राज्यपाल उत्तर प्रदेश, आंनंदीवेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोरखपुर आगमन पर गोलघर काली मंदिर निकट नेशनल मेडिकल स्टोर, एवं पार्किंग स्थल पर भव्य जोरदार स्वागत किया गया। पार्षद पुर्व उपसभापति, मनू जयसवाल के साथ, सैकड़ों कार्यकर्ता व आम नागरिक ने पुष्प वर्षा, और ढोल नगाड़े के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं के उत्साह को देखकर सभी को अभिनंदन स्वीकार किया है।

# डेलांग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रेंगल ग्रामपंचायत की रेंगल उन्नीत उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर मे 7 जुलाई शुक्रवार को वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**लक्ष्मीनारायण पथी**



ओडिशा, डेलांग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रेंगल ग्रामपंचायत की रेंगल उन्नीत उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर मे 7 जुलाई शुक्रवार को वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय को इस हरा भराए कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथी डेलांग प्रखंड सह शिक्षा अधीक्षक लक्ष्मण प्रधान मौजूद रहे। अन्य अतिथीओं मे डेलांग प्रखंड शिक्षक संघ की पुर्व अध्यक्ष मिटुकिशोर प्रधान, विद्यालय परिचालना कमिटी अध्यक्ष धाडुवंधु लेंका, रेंच साधन केंद्र संयोजक दुर्योधन प्रधान और हरिपुर साधन केंद्र संयोजक मनोरंजन महारणा और विद्यालय के प्रधान शिक्षक मंगुलि चरण परिडा सामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से की गई। विद्यालय की ओर से अतिथीओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सह शिक्षा अधीक्षक ने छात्र छात्रा एवं अतिथीओं के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण मे पौधारोपण किया। वताते चले कि विशिष्ट अतिथीओं के उपस्थिति 4 दर्जन से ज्यादा फलदार व इमारती नारियल,आम एवं वकुल पौधों का रोपण हुआ। विद्यालय को करीब 50 पौधे उपलब्ध कराने का श्रेय विद्यालय का प्रधान शिक्षक मंगुलि चरण परिडा को जाता है। आज के कार्यक्रम मे वोलते हुए सह शिक्षा अधीक्षक लक्ष्मण प्रधान ने पर्यावरण के महत्व को रेखांकित करते हुए वृक्ष की आवश्यकता के वारे मे छात्रों को अवगत कराया। साथ ही विद्यालय के छात्रों को साल मे कम से कम एक पौधा लगाने की अपील भी की। कार्यक्रम मे पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के विभिन्न पहलुओं पर अन्य अतिथीओं ने अपने विचार रखे।

अंत मे धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रधान शिक्षक मंगुलि चरण परिडा सभी उपस्थित गणमान्य का आभार व्यक्त किया कि उन्होने अपने व्यस्ततम दिनचर्या मे से इस कार्यक्रम के लिए समय निकाला और खासकर विद्यालय मे इतने सुन्दर वन महोत्सव मे भागीदारी के लिए सवको साधुवाद दिया। साथ ही साथ विद्यालय के सभी छात्रों को धन्यवाद देते हुए उन्होने कहा कि छात्र छात्रा असली हकदार है जो कार्यक्रम की आयोजन मे शुरू से अंत तक विशेष तत्पर रहे।

## एक नजर

### कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष एवं भिवानी-महेंद्रगढ़ की पूर्व सांसद श्रुति चौधरी की mh1 से एक्सक्लूसिव बातचीत

**सतीश**



कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष एवं भिवानी-महेंद्रगढ़ की पूर्व सांसद श्रुति चौधरी की ˝1 से एक्सक्लूसिव बातचीत। मैं भिवानी से ही चुनाव लड़ूंगी, मैं यहां से तीन चुनाव लड़ चुकी हुं। मेरे लीडर्स की मुझ पर कृपा रही है। किसी के सवाल उठाने से क्या होता है धर्मवीर सिंह तो इस बार चुनाव लडेंगे मेरे अपोजिशन में या नही, ये भी पता नही, लोगों के बीच तो वो कभी दिखे नही। अनिरुद्ध चौधरी के भिवानी से चुनाव लड़ने के ऐलान से क्या होगा, ऐलान तो कोई भी कर सकता है। नए प्रभारी बाबरिया से मुझे बहुत उम्मीद हैं, स्थिति बदलेगी। सीएम पद के लिए कोई अगर किसी को घोषित कर रहा है, उसे रोक तो नही सकते। मेरी मां और मैने बहुत मेहनत की है। भाजपा से आज हर वर्ग परेशान है। मैने भिवानी को ठउफ में डलवाया था, धर्मवीर सिंह ने उसी से हटवा दिया।

### मथुरा में संस्कारी समाज के हरिप्रसाद गुर्जर ने अपनी ही बेटी का एक साल तक किया बलात्कार



**अली हुसैन असरी**

हैवानियत की कहानी बताते हुए पीड़ित बेटी पुलिस अधिकारियों के सामने फूट फूट कर रोई।

खबर मीडिया से गायब, सोशल मीडिया में भी बलात्कारी बाप का धर्म नही पूछा जा रहा, धार्मिक किताब भी नही पूछी जा रही क्योंकि इसमें कोई मुस्लिम एंगल नही है।

# दीवान टोडर मल्ल जी का नाम इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है - अमन अरोड़ा

**कुलभूषण वर्मा**



पंजाब के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, शासन सुधार, मुद्रण और स्टेशनरी, शिकायत और रोजगार सृजन और प्रशिक्षण मंत्री, अमन अरोड़ा ऐतिहासिक दीवान टोडर मॉल हवेली के चल रहे रखरखाव कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर अरोड़ा ने कहा कि, फतेहगढ़ साहिब की भूमि का सिख इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है और यह भूमि दशमपिता साहिब गुरु गोबिंद सिंह जी. के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी जी की शहादत से जुड़ी है।

उस समय दीवान टोडर मल ने साहिबजादा और माता गुजरी के अंतिम संस्कार के लिए मुहरें लगवाकर जगह खरीदी और उनका नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया। अरोड़ा ने कहा कि, इस भूमि पर स्थित भवनों को युवा पीढ़ी के लिए धरोहर के रूप में संरक्षित किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी इसके महत्व से प्रेरणा ले सके। दीवान टोडर मॉल हवेली जैसी ऐतिहासिक इमारतें हमारी समृद्ध विरासत का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसे संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है।

दीवान टोडर मॉल जी का इतिहास में एक विशेष स्थान है और उनकी विरासत हवेली हमें आज भी हक और सच्चाई के लिए लड़ने की प्रेरणा देती है। फतेहगढ़ साहिब को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए यहां स्थित प्राचीन इमारतों जैसे दीवान टोडर मॉल हवेली, आम खास बाग, भक्त साधना जी मस्जिद और अन्य ऐतिहासिक इमारतों को संरक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर फतेहगढ़ साहिब के विधायक लखवीर सिंह राय और बस्सी पठाना के विधायक स. रुपिंदर सिंह हैप्पी, जिला योजना कमेटी के चेयरमैन अजय सिंह लिबड़ा, मार्केट कमेटी सरहिंद के चेयरमैन गुरविंदर सिंह ढिल्लों, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) सुरिंदर सिंह धालीवाल, एस.डी.एम. अमलोह गुरविंदर सिंह जौहल, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# ठल्48 स्थित कोटपूतली के सबसे बड़े बाजार मानसी मार्केट में विकास समिति का गठन करके 15 सदस्यों की कार्यकारिणी की घोषणा



**प्रमोद कुमार बंसल**

आज NH48 स्थित कोटपूतली के सबसे बड़े बाजार मानसी मार्केट में विकास समिति का गठन करके 15 सदस्यों की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। मार्केट के व्यापारियों ने बैठक में सर्व सम्मति से जितेंद्र सिंह शेखावत को अध्यक्ष, महावीर सैनी को उपाध्यक्ष, संदीप सैनी को उपाध्यक्ष, रामदयाल यादव को सचिव और अविनाश गर्ग सीए को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

श्यामलाल मित्तल व दिलावर सैनी ने कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने की हिदायत दी। मिथलेश जांगिड़, रामस्वरूप सैनी, रामोतार सैनी, रामविलास सैनी, महावीर सैनी, अमर सिंह यादव, सुनील जिलोवा, सुभाष, चीनू गुप्ता, रवि जांगिड़, प्रह्लाद सैनी, उमरावती गुप्ता आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### नारनौल के समीपवर्ती गांव हसनपुर में जयपुर हार्ड एवं जनरल हॉस्पिटल के द्वारा फ्री स्वास्थ्य कैंप




**सतीश**

आज नारनौल के समीपवर्ती गांव हसनपुर में जयपुर हार्ड एवं जनरल हॉस्पिटल के द्वारा फ्री स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। इस कैंप में बीपी शुगर ईसीजी आदि जाति की गई वह यथासंभव दवाइयां भी दी गई। इस कैंप का उद्घाटन सीएमओ डॉक्टर रमेशचंद्र आर्य जी के हाथों रिबन कटवा कर शुभारंभ किया गया। इस कैंप में लगभग 300 से अधिक लोगों ने फायदा उठाया और इस कैंप के साथ-साथ मुख्य अतिथि के तौर पर आए सीएमओ डॉ रमेशचंद्र आर्य डॉ एसएस यादव जयपुर हार्ट हॉस्पिटल रेड क्रॉस डॉक्टर एस पी सिंह इन सभी के हाथों पौधारोपण भी किया गया। वह ममाज टीम के साथी भी मौजूद रहे और इस कैंप के आयोजन करता समस्त ग्रामवासी हसनपुर वह विशेषकर डॉ रविंद्र सेन रहे।

# हाटा लेखपाल पर घूस न देने के कारण प्रमाण पत्र नहीं बनाने का लगा आरोप

**श्रवण कुमार**



उत्तर प्रदेशः कुशीनगर/ तहसील हाटा नगरपालिका के वार्ड नं 16 सरोजनी नगर निवासी ललिता गोंड सात माह से जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील का चक्कर लगा रही है। गोंडवाना जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश कुमार गोंड ने थाना समाधान दिवस में ज्ञापन देकर आरोप लगाया है कि, हल्का में तैनात महिला लेखपाल को घुस न देने के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बना रही है। एक सप्ताह के अन्दर अगर जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया तो तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# जिला सहकारिता विभाग की सहायक निबंधक मिताली शर्मा को एसीबी की टीम ने 10000 रुपये घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार


**सन्नी कुमार**



हजारीबाग, एसीबी अक्सर अपने कार्यनिष्ठा के लिए जानी जाती है और ऐसा ही एक उदाहरण हजारीबाग में देखा गया। यहां हजारीबाग एसीबी की टीम को एक बड़ी सफलता मिली है जिला सहकारिता विभाग की सहायक निबंधक मिताली शर्मा को एसीबी की टीम ने 10000 रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोडरमा निवासी रामेश्वर प्रसाद यादव जो कोडरमा व्यापार मंडल बीज वितरण की नोडल एजेंसी है।

इन्होंने एसीबी को एक ज्ञापन दिया था जिसमें उल्लेख था कि सहयोग निबंधक मिताली शर्मा के द्वारा व्यापार मंडल का निरीक्षण किया गया था. निरीक्षण के बाद इस संबंध में जब वह सहायक निबंधक मिताली शर्मा से मिलने गये तो वो स्पष्टीकरण से बचाने के नाम पर 20,000 रुपए की मांग करने लगी । एसीबी की टीम ने सत्यापन में मामला सही पाये जाने के बाद एक रणनीति तैयार की। जैसे ही मिताली शर्मा ने घूस की रकम ली, एसीबी की टीम ने उन्हें रंगेहाथ दबोच लिया इसके बाद एसीबी की टीम उन्हें लेकर हजारीबाग चली गई।

### विद्यार्थियों के लिए स्कूल अवधि के बाद भी खुले रहेंगे खेल मैदान



**युधिष्ठिर राणा**

हिमाचल प्रदेश: प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के दृष्टिगत सरकार ने सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के खेल मैदान शिक्षण अवधि के उपरान्त भी खुले रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि, इन शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी दैनिक शिक्षण अवधि के बाद भी खेल परिसर का उपयोग खेलकूद गतिविधियों के लिए कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को खेल गतिविधियों में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है और उनके डिजिटल और भौतिक जीवन के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाने का अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा शारीरिक गतिविधियों के बजाय अत्याधिक मोबाइल उपयोग में संलिप्त रहते हैं जिसके कारण युवाओं में अवसाद जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। ऐसे में युवा ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करने की आवश्यकता है।

# राजस्थान के राजवीर गुर्जर ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## इतने कम समय में 10 से अधिक फिल्म रिलीज और आगामी सूटिंग जारी

**अशोक गुर्जर**



राजस्थान के राजवीर गुर्जर को सोसल मीडिया पर लाखो फॉलोवर और जनता फैंस का अटूट प्यार ने राजवीर को एक अलग ही पहचान दी है।आपको बता दे की राजवीर की नई फिल्म "बिंदोरी" जो एक देश भक्ति की अनोखी कहानी है।जो राजस्थान में बहुत सुपर हिट हुई है।लोगो ने बहुत देखा और प्यार दिया।ये फिल्म आने वाली पीढ़ी को देश भक्ति के प्रति प्रेरित करती दिखाई दी। फिल्म के डायरेक्टर है अनिल सैनी,और कास्ट किया हे राजवीर गुर्जर बस्सी,योगेश बलोट,राशि शर्मा,राजन पूरी, सान्या सैनी,धर्मेंद्र देवली,विनोद भट्ट,चंद्रभान सिंह, जोनी यादव, रेवल गोतम, सोनम पटनी, राकेश कुमावत।

स्टोरी हे - हनुमान सिंह की,म्यूजिक हे,अमजद अली ओर करण सिंह का,सिंगर - रूबीना खान, करण सिंह,इकबाल वर्षी का। साथ ही राजवीर गुर्जर की राजस्थानी फिल्म "आटा साटा"औलाद का रंग, ऐसी कई सारी फिल्म जो रिलीज हुई और साथ ही।सुपर हिट भी हुई। इसके अलावा राजवीर कई सॉन्ग और एल्बम भी बना चुके हे।राजवीर गुर्जर के इंस्टाग्राम पर 1.50 लाख से भी ऊपर फॉलो वर हे। गुर्जर ने बताया कि मेरे ये सब मेरे फैंस के प्यार की वजह से ही संभव हुआ है। जो आज भी मेरा साथ दे रहे है।ओर बहुत जल्द गुर्जर आगामी फिल्म के साथ फैंस के बीच दिखाई देंगे।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर न बदलने के कारण ग्रामीण लोग हुए परेशान हटा विधायक को सौंपा ज्ञापन



रमजान खान

हटा, दमोह जिला के अंतर्गत आने वाले विधानसभा के ग्राम रनेह वासियों ने पिछले लंबे समय से ट्रांसफार्मर की समस्या के समाधान हेतु हटा एसडीएम एवं हटा क्षेत्रीय विधायक जी को आवेदन पत्र के माध्यम से जानकारी दी एवं इस समस्या के समाधान के लिए जल्द से जल्द प्रयास करने की बात कही अगर 4 से 5 दिन में समस्या का समाधान नहीं होता है तो ग्राम वासियों ने कहा है कि एक आंदोलन की तैयारी करेंगे। सुरेन्द्र सिंह लोधी दीनदयाल पटेल, नीलेश पटेल, परसोत्तम सिंह, दुर्गेश सिंह, पर्वत पुष्पेन्द्र सिंह, हिमांशु राय, आश्रय दहिया, राजकुमार, आहिरवार।

### मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने शान्ति महिला प्रेरणा उद्योग ग्राम गद्दीपुरवा ब्लाक टड़ियावां के आरआरसी सेंटर का आकस्मिक किया निरीक्षण



शहनवाज हुसैन खान

ओम शान्ति महिला उद्योग में महिलाओं को साड़ी में देखकर सीडीओ ने निर्देश दिये प्लांट में महिलाओं से ड्रेस कोर्ड में कार्य करायें। उन्होने बीएमएम को निर्देश दिये कि प्लांट में काम करने वाली महिलाओं को ड्रेस कोर्ड उपलब्ध करायें तथा पैकिंग मशीन द्वारा पैक किये जा रहें पैकटों का बजन अधिक होने पर सीडीओ ने निर्देश दिये कि उक्त मशीन को संबंधित कंपनी से चेक कराये और अगर गारंटी में तो इसे बदलवायें और गोदाम में रखे गेहूं की फटे बोरियों को बदल दिया जाये और उन्हें व्यवस्थित रखवाने के निर्देश दियें। इसके उपरान्त आरआरसी सेंटर के निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ को निर्देश दिये कि प्लाट के अन्दर एवं बाहर कच्ची फर्श के स्थान पर इण्टर लॉकिंग कराने के साथ प्रशिक्षण में प्रधानों, सचिव, सहायक विकास अधिकारी आदि को कार्यशाला में विकास की जानकारी दें और कराये कार्यो की समीक्षा करें तथा कार्यक्रमों की फोटोयुक्त आख्या उपलब्ध करायें।

### प्रदेश हित में पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर एकजुट प्रयास करें नेता प्रतिपक्षः सुक्खू



युधिष्ठिर राणा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नादौन के सेरा विश्राम गृह में मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर द्वारा चंडीगढ़ में हिमाचल की हिस्सेदारी को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्हें संकीर्ण विचारधारा से ऊपर उठकर प्रदेश हित में व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए एकजुट काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को चंडीगढ़ में हिमाचल प्रदेश की हिस्सेदारी का मामला केंद्र सरकार के साथ उठाने एवं इसे हल करने की दिशा में सार्थक प्रयास करने चाहिए। पड़ोसी राज्यों को पानी छोड़ने संबंधी मीडिया के एक अन्य सवाल का जबाव देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा भी किशाऊ और रेणुका जी बांध से अधिक पानी की मांग कर रहा है और इस मामले का सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने के लिए आपस में विचार-विमर्श जारी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नादौन में लोगों की शिकायतें भी सुनीं। इसके उपरांत चिंतपूर्णी जाते समय कांगड़ा जिले के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के रक्कड़ में स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### जयपुर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जयपुर शहर युवा कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न



इफ्तिखार हुसैन सिद्दीकी

जयपुर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जयपुर शहर युवा कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न हुई। सह प्रभारी चंद्रकला नागौरी, सह प्रभारी अकबर हुसैन जी, प्रदेश महासचिव जुबैर अली खान राजस्थान युवा कांग्रेस नेतृत्व में रखी गई। इस बैठक में इस महीने बैंगलोर में होने वाली भारतीय युवा कांग्रेस के ह्लबेहतर भारत की बुनियाद राष्ट्रीय अधिवेशनह्व को लेकर पूरी युवा कार्यकारिणी के साथ चर्चा हुई। इस बैठक में राहुल गांधी जी की सोच को गांव गांव ढाणी- ढाणी अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक राहुल गांधी की सोच को पहुंचाने का संकल्प लिया।

जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राकेश सैनी, टीपू सुल्तान उपाध्यक्ष अजय मीणा, महासचिव चतर सिंह नरूका, जावेद खान, युवराज मोटवानी, सोयाब चंदेल, गुलफाम खान, एजाज खान, सलमान खान, जुबेर खान, रवि कसोतिया, मनोज मीणा, सचिन मीणा, मोहम्मद अली शेख, आफताब अहमद, दिनेश वर्मा राम लाल चौधरी व सभी युवक कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री कहते हैं, हमने 97 प्रतिशत हिंदुओं को हराया है, क्या हिंदू होना गुनाह हैं : नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

युधिष्ठिर राणा



रामपुर/ शिमलाः नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने लोगों की माँग पर रामपुर विधान सभा क्षेत्र में संस्थान खोले थे, सुक्खू सरकार ने शपथ ग्रहण करते ही सारे संस्थान बंद कर दिये। उन्होंने कांग्रेस के नेता औरवर्तमान सरकार में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री विक्रमादित्य सिंह से पूछा कि वह आज रामपुर के लोगों को बतायें कि रामपुर में मेरी सरकार द्वारा खोला गया लोक निर्माण विभाग का डिवीजन गलत था। रामपुर के विधायक बताएं कि संस्कृत महाविद्यालय गलत खोला गया था। वह लिख कर दें कि जयराम सरकार ने गलत किया था। यदि लिख कर देने की हिम्मत नहीं है तो उन संस्थानों को फिर से बहाल करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है। अब बहुत हुआ, अब चुप बैठने का समय नहीं हैं, यदि भी हम और आप चुप बैठ गये तो, यह सरकार इसी तरह से मनमानी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बंद संस्थानों को बहाल करे, नौकरी से निकाले गये आउटसोर्स कर्मियों को वापस ले।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चुनाव के पहले कांग्रेस के एक नेता हर रोज सोशल मीडिया के माध्यम से खूब प्रचार-प्रसार करते थे। सबसे कामों की ज़िम्मेदारी लेते रहते थे। जब सरकार में हैं, मंत्री हैं तो प्रदेश के लोगों द्वारा किसी भी माँग पर कहते हैं कि हम डाकिया नहीं हैं। उन्होंने कहा आज मनोहर जैसे हत्याकांड हो रहे, हत्या के बाद भी जब जी नहीं भरा तो आठ टुकड़े में काट दिया। ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री जैसे लोग शह दे रहे हैं जो खुलेआम मंचों से कहते हैं कि हमने 97 प्रतिशत की हिंदूओं को हराया हैं। क्या हिंदू होना कोई गुनाह है। नेता प्रतिपक्ष रामपुर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, इस मौके पर उनके साथ आनी के विधायक लोकेन्द्र, रामपुर से , बीजेपी के प्रत्याशी रहे कौल सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष अरुण फाल्टा, मंडल अध्यक्ष कुलवीर, नरेश चौहान, बृजलाल अमर ठाकुर, विजय गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता,जगदीश, अनिल चौहान, सभी मोर्चों के साथ साथ स्थानीय पार्षद समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पहले बंद संस्थान बहाल करें फिर सहयोग की बात करें**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम सरकार खिलाफ नहीं हैं, हम जनता के लिए हैं। हमारा सरकार को पूरा सहयोग है। लेकिन सबसे पहले जनहित के लिए खोले गये संस्थानों को बहाल करिए। फिर हम बात करेंगे। ऐसा नहीं हो सकता है कि आप प्रतिशोध कि भावना के साथ काम करिए और हम से ही सभी सहयोग लेते रहिए।

**संस्थानों को फिर से करिए नोटिफाई नहीं तो जनता कांग्रेस को करेगी डिनोटिफाई**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार सभी बंद किए संस्थानों को फिर से नोटिफाई नहीं करेगी तो प्रदेश के लोग ही सुक्खू की सरकार को डिनोटिफाई कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आते ही हम सारे डिनोटिफाई संस्थानों को नोटिफाई करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों के सामने कांग्रेस बेनकाब हो गई है और सभी नेताओं का भांडा फूट चुका है। हिमाचल के लोग आने वाले चुनाव में ही कांग्रेस को बता देंगे।

**प्रधानमंत्री का है हिमाचल प्रदेश को पूरा सहयोग**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हिमाचल के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी है। 830 करोड़ का ऋण पचास साल के लिए बिना किसी ब्याज के दे रहे हैं। तीन हजार करोड़ से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तीसरे चरण की शुरूआत की चम्बा से की। 41 हजार करोड़ के नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट चल रहे हैं।

**सहारा योजना का पैसा तुरंत जारी करे मुख्यमंत्री**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुझे ऐसे लोगों को फोन आते हैं, जो सालों से बिस्तर पर पड़े हैं। ऐसे लोगों की सहारा योजना का पैसा नहीं मिल रहा है। सब मुझसे कहते हैं कि आप मुख्यमंत्री से कहिए पैसा नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूँ, मानवीय संवेदना के आधार पर काम करिए, आप बाकी योजनाएं चलाइए, लेकिन ऐसे लोगों के साथ न्याय करें और सहारा योजना के लाभार्थियों का पैसा न रोके।

**छह महीनें में ही कांग्रेस और उसकी गारण्टियाँ बनी मजाक**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल में पहली बार इस तरह झूठ बोलकर सरकार बनाई गई है। आज तक हिमाचल में ऐसा नहीं हुआ है। आज कांग्रेस सरकार की गारंटियों का मजाक बन गया है। प्रदेश के लोग कांग्रेस के लोगों की राह देख रहे हैं। पाँच लाख सरकारी नौकरी देने वाले दस हजार आउटसोर्स कर्मियों को बाहर कर दिया। कोविड फ्रंट लाइन वर्कर्स को नौकरी से निकालने से ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा लोगों की सेवा के लिए गारंटी नहीं नीयत की आवश्यकता है। हमने बिजली फ्री देने की, गानों में पानी फ्री देने की, सहारा योजना की, गृहणी योजना की गारंटी नहीं दी थी। लेकिन प्रदेश के लोगों को सुविधा देने के लिए हमने यह किया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल में पहली बार इस तरह झूठ बोलकर सरकार बनाई गई है। आज तक हिमाचल में ऐसा नहीं हुआ है। आज कांग्रेस सरकार की गारंटियों का मजाक बन गया है। प्रदेश के लोग कांग्रेस के लोगों की राह देख रहे हैं। पाँच लाख सरकारी नौकरी देने वाले दस हजार आउटसोर्स कर्मियों को बाहर कर दिया। कोविड फ्रंट लाइन वर्कर्स को नौकरी से निकालने से ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा लोगों की सेवा के लिए गारंटी नहीं नीयत की आवश्यकता है। हमने बिजली फ्री देने की, गानों में पानी फ्री देने की, सहारा योजना की, गृहणी योजना की गारंटी नहीं दी थी।

### बिना दहेज के शादी करने वाले परिवारों व प्रतिभावान बच्चों को मिशन करेगा 13 जूलाई को सम्मानित



सतीश

कनीना भोजावास सम्मानित साथियों, आपको सभी को सूचित किया जाता है कि दहेज विरोधी मिशन के तत्वावधान में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मिशन के प्रधान रामेश्वर दयाल की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें बिना दहेज के शादी करने वाले परिवारों, वर्ष 2022-23 में चयनित यूपीएससी, एनडीए, आईआईटी तथा 10+2 कक्षा में 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों आदि सभी को अंबेडकर भवन, भोजावास में सम्मानित किया जाएगा जिसके लिए सभी योग्य छात्र व परिवार अपना रजिस्ट्रेशन अंबेडकर भवन, भोजावास में 08 जुलाई, 2023 तक करवा लें। रामेश्वर दयाल, प्रधान एवं संदीप कुमार, युवा समाजसेवी

# पीने का पानी न मिलने से गांव की महिलाओं ने किया सड़क को जाम

दयावान



रेवाड़ी, कोसली क्षेत्र के गांव बेरली में पिछले तीन चार दिन से इस भयंकर गर्मी में लोगों को पीने का पानी ना मिलने पर गांव कि महिलाएं सड़क पर आकर कोसली रेवाड़ी मार्ग को बेरिकेट लगा कर ज म कर दिया। जाम कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ज म खुलवाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण महिलाएं व पुरुष इस बात पर अड़े रहे कि जब तक खराब पानी का लाल जनस्वास्थ्य विभाग ठीक नहीं करेगा वह जाम नहीं खोलेंगे इसके बाद कोसली स्थित जनस्वास्थ्य विभाग को सूचना दी सूचना के बाद मौके पर पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने खराब वाल ठीक करना शुरू किया तब जाकर एक घंटे बाद जाम खोला गया । जाम लगने से लोगों के इस भयंकर गर्मी में पसीने छूट गए और वह पसीनों से तरबतर होकर ज म खुलने का इंतजार करते रहे।

आपको बता दें कि बेरली गांव में बना बुस्टिगं स्टेशन से गांव में पानी सप्लाई के लिए लगाया वाल खराब हो गया जिसके कारण गांव मत पानी कि सप्लाई तीन चार दिन से नहीं हो पाई । इस भयंकर गर्मी में पानी कि सप्लाई ना मिलने से ग्रामीणों के सामने भयंकर जल संकट उत्पन्न हो गया । ग्रामीणों का कहना था कि हम तो जैसे तैसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं लेकिन हमारे पशु प्यासे मर रहे हैं । हमें डर सता रहा है कि इस भयंकर उमस भरी भरी गर्मी में कहीं पशु बीमार ना पड़ जाए।

हमारे बच्चे स्कूल में पानी के अभाव में बैगर नहाए जा रहे हैं । ग्रामीणों ने कहा कि यह सब जनस्वास्थ्य विभाग कि लापरवाही के कारण से देरी हुआ है । जबकि विभाग के कर्मचारियों को लाल खराब होने कि जानकारी होने के बाद भी इतनी देरी कि गई । ग्रामीणों कि मांग है कि इनके खिलाफ कार्रवाई कि जाए। वही जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक यादव का कहना है कि मुझे सूचना मिलते कि कर्मचारी भेज कर खराब पाईप लाईन वाले को ठीक करवा दिया है । ओर ग्रामीणों ने जाम खोल दिया है।

# परियोजना का समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करेगी प्रदेश सरकारः हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री

युधिष्ठिर राणा



हिमाचल प्रदेशः जिला ऊना के हरोली क्षेत्र में निर्मित होने वाले बल्क ड्रग पार्क से पूरे क्षेत्र में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरूआत होगी। यह पार्क हिमाचल को देश के फार्मा हब के रूप में स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व की यह परियोजना प्रदेश के मौजूदा फार्मा पारिस्थितिकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्य सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समयबद्ध पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल को निवेश अनुकूल राज्य के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। संभावित निवेशकों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि 8000 से 10,000 करोड़ रुपये की निवेश क्षमता वाला यह बल्क ड्रग पार्क 15,000 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की अधोसंरचना निर्मित करने के लिए 225 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता की पहली किस्त प्राप्त हो चुकी है। केंद्र सरकार के औषध (फार्मास्यूटिकल्स) विभाग द्वारा बल्क ड्रग पार्क प्रोत्साहन योजना के दिशानिर्देशों के तहत यह अनुदान राशि प्रदान की गई है।

इस परियोजना को समयबद्ध पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश बल्क ड्रग पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ राज्य कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में पंजीकृत किया है। यह एजेंसी इस परियोजना के कार्यान्वयन में आने वाली सभी बाधाओं का शीघ्र निवारण सुनिश्चित करेगी।

पार्क के निर्माण के लिए 120 मेगावाट बिजली की आपूर्ति पूरी करने के लिए ऊना और टाहलीवाल से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दो ट्रांसमिशन लाइनों की योजना बनाई गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी संबंधित विभागों को बल्क ड्रग पार्क को मूर्त रूप देने तथा इसे समयबद्ध पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागों को प्राथमिकता के आधार पर और समयबद्ध तरीके से बल्क ड्रग पार्क से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा है। इस पार्क के लिए पानी, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में जलशक्ति विभाग को पानी से संबंधित कार्यों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र के भूमिगत जलस्तर के सुधार एवं रखरखाव के लिए जलशक्ति विभाग को 11.75 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाए जायेंगे। भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से पार्क को स्थायी बिजली आपूर्ति की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। एचपी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीटीसीएल) और हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड को बल्क ड्रग पार्क के लिए बाहरी विद्युत बुनियादी ढांचे का निर्माण शुरू करने के लिए कहा गया है।

# जबलपुर मंडल परिक्षेत्र के सांसदगणों की बैठक में सांसद राजबहादुर सिंह ने रेल सुविधाओं की रखी मांग

मुकेश हरियानी




जबलपुर, आज शुक्रवार को कॉन्फ्रेंस हॉल, होटल विजन महल,तिलहरी, जबलपुर में प्रातः 11:00 बजे से जबलपुर रेल मंडल की बैठक का शुभारंभ हुआ। क्षेत्र के सांसदगणों के साथ ही सागर सांसद राजबहादुर सिंह ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में सांसद राजबहादुर सिंह द्वारा संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं और विस्तार के संबंध में रेलवे स्टेशनों का विस्तार, नवीन निर्माण, मेमो ट्रेन, ट्रेनों के स्टॉपेज, ओवर ब्रिज-अंडर ब्रिज निर्माण, विद्युतीकरण, स्टेशन पहुंच जर्जर मार्गों के संधारण एवं साधारण टिकट पर यात्रा, सीनियर सिटीजन की सुविधा और रेल अप डाउननर्स की यात्री सुविधाओं पर अपनी बात पुरजोर रखी एवं रेल समस्याओं और रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए 36 सूत्रीय मांग, लंबित 8 ROB पर अपने सुझाव एवं विचार साझा किए।

सांसद सिंह ने बैठक में कहा कि सागर बुंदेलखंड का संभागीय मुख्यालय है। संभाग के लोग सागर से ही सुगम आवागमन के लिए पहुंच करते है. अनेकांत बरसों से सागर से नागपुर कनेक्टविटी हेतु पटल पर मांग रखी जा रही है. हर संभव स्थिति में सागर-दमोह को जोड़ते हुए बीना जंक्शन से सागर-दमोह- कटनी-जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया-नागपुर एवं पुणे तक नई ट्रेन चलाया जाना इस रूट के लिए ज्यादा लाभप्रद होगा.राज्यरानी एक्सप्रेस को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक चलाये जाने, आदीवासी बाहुल्य क्षेत्र को कनेक्ट करने के लिए राजधानी नईदिल्ली से बाया सागर- बालाघाट नई ट्रेन संचालित किए जाने, कोरोनाकाल के दौरान बंद की गई गाड़ियों का पूवार्नुसार स्टॉपेज के साथ विधिवत संचालन किए जाने, सागर रेलवे स्टेशन से माल गोदाम लिधौरा खुर्द शिफ्ट कराकर सागर स्टेशन पर प्लेटफार्म क्र.-3 एवं 4 बनाए जाने के साथ बरसात,धूप,छांव आदि से बचाव के लिए प्लेटफार्म नंबर एक एवं दो पर प्लेटफार्म पर सेड निर्माण कराए जाने, ट्रेन संख्या 00493 अंबिकापुर- नई दिल्ली मेल एक्सप्रेस (सप्ताहिक) को सप्ताह में 3 दिन संचालित किए जाकर इसमें स्लीपर एवं जनरल कोच लगाए जाने, यात्री सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए बहुउपयोगी ट्रेन संख्या 01707 जबलपुर-अटारी को पुनः प्रारंभ कराए जाने, वर्तमान में सागर स्टेशन का नाम "सागोर" परिवर्तन कर "सागर" किए जाने, डॉ.सर हरिसिंह गौर की चिरस्मृति में मकरोनियां रेलवे स्टेशन का नाम डॉ.सर हरिसिंह गौर किए जाने, प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप बिजली की बचत के लिए देश के सभी रेलवे स्टेशनों को सौर ऊर्जा से चालू कराए जाने, प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप पानी बचाओ अभियान के तहत देश के सभी रेलवे स्टेशनों पर वाटर हार्वेस्टिंग कराए जाने एवं खुरई में दयोदय एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस, जम्मूतवी 11450 की वापसी का स्टॉपेज, बीना में तमिलनाडु एक्सप्रेस, गोवा एक्सप्रेस, गोरखपुर-मुंबई सुपर फास्ट का स्टॉपेज एवं जरूआखेड़ा में विंध्याचल एक्सप्रेस के स्टॉपेज सहित क्षेत्र के आरओबी निर्माण में हो रहे विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए समय सीमा में कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण कराने अपनी बात रखी।

बैठक में परिक्षेत्र के सांसदगण जबलपुर सांसद राकेश सिंह, सतना सांसद गणेश सिंह, होशंगाबाद सांसद राव उदय प्रताप सिंह एवं राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी सहित विवेक शील, मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर और मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संपादकीय

# विपक्षी गठबंधन की चुनौतियां

भाजपा को हराने के लिए एक साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही पार्टियां अब 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरू में मिलेंगी। इसके दो दिन के बाद संसद का मॉनसून सत्र शुरू होगा। सो, एक तरह से विपक्षी पार्टियों की बैठक संसद सत्र की रणनीति बनाने का आभास दे रही है। पहले यह बैठक 12 जुलाई को शिमला में होनी थी। शिमला से बैठक क्यों टली, इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है, जबकि पटना में हुई पहली बैठक से पहले कांग्रेस चाहती थी कि पहली बैठक शिमला में हो। पहली बैठक तो नहीं हुई, दूसरी बैठक भी शिमला की बजाय बेंगलुरू में होगी। हो सकता है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी अध्यक्षता में होने वाली पहली बैठक अपने गृह प्रदेश में चाहते हों, इसलिए बेंगलुरू का चुनाव किया गया हो। यह भी संभव है कि शिमला की चार सीट की बजाय कर्नाटक में 28 लोकसभा की सीटें हैं इसलिए उसे ज्यादा तरजीह दी जाए।

बहरहाल, यह ज्यादा बड़ा मुद्दा नहीं है कि कब और कहां विपक्षी पार्टियों की बैठक होती है। असली सवाल यह है कि बैठक का मुद्दा क्या है? किस एजेंडे पर विपक्षी पार्टियां मिल रही हैं? क्या विपक्षी पार्टियों के नेताओं का कोई ऐसा औपचारिक समूह बना है, जो मुख्य बैठक से पहले आपस में गठबंधन के मुद्दों पर चर्चा करता हो? आमतौर पर किसी भी बड़े कार्यक्रम या बड़े अभियान से पहले ऐसे कई छोटे छोटे समूह बनते हैं, जहां बारीकियों पर चर्चा होती है। पहली बैठक तक तो ठीक था लेकिन दूसरी बैठक भी बिना किसी एजेंडे के नहीं हो सकती है। यह नहीं हो सकता है कि पार्टियों के नेता बैठें, एक-दूसरे का हाल-चाल जानें, शादी वगैरह की बात करें और अगली बार फिर मिलने का वादा करके उठ जाएं। दूसरी बैठक में कुछ ठोस मामले तय होने चाहिए और बैठक के बाद आम लोगों को यह मैसेज जाना चाहिए कि विपक्षी पार्टियां पटना से आगे बढ़ी हैं।

ध्यान रहे पटना में हुई बैठक से पहले भी विपक्षी पार्टियों के सामने कम चुनौतियां नहीं थीं। लेकिन उस बैठक से जो सकारात्मक मैसेज बना उसके बाद चुनौतियां बढ़ गई हैं। ये चुनौतियां कई तरह की हैं। 23 जून की बैठक से लेकर जुलाई के पहले हफ्ते तक के घटनाक्रम पर नजर डालें तो चुनौतियों की तस्वीर साफ होती है। इस दौरान महाराष्ट्र में एनसीपी सुप्रीमो और मराठा क्षत्रप शरद पवार की पार्टी टूट गई। उनके भतीजे अजित पवार एनसीपी के कुछ विधायकों को साथ लेकर भाजपा के साथ चले गए और उप मुख्यमंत्री बन गए। संभावित विपक्षी गठबंधन के एक बड़े दल का इस तरह से टूटना समूचे विपक्ष को प्रभावित करेगा। दूसरी घटना यह हुई कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने राजद नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जमीन के बदले रेलवे में नौकरी दिलाने के कथित घोटाले में आरोपी बना दिया।

> अगर भारतीय जनता पार्टी को लग रहा है कि शरद पवार को इस हाल में ले आने से उसे राजनीतिक फायदा होगा तो वह मुगालते में है। उसे कुल मिला कर बड़ा नुकसान होगा। खुद एकनाथ शिंदे भीतर से सहम गए होंगे कि उन के बहुत-से हमजोली उद्धव ठाकरे की तरफ देखने लगेंगे। अजित पवार दलबदल कानून से बचने लायक विधायक इक्कट्ठे नहीं कर पाए हैं, इसलिए उन के साथ गए विधायकों में से भी ज्यादातर अभी से पसोपेश में पड़ने लगे हैं।

# सरकार-हरण का दशाननी वाम-तंत्र

-पंकज शर्मा-



भारतीय मानस की तासीर दगाबाजों से घृणा करने की है। इसलिए भाजपा के लारे-लप्पों में आ कर या अपने-अपने गिरेबाओं के घनघोर मैलेपन से डर कर जो पवार के कटप्पा बने हैं, उन की सियासी उम्र लोग लंबी नहीं रहने देंगे। आप सोचिए कि अगर किसी दिन अमित भाई शाह अपने निमार्ता नरेंद्र भाई मोदी को छोड़ कर चले जाएं तो भारतीय जनमानस में उस की कैसी प्रतिक्रिया होगी? प्रफुल्ल पटेल के पलटूपन ने उसी तरह की वितृष्णा का भाव लोगों के मन में पैदा किया है।

अगर भारतीय जनता पार्टी को लग रहा है कि शरद पवार को इस हाल में ले आने से उसे राजनीतिक फायदा होगा तो वह मुगालते में है। उसे कुल मिला कर बड़ा नुकसान होगा। खुद एकनाथ शिंदे भीतर से सहम गए होंगे कि उन के बहुत-से हमजोली उद्धव ठाकरे की तरफ देखने लगेंगे। अजित पवार दलबदल कानून से बचने लायक विधायक इकट्ठे नहीं कर पाए हैं, इसलिए उन के साथ गए विधायकों में से भी ज्यादातर अभी से पसोपेश में पड़ने लगे हैं। यूं भी जैसे शिंदे के जाने के बाद भी शिवसेना का मूल-संगठन उद्धव के ही साथ रहा, उसी तरह अजित के जाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का बुनियादी ढांचा पवार के ही साथ है।

विधानसभाई-अंकगणित में पवार अभी कमजोर जरूर पड़े हैं, मगर सियासी बीजगणित में वे अजित से कई गुना मजबूत हो कर उभरे हैं। अजित और उनके साथ गए लोग भले ही 45 बरस पहले पवार के किए-धरे की कितनी ही याद दिलाएं, महाराष्ट्र तो महाराष्ट्र, बाकी देश में भी पवार को अपनो से ही मिले धोखे को किसी ने पसंद नहीं किया है। भारतीय मानस की तासीर दगाबाजों से घृणा करने की है। इसलिए भाजपा के लारे-लप्पों में आ कर या अपने-अपने गिरेबाओं के घनघोर मैलेपन से डर कर जो पवार के कटप्पा बने हैं, उन की सियासी उम्र लोग लंबी नहीं रहने देंगे।

आप सोचिए कि अगर किसी दिन अमित भाई शाह अपने निमार्ता नरेंद्र भाई मोदी को छोड़ कर चले जाएं तो भारतीय जनमानस में उस की कैसी प्रतिक्रिया होगी? प्रफुल्ल पटेल के पलटूपन ने उसी तरह की वितृष्णा का भाव लोगों के मन में पैदा किया है। अजित की नीयत तो पहले भी कई बार सामने आ चुकी थी, सो, उन के जाने से लोगों को उतनी हैरत नहीं हुई, लेकिन प्रफुल्ल के ब्रूटसपन ने सभी को धक्क कर दिया है। इसलिए लिख कर रख लीजिए कि प्रफुल्ल केंद्र में कितने ही बड़े मंत्री बन जाएं, अब वे लोकसभा का चुनाव कभी नहीं जीत पाएंगे।

अजित के साथ गए विधायक भी लोगों के मन से इस कदर उतर गए हैं कि वे जिस दिन चुनाव-मैदान में उतरेंगे, लस्तमपस्त पड़े मिलेंगे। यही हाल शिंदे के साथ गए शिवसेना के विधायकों का होगा। अगले साल की विजयादशमी के आसपास जब महाराष्ट्र की विधानसभा के चुनाव होंगे, आप सियासी हताहतों की संख्या देख कर अपनी उंगलियां दांतों तले दबा रहे होंगे। आज अपनी तिकड़मों की सफलता पर इतरा रहे देवेंद्र फडनवीस के घर की मुंडेरों पर अगली दीवाली के कितने दीए सजते हैं झ्र देखते रहिए।

यही हाल इस बरस की दीवाली के आसपास होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उन के साथ कांग्रेस छोड़ कर गए विधायकों का होना है। अभी उन में से कई भले मंत्री बन कर फूले-फूले घूम रहे हैं, मगर आने वाले चुनाव में उन में से ज्यादातर को तो भाजपा खुद ही उम्मीदवार नहीं बनाएगी और जिन्हें बनाएगी भी, उन्हें मतदाता ठेंगा दिखा देंगे। सिंधिया के इलाके ग्वालियर-चंबल में होने वाली अपनी बेहद बुरी गत को देख कर भाजपा स्वयं मूर्छित हो जाएगी। अभी उसे यह अंदाज ही नहीं हो पा रहा है कि साम-दाम-दंड-भेद के जरिए सरकार-हरण की उस की करतूतों ने आमजन को उस के खिलाफ कितने गुस्से से भर दिया है।

पक्का मान कर चलिए कि आने वाले दिनों में भाजपा पवार और उद्धव जैसा ही हाल नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल का करने की कोशिश भी करेगी। नीतीश के 45 में से 36 विधायकों को तोड़ने की बिसात बिछाना अमित भाई ने पहले दिन से ही शुरू कर दी थी। यह अलग बात है कि फिलवक्त अपनी इस जाजम की सिलवटें वे ठीक से मिटा नहीं पा रहे हैं। लेकिन उन के बहेलिया जाल के फंदे लगातार कसते जा रहे हैं। 2025 की सर्दिया अभी थोड़ी दूर हैं और अगर 2024 के आम चुनाव के समय भाजपा नीतीश के 16 लोकसभा और 5 राज्यसभा सदस्यों की सेंधमारी में थोड़ी भी कामयाब हो गई तो उस के फौरन बाद वह बिहार की सरकार को गिराने के लिए दिन-रात एक कर देगी।

केजरीवाल का पवारकरण करने से भी भाजपा भला क्यों बाज आएगी? मुझे इस बात की पूरी संभावना लग रही है कि दिल्ली में विधानसभा का अगला चुनाव आने से पहले राष्ट्रीय राजधानी का विधायिका-चरित्र ही पूरी तरह बदल जाएगा। न रहेगी विधानसभा और न रहेगी केजरीवाल की सूरमाई। जाहिर है कि आज आप को यह असंभव लगेगा, लेकिन मेरे इस इल्हाम को याद रखिएगा कि एक दिन पंजाब में भगवंत मान भी 69 विधायकों को ले कर खुदमुख्तारी का ऐलान कर सकते हैं। सरकार में बने रहने के लिए तो उन्हें 59 विधायक ही चाहिए होंगे, लेकिन 69 का साथ पा लेने पर केजरीवाल उन के खिलाफ दलबदल कानून का सहारा भी नहीं ले पाएंगे। अगर आप इसे चंडूखाने की तरंग समझ रहे हैं तो यह समझ लीजिए कि दशाननी तैयारियों का यह तहखाना तेजी से सज रहा है।

2024 की दहलीज पर पहुंचने के पहले विपक्षी एकता को तार-तार कर देने के लिए नरेंद्र भाई और अमित भाई कुछ भी कर गुजरने को कमर कसे बैठे हैं। नवीन पटनायक, जगन रेड्डी और चिराग पासवान को तो भूल ही जाइए, के. चंद्रशेखर राव, अखिलेश यादव और सुखबीर बादल तक पर वे अपना जालबट्टा फेंक चुके हैं। ह्यमोशाह्य मंडली जानती है कि लालूप्रसाद यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार और नीतीश कुमार उन के झुकाए नहीं झुकेंगे, सो, उन्हें तोड़फोड़ देने की कार्रवाइयां शुरू हो गईं। बीच की मुंडेर पर बैठी मायावती के बारे में भाजपा को लग रहा है कि वे कांग्रेस से तालमेल कर लेंगी। इसलिए आने वाले दिनों में उन की पार्टी को भी तितर-बितर करने की बघनखी कोशिशें शुरू हो गई हैं।

नरेंद्र भाई के लोकतंत्र में लोक का अब कोई महत्व नहीं है। जो है, तंत्र है। दक्षिणमुखी व्यवस्था का वाम तंत्र। इस के फट् फट् स्वाहा मंत्रोच्चार में जनतंत्र के सारे मूल्य स्वाहा होते जा रहे हैं। लोकतंत्र के सारे सिद्धांत मौजूदा सियासत की बैताली साधना के दलदली तालाब में तिरोहित होते जा रहे हैं।

# विपक्ष को थमा दिया भ्रष्टाचार का मुद्दा

-योगेंद्र योगी-

भ्रष्टाचार और करें तो छापा मारे, यह पंक्ति मौजूदा हालात में भाजपा पर काफी सटीक बैठती है। विपक्षी नेताओं पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई किसी से छिपी नहीं है। भ्रष्टाचार में संलिप्त कई नेता भाजपा में शामिल हुए और उनसे जुड़े मामलों पर ताला लग गया। विपक्षी पार्टियों की ओर से भी लगातार यह आरोप लगाए जाते रहे हैं कि भाजपा वाशिंग पाउडर की तरह है, उसमें जो भी जाता है उसके सारे दाग धुल जाते हैं। जिन पर घोटाले के कई बड़े आरोप हैं और उसके बावजूद जांच एजेंसियों की ओर से उन्हें क्लीन चिट मिली हुई है। महाराष्ट्र सरकार में अजित पवार समेत कई नेताओं के शामिल होने के बाद से बवाल मचा हुआ है। भाजपा ने भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे अजित पवार और दूसरे विधायकों को महाराष्ट्र सरकार में शामिल करवा कर पक्षपात करने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने का मौका विपक्षी दलों को दे दिया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि जिन पर कल तक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे थे, उन्हें सरकार में मंत्री बना लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले ही एनसीपी को नेचुरली करप्ट पार्टी कहा था, अब वही दल महाराष्ट्र की भाजपा सरकार में सत्ता में भागीदारी कर रहा है। महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री बनाए अजित पवार को पीएम मोदी ने कॉआपरेटिव घोटाले का आरोपी बताया था। इसका जिक्र मोदी ने भोपाल में दिए गए भाषण में किया था। इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा था कि हमारी सरकार आने पर अजित दादा चक्की पीसिंग एंड पीसिंग। अब वही पवार उपमुख्यमंत्री का पद पाकर फडणवीस के बराबर आ गए।

पाला बदल कर आए छगन भुजबल महाराष्ट्र सदन घोटाले में जेल तक जा चुके हैं। इसी तरह हसन मुशरिफ और उनके तीन बेटों पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। मंत्री बनी अदिति तटकरे के पिता के खिलाफ एसीबी ने सिंचाई घोटाले में चार्जशीट फाइल कर रखी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी इकबाल मिर्ची के मुंबई में एक प्लॉट पर बिल्डिंग बनवाई। ऐसे आरोप लगे कि इस बिल्डिंग में प्रफुल्ल पटेल का भी एक फ्लैट है। इस साल फरवरी में बिल्डिंग के चार फ्लोर को अटैच किया था। इसके अलावा एविएशन स्कैम में भी प्रफुल्ल पटेल जांच के दायरे में हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि जो भाजपा का दामन थाम लेता है, उसका दामन पाक साफ हो जाता है। विगत वर्षों में भाजपा में शामिल होने के बाद शुभेन्दु अधिकारी, हिमंत बिस्वा सरमा, मुकुल रॉय, नारायण राणे जैसे कई भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं के दाग धुल गए हैं। इस कवायद पर एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने तंज कसते हुए कहा कि दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने एनसीपी को भ्रष्टाचार के लिए टारगेट किया था, प्रधानमंत्री का शुक्रिया कि उनके सरकार में शामिल होने से वे सभी आरोपों से मुक्त हो गए हैं। 2014 के बाद से नरेंद्र मोदी सरकार लगातार विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है। छापेमारी और समन खासकर तब तेज हो जाते हैं जब चुनाव नजदीक हो। लेकिन यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नहीं है क्योंकि अगर यह लड़ाई होती तो यह भ्रष्टाचार के आरोपी भाजपा नेताओं को नहीं बख्शती। इस भ्रष्टाचार-विरोधी एजेंडे की चयनात्मक प्रकृति इसे एक जादू-टोना बना देती है। यह जादू-टोना मोदी सरकार द्वारा विवादास्पद राफेल सौदे की जांच कराने से इनकार करने, या जिस तरीके से उसने पांच साल के लिए लोकपाल नियुक्त करने में अपने पैर खींच लिए थे, उसके बिल्कुल विपरीत है। बीजेपी आती है, तो भ्रष्टाचार भागता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी के बाद भ्रष्टाचार फिर से राजनीति के केंद्र में आ गया है। आजादी के बाद से ही भारत में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा रहा है और सभी पार्टियां इसे खत्म करने का दावा करती रही हैं। बीजेपी भी इससे अछूती नहीं है। पिछले दिनों सीबीआई और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 14 दलों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया तो खुद प्रधानमंत्री मोदी इसके बचाव में उतर आए। हालांकि कोर्ट से विपक्षी दलों को निराशा हाथ लगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त नेता एक साथ एक मंच पर आ रहे हैं। कुछ दलों ने भ्रष्टाचारी बचाओ आंदोलन छेड़ा हुआ है, लेकिन एक्शन नहीं रुकेगा। प्रधानमंत्री की टिप्पणी के बाद विपक्ष ने भी इस बार जोरदार पलटवार कर दिया। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने मंच पर वाशिंग मशीन लगाकर बीजेपी पर तंज कसा। ममता ने कहा कि बीजेपी वाशिंग मशीन है और दागियों को धुलकर सफेद कर देती है।

# तीर्थयात्रा खुद की खोज का एक समग्र अनुभव है...

-डॉ. प्रियंका सौरभ-

तीर्थयात्रा एक समग्र अनुभव है जो भगवान से भी उतना ही जुड़ा है जितना पर्यावरण से। पर्यावरण का व्यक्त रूप पेड़-पौधे, सुरम्य उपत्यकाएँ और गगनचुम्बी पर्वत मालाएँ, उद्दाम वेग से बहती नदियाँ और निर्झर, वनों में क्रीड़ा करते जीवजन्तु, पशु-पक्षी, उन्मुक्त आकाश, तन-मन को सहलाती शीतल वायु, सभी तो उस परम शक्ति की महिमा को प्रकट करते हैं! क्या हम भगवान के निवास की कल्पना किसी ऐसी जगह कर सकते हैं जहाँ की भूमि प्राकृतिक शोभा से हीन हो, जहाँ कोई नदी या निर्झर न बहता हो, जहाँ कोई वृक्ष-लताएं और फूल न हों और सुबह-सुबह चहकते पक्षियों की आवाज कानों में न पड़े?

धार्मिक तीर्थ स्थलों में क्षेत्रीय और सांस्कृतिक संबंध बनाने की क्षमता होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये स्थल अक्सर दुनिया के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करते हैं, जो धार्मिक प्रथाओं और अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए एक साथ आते हैं। इससे विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों के लोगों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने और एक-दूसरे की परंपराओं, विश्वासों और जीवन के तरीकों के बारे में जानने का अवसर मिलता है। धार्मिक तीर्थ स्थल भी क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं, क्योंकि दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लोग इन स्थलों को देखने और आसपास के क्षेत्रों का पता लगाने के लिए आते हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और विशेषकर आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्रों में नौकरियां पैदा करने में मदद मिल सकती है।

इसके अलावा, धार्मिक तीर्थ स्थल भी लोगों के लिए प्रेरणा और प्रेरणा का स्रोत हो सकते हैं, जो इन अनुभवों से दूर आकर आध्यात्मिक संतुष्टि और दूसरों के साथ संतुष्टि की भावना महसूस कर सकते हैं। इससे विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोगों के बीच एकता और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है, जो एक समान विश्वास या मूल्यों का समूह साझा कर सकते हैं। कुल मिलाकर, धार्मिक तीर्थ स्थल पर्यटन को बढ़ावा देने, अंतर-सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने और आध्यात्मिक विकास और समुदाय-निर्माण के अवसर पैदा करके क्षेत्रीय और सांस्कृतिक संबंधों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत बड़ी संख्या में धार्मिक तीर्थ स्थलों का घर है, जहां हर साल लाखों लोग आते हैं। वाराणसी, जिसे काशी के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक है और इसे हिंदू धर्म में एक पवित्र शहर माना जाता है। यह गंगा नदी के तट पर स्थित है और हर साल लाखों लोग यहां आते हैं।

हरिद्वार भारत का एक और पवित्र शहर है, जो उत्तरी राज्य उत्तराखंड में स्थित है। यह हिंदू धर्म के सात सबसे पवित्र स्थानों में से एक है और अपने मंदिरों और घाटों (नदी तक जाने वाली सीढ़ियाँ) के लिए जाना जाता है। अमृतसर पंजाब के उत्तरी राज्य में एक शहर है और यह स्वर्ण मंदिर का स्थान है, जो दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिख मंदिरों में से एक है। तिरूपति दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में एक शहर है और यहां श्री वेंकटेश्वर मंदिर है, जो भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले तीर्थ स्थलों में से एक है। बोधगया बिहार के पूर्वी राज्य में एक छोटा सा शहर है और कहा जाता है कि यहीं पर गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। ऋषिकेश उत्तरी राज्य उत्तराखंड में एक शहर है और यह अपने मंदिरों और आश्रमों के साथ-साथ योग और ध्यान से जुड़े होने के लिए भी जाना जाता है। शिरडी महाराष्ट्र के पश्चिमी राज्य में एक शहर है और यह शिरडी साईं बाबा मंदिर का घर है, जो साईं बाबा के भक्तों के लिए एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। ये भारत के कई तीर्थ स्थलों के कुछ उदाहरण हैं, जो दुनिया भर से उन लोगों को आकर्षित करते हैं जो आध्यात्मिक सांत्वना और सांस्कृतिक विसर्जन चाहते हैं।

तीर्थ स्थलों को अक्सर बड़ी संख्या में आकर्षित होने वाले आगंतुकों का समर्थन करने के लिए व्यापक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। सरकारें और निजी निवेशक आसपास के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे परिवहन, आतिथ्य और मनोरंजन सुविधाओं में निवेश करने के लिए इस मांग का लाभ उठा सकते हैं। तीर्थ स्थलों को पर्यटन स्थलों के रूप में प्रचारित किया जा सकता है, जो न केवल धार्मिक उद्देश्यों के लिए बल्कि अवकाश और मनोरंजन के लिए भी आगंतुकों को आकर्षित कर सकते हैं। इससे रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए राजस्व उत्पन्न हो सकता है। तीर्थ स्थल विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों के लोगों को आकर्षित करते हैं, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग का अवसर मिलता है। इससे सांस्कृतिक पर्यटन का विकास और क्षेत्रीय विविधता और सहयोग को बढ़ावा मिल सकता है।

तीर्थ स्थल अक्सर सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व से जुड़े होते हैं, जिसका लाभ विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देने और इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए उठाया जा सकता है। तीर्थ स्थलों का उपयोग शैक्षिक और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है, जिससे विद्वानों और शोधकताओं को स्थलों से जुड़े इतिहास, संस्कृति और धर्म का अध्ययन करने का अवसर मिलता है। धार्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संबंधों और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की काफी संभावनाएं हैं। इसका लाभ उठाने से आर्थिक विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय सहयोग, स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने और विरासत को संरक्षित करने के अवसर पैदा हो सकते हैं।

एक बात जो सबसे अधिक खटकती है कि तीर्थ यात्रा या पर्यटन पर्यावरण पर निर्भर करता है उसके लिए यह आवश्यक है कि प्राकृतिक मूल्यों का संरक्षण किया जाय और तीर्थ का पूरा स्वरूप प्राकृतिक विशेषताओं और परम्पराओं से मेल खाए।

# यह मानसिक विकृति है या फिर सत्ता की ठसक....

-चैतन्य भट्ट-

एक युवक जमीन पर बैठा हूं और एक दूसरा व्यक्ति नशे की हालत में सिगरेट पीता हुआ उसके शरीर पर पेशाब कर रहा है, लेकिन दुर्भाग्य तो देखिए जमीन पर बैठा युवक उस पेशाब कर रहे व्यक्ति का कोई विरोध नहीं कर पा रहा है,ये किसी मुंबईया फिल्म का दृश्य नहीं बल्कि आदिवासी बाहुल्य माने जाने वाले मध्यप्रदेश के सीधी जिले के कुबरी गांव की वो सच्ची और शर्मनाक तस्वीर है जिसने समूची इंसानियत और प्रदेश को शर्मसार कर दिया है। विडंबना तो ये है जो व्यक्ति उस असहाय आदिवासी युवक पर खुलेआम पेशाब कर रहा है उसे सत्तारूढ़ दल के एक विधायक का विधायक प्रतिनिधि बताया जा रहा है यद्यपि विधायक उस व्यक्ति काअपने आप से संबंध बताने से इंकार कर रहे हैं लेकिन उस व्यक्ति के जो फोटो अखबारों में प्रकाशित हुए हैं वो साफ साफ इस ओर इशारा करते हैं कि वो व्यक्ति सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक का बेहद करीबी है। कहते हैं सत्ता का नशा सबसे ज्यादा बुरा होता है विशेषकर उन लोगों के लिए जो बड़े नेताओं की चाटुकारिता कर छोटे-मोटे पद पा लेते हैं या फिर उनके प्रतिनिधि बन जाते हैं सीधी जिले के कुबरी गांव में जो व्यक्ति एक आदिवासी युवक पर पेशाब करता हुआ दिखाई दे रहा है वो भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला है जिसे सीधी के भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला का विधायक प्रतिनिधि बताया जा रहा है भले ही वे इस बात से इंकार कर रहे लेकिन सच्चाई वही है जो बताई जा रही है। वर्तमान में सोशल मीडिया एक ऐसी ताकत बन चुका है जो मुख्यधारा मीडिया से भी ज्यादा बलशाली और लोगों तक पहुंचने में सक्षम है। इस वीडियो के वायरल होते ही सत्तारूढ़ भाजपा में हड़कंप मच गया जाहिर है विरोधी कांग्रेस दल इसका लाभ उठाने में पीछे नहीं रहता सो पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के इस युवक के साथ ऐसी जघन्य और गिरी हुई हरकत का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है लघु शंका करने वाला व्यक्ति भाजपा से जुड़ा बताया जा रहा है प्रदेश पहले ही आदिवासी अत्याचार में नंबर वन है इस घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया। उधर दूसरी तरफ वीडियो में जो कुछ दिखाई दे रहा है उसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर कहा मेरे संज्ञान में सीधी जिले का वीडियो आया है मैंने प्रशासन को आदेश दिए हैं कि अपराधी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही कर उस पर रासुका भी लगाया जाए, वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने भी ट्वीट करते हुए कहा कि सीधी में हुई मानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं प्रदेश में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यह तो सोशल मीडिया की ताकत ही कहा जाए कि मामला संज्ञान में आ गया अन्यथा गांवों में इस तरह के मामले होते रहते हैं जिनमें दबंग निचली जातियों के लोगों के साथ ऐसे व्यवहार करते हुए दिखाई देते हैं। एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार आदिवासियों के उत्थान और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए तरह-तरह की बयान जारी करती है हाल ही में प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के साथ बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा आदिवासियों की जल जंगल और जमीन की मांग बहुत पुरानी है जिस पर हाल ही में मध्यप्रदेश शासन में पैसा कानून लागू किया है लेकिन यहां यह भी उल्लेखनीय है कि ये कानून 1996 में लागू हो गया था लेकिन आदिवासियों के हितों की दंभ भरने वाली भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश सरकार इसे 2022 में लागू कर पाई दरअसल आदिवासियों के प्रति भारतीय जनता पार्टी हमेशा ने हमेशा से ही उपेक्षित रवैया अपनाया यही कारण था कि 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासियों ने बीजेपी को छोड़ कांग्रेश के पक्ष में अपना मत दिया था जिसके चलते उनकी सरकार भी मध्यप्रदेश बन गई थी यह बात अलग है कांग्रेस के आपसी अंतर्द्वंद्व में उनकी सरकार 15 महीने में गिर गई।आदिवासियों का प्रभाव मध्य प्रदेश की लगभग पचासी सीटों पर है और चालीस से भी ज्यादा सीटें ऐसी हैं जो सुरक्षित मानी जाती है इसलिएउन्हें अपने पक्ष में करने के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से आदिवासियों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक मध्यप्रदेश मं आदिवासियों पर अत्याचार लगातार बढ़ता जा रहा है।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार

प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षो से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.86 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.18 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.96 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.51 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.41 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# स्वास्थ्य, वित्त के इंफ्लूएंसरों को चलाना होगा डिस्क्लेमर, सरकार बनाएगी नियम

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। जल्द ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर किसी विशेष पोषक तत्व या पूरक आहार के सेवन के बारे में सुझाव देने वाले इंफ्लूएंसरों को अपनी योग्यता और पात्रता साबित करनी होगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे किसी और के परोक्ष विज्ञापन में शामिल नहीं हैं तथा अपने फॉलोवर्स को आधी-अधूरी जानकारी नहीं दे रहे हैं। उपभोक्ता मामलों का विभाग विशेष रूप से स्वास्थ्य और वित्त के क्षेत्र में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों के लिए दिशानिर्देश तैयार करने की प्रक्रिया में है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे आधी-अधूरी या भ्रामक जानकारी नहीं फैला रहे हैं।

इन दिशानिर्देशों के तहत, जो अगले महीने तक लागू होंगे, ऐसे प्रभावशाली लोगों को अपने प्लेटफॉर्म पर डिस्क्लेमर लगाना होगा, जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि वे वास्तविक पोषण विशेषज्ञ हैं या सिर्फ किसी उत्पाद का प्रचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य




एवं आरोल्य क्षेत्र के इंफ्लुएंसरों अक्सर विशिष्ट पूरकों के उपयोग के बारे में सलाह हैं। सरकार केवल यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे सिर्फ किसी उत्पाद का समर्थन कर रहे हैं और पोषक तत्वों के नाम पर उत्पाद बेच रहे हैं, या वास्तविक विशेषज्ञ हैं।

उन्होंने कहा कि ये इंफ्लुएंसरों अपने प्लेटफॉर्म पर जो जानकारी देते हैं, उससे उपभोक्ता गुमराह हो जाते हैं, जिससे वे ऐसे उत्पाद खरीदते हैं जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इन दिशानिर्देशों के तहत, ऐसे इंफ्लुएंसरों यदि अपने दर्शकों को किसी विशेष पोषक तत्व या पूरक का उपयोग करने के लिए कह रहे हैं, तो एक विशेषज्ञ के रूप में उन्हें अपनी योग्यता स्थापित करनी होगी।

ऐसे प्रभावशाली लोगों को उस विशेष उत्पाद के साथ अपना संबंध स्थापित करने के लिए डिस्क्लेमर देना होगा, और यह भी स्पष्ट करना होगा कि वे किस रूप में लोगों को यह जानकारी दे रहे हैं। यहां तक कि वित्त क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्ति या 'फिनफ्लुएंसर' भी इन दिशानिर्देशों के दायरे में आएंगे जो विभिन्न वित्तीय उत्पादों पर अपने फॉलोवर्स को जानकारी प्रदान करते हैं, उन्हें विशेष योजनाओं या वित्तीय उपकरणों में निवेश करने की सलाह देते हैं। उन्हें भी अपनी साख बतानी होगी, जिससे यह स्पष्ट होगा कि क्या वे योग्य वित्तीय सलाहकार हैं या निवेश सलाहकार की आड़ में सिर्फ एक विशेष योजना या वित्तीय उत्पाद का प्रचार कर रहे हैं और इस प्रकार इस प्रक्रिया में निवेशकों को धोखा दे रहे हैं।

# जीएसटी परिषद की बैठक में अगले सप्ताह ओएनडीसी के तहत कराधान पर चर्चा संभव



**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 11 जुलाई को होने वाली बैठक में इस बात पर स्पष्टता मिलने की संभावना है कि जहां ऑनलाइन ऑर्डर में एक से ज्यादा ई-कॉमर्स कंपनियां शामिल हैं, वहां स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) किसके द्वारा काटा जाना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद की बैठक में ओएनडीसी पर चर्चा होने की उम्मीद है। ओएनडीसी के तहत, एक खरीदार एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ ऑर्डर देता है, जो स्वयं वह सामान दूसरे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से खरीदता है।

इससे अधिकारियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है कि इनमें से कौन सा टीसीएस काटेगा। इस जटिल मुद्दे पर जीएसटी परिषद 11 जुलाई की बैठक में फैसला ले सकती है। इसके अलावा परिषद अतिरिक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का मुद्दा भी उठा सकती है, जिसका दावा व्यावसायिक संस्थाएं करती हैं। परिषद एक नए नियम का मसौदा तैयार कर सकती है जिसके तहत संस्थाओं से उनके द्वारा दावा किए गए अतिरिक्त आईटीसी के बारे में पूछताछ की जा सकती है। सूत्रों ने कहा कि उन्हें अतिरिक्त राशि सरकार के पास जमा करने के लिए भी कहा जा सकता है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.9 अरब डॉलर बढ़कर 595.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में बढ़ोतरी होने से 30 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.9 अरब डॉलर



बढ़कर 595.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.9 अरब डॉलर घटकर 593.2 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 30 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.54 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 527.9 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 47.2 करोड़ डॉलर घटकर 43.8 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 9.5 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.24 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 11.8 करोड़ लाख डॉलर की गिरावट लेकर पांच अरब डॉलर रह गई।

# साल 2022 में भारत में आया 5जी के नेटवर्क कवरेज में आई कमी, ये है कारण

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में 5जी सर्विस अक्टूबर, 2022 में पेश की गई, लेकिन वे अभी भी देश भर में व्यापक रूप से उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते नेटवर्क कवरेज में कमी आई है। इसके अलावा, काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, इस्तेमाल के मामलों में जागरूकता की कमी और 10,000 रुपए और उससे कम कीमत वाले कुछ 5जी हैंडसेट के चलते देश में बड़े पैमाने पर 5जी अपनाने में देरी हो सकती है।

काउंटरप्वाइंट के रिसर्च डायरेक्टर तरूण पाठक ने कहा, 'अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है, खासकर नेटवर्क कवरेज के मामले में। वर्तमान सीमाओं के बावजूद, बाज़ार में 5जी स्मार्टफोन




की बढ़ती संख्या और उनकी बढ़ती लोकप्रियता भारत के 5जी इकोसिस्टम के लिए आशाजनक भविष्य का संकेत देती है। काउंटरपॉइंट डेटा के अनुसार, भारत की 5जी स्मार्टफोन की बिक्री मई 2023 में पहली बार उल्लेखनीय 100 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई और साथ ही, प्रति माह 4जी स्मार्टफोन शिपमेंट के आकड़े को भी पार कर गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कम कीमत वाले बैंड में 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती लोकप्रियता है, खास तौर से 20,000 रुपये से कम कीमत वाले। 2021 में, इस प्राइस सेगमेंट में 5जी स्मार्टफोन की बिक्री केवल 4 प्रतिशत थी, लेकिन 2022 में यह आंकड़ा बढ़कर 14 प्रतिशत हो गया है। सीनियर एनालिस्ट शिल्पी जैन ने कहा, 'अपकमिंग फेस्टिव सीजन से पहले कंज्यूमर के बीच कई लॉन्च और 5जी फोन की हाई डिमांड के साथ 5जी की पहुंच बढ़ती रहेगी।' उन्होंने कहा कि ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग (ओईएम) इस ट्रेंड को उठा रहे हैं और 10,000 रुपए से 15,000 रुपए की रेंज में 5जी फोन लॉन्च कर रहे हैं, जिससे 5जी अपनाने में तेजी आई है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजे व महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। कमजोर वैश्विक रुझान के बीच बीते सप्ताह के अंतिम दिन हुई मुनाफावसूली के दबाव में रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसलने के बावजूद आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के साथ ही स्थानीय स्तर पर कंपनियों के पहली तिमाही के आने वाले नतीजे और जून की खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 561.89 अंक अर्थात 0.87 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 65280.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 142.75 अंक यानी 0.74 प्रतिशत उछलकर 19331.80 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों को तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। इस सप्ताहांत पर मिडकैप 222.82 अंक की बढ़त लेकर 28999.02 अंक स्मॉलकैप 527.27 अंक मजबूत होकर 33129.44 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की आक्रामक लिवाली की बदौलत घरेलू शेयर बाजार बीते सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा। हालांकि, कमजोर वैश्विक संकेतों, खासकर




अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी के कारण सप्ताहांत पर मुनाफावसूली हुई। वैश्विक बाजार अमेरिका के 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड पर बारीकी से नजर रख रहा है, जो चार प्रतिशत के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया है। इस तेजी से पता चलता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व निकट भविष्य में ब्याज दरों में और अधिक बढ़ोतरी कर सकता है। ऐसा होने से एफआईआई प्रवाह में नरमी आ सकती है, जिससे संभावित रूप से बाजार में मजबूती या सुधार हो सकता है। अगले सप्ताह एचसीएल टेक, टीसीएस और विप्रो जैसी दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम आने वाले हैं। इसके अलावा अगले सप्ताह जून का खुदरा मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई तथा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़े जारी होने वाले है और बाजार इस पर अपनी प्रतिक्रिया देगा। बाजार अमेरिकी आर्थिक संकेतक और कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव पर भी बारीकी से नजर रखेगा। वैश्विक बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई दमदार लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 486.49 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 65,205.05 अंक और निफ्टी 133.50 अंक उछलकर 19,322.55 अंक के नए शिखर पर पहुंच गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस और फिनसर्व की सात प्रतिशत से अधिक की छलांग से मंगलवार को सेंसेक्स 274 अंक की तेजी लेकर 65,479.05 अंक और निफ्टी 66.45 अंक चढ़कर 19,389.00 अंक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

विदेशी बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और रिलायंस जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 33.01 अंक फिसलकर 65,446.04 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 9.50 अंक की मामूली बढ़त के साथ 19,398.50 अंक पर रहा।

# किसानों को नई तकनीकी से परिचित कराएगा यूपी का कृषि कुंभ

**लखनऊ,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। जमाना तकनीक विकास का है। सभी क्षेत्रों में तकनीकी का इस्तेमाल बढ़ रहा है, कृषि क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं हैं। देश-दुनिया में खेतीबाड़ी से जुड़ी अद्यतन तकनीक एवं नवाचारों से किसानों को परिचित कराने की जरूरत है, ताकि वे अपनी कमाई बढ़ा सकें। इसी के लिए सरकार ने बहुत पहले 'लैब टू लैंड' का नारा दिया गया था। इसी नारे को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नवंबर में लखनऊ में कृषि कुंभ का आयोजन करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन कर सकते हैं। योगी सरकार-2 का यह पहला कृषि कुंभ होगा। इससे पहले योगी सरकार-1 में 2018 में 25 से 28 अक्टूबर तक पहला कृषि कुंभ लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया गया था। इस बार भी इसी जगह यह कुंभ आयोजित किया जाएगा।

### किसानों के साथ उद्यमियों के लिए भी होगा अवसर

कृषि कुंभ, किसानों के साथ खेतीबाड़ी से जुड़े उपकरणों में नवाचार करने वाले उद्यमियों के लिए एक बेहतरीन अवसर साबित होगा। यहां पर वे न केवल अपनी तकनीकों एवं उत्पादों का प्रदर्शन कर सकेंगे, बल्कि संभावित ग्राहकों को भी जोड़ सकेंगे।

### खेतीबाड़ी से जुड़े सभी विभाग होंगे शामिल

दूसरे कृषि कुंभ में कृषि से संबंधित सभी विभाग शामिल होंगे और अपनी-अपनी योजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाएंगे। साथ ही, इसके अलावा खेतीबाड़ी से जुड़ी सफलताओं को प्रदर्शित करेंगे। इन विभागों में पशुपालन, गन्ना, रेशम, मत्स्य,उद्यान, और उप्र भूमि सुधार निगम इत्यादि प्रमुख हैं। दूसरे कृषि कुंभ में फसल विविधीकरण, जैविक खेती, भूजल संरक्षण, फलफूल खेती, हाइड्रोपोनिक्स, वर्टिकल गार्डन, औषधीय पौधों की खेती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### लाड़ली बहना बनी सास-बहू करेंगी मिलकर स्वरोजगार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गरीब तबके की महिलाओं को आर्थिक तौर पर संबल बनाने के लिए अमल में लाई जा रही लाड़ली बहना योजना महिलाओं की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है। इसके संकेत भी मिलने लगे हैं। विदिशा जिले में तो लाड़ली बहना बनी सास-बहू ने मिलकर स्वरोजगार करने की योजना ही बना डाली है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से प्रतिमाह मिलने वाली एक हजार रुपये की राशि को एकत्रित कर विदिशा नगरीय क्षेत्र के पूरनपुरा क्षेत्र की मयूर विहार कॉलोनी निवासी सास-बहू स्वयं का रोजगार स्थापित करने की योजना बन रही है। सास मिथिलेश श्रीवास्तव और बहू विदुषी श्रीवास्तव लाड़ली बहना बन गई हैं और उनके बैंक खातों में एक-एक हजार की राशि भी आ चुकी है। अब वे आगामी महीनों में स्वयं का रोजगार स्थापित करने का लिए प्लान बना रही हैं। हितग्राही सास-बहू का कहना है कि मुख्यमंत्री ने योजना शुरू कर महिलाओं के लिए सराहनीय कार्य किया है। अब महिलाएँ प्रतिमाह प्राप्त होने वाली राशि को अपने पर खर्च कर सकती हैं, अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा पर खर्च कर सकती हैं और चाहें तो इस राशि को एकत्रित कर स्वयं का रोजगार भी स्थापित कर सकती हैं। सास मिथिलेश श्रीवास्तव कहती हैं कि वे बहू विदुषी के साथ मिलकर योजना से मिलने वाली राशि से एक अच्छा स्व-रोजगार शुरू करेंगी, जिससे उनके परिवार की आय में वृद्धि हो। सास-बहू योजना का लाभ लेकर बहुत प्रसन्न है और मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद भी देती है।

### इस हफ्ते पाकिस्तान रहा दुनिया का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला शेयर बाजार

**कराची।** पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) में ईद के बाद लगातार दूसरे हफ्ते प्रभावशाली रैली देखी गई और साप्ताहिक आधार पर 'दुनिया का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला बाजार' का खिताब अर्जित किया। आरिफ हबीब लिमिटेड की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्थानीय मीडिया ने ये जानकारी दी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ समझौते के बाद निवेशकों ने जमकर पूंजी लगाई, जिससे सूचकांक लगभग 2,800 अंक बढ़ गया और 44,000 अंक के निशान को पार कर गया।

जेएस ग्लोबल के विश्लेषक मुहम्मद वकास गनी ने आईएमएफ के साथ सरकार के समझौते के बाद निवेशकों के उत्साह पर प्रकाश डालते हुए कहा, इससे बाजार में तेजी आई है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पहले कारोबारी दिन बाजार की बढ़ती गतिविधि के कारण एक घंटे के लिए ट्रेडिंग रोकनी पड़ी। पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित कर्मचारी-स्तरीय समझौते के बाद व्यापक खरीदारी के कारण सोमवार को शेयर बाजार में 2,400 अंकों से अधिक की उल्लेखनीय दैनिक बढ़त देखी गई। हालांकि, संस्थागत मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को मंदी का दबाव बना रहा, जिससे आईएमएफ सौदे के बाद बड़ी रिकवरी के बावजूद बाजार पर कुछ समय के लिए असर पड़ा।

# खाद्य तेल, दाल और अनाज में मिलजुला रुख

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल के साथ ही दाल-दलहन और अनाज के भाव में मिलजुला रुख रहा वहीं मीठे में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा सप्ताहांत पर 11 रिंगिट फिसलकर 3759 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.18 सेंट की गिरावट लेकर 58.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 147 रुपए, सोया रिफाइंड 220 रुपए और पाम ऑयल 133 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि मूंगफली तेल में 220 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सूरजमुखी तेल और वनस्पति के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे।



सप्ताहांत पर सरसों तेल 11941 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20732 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13919 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

# कैट ने डिजिटल भुगतानों पर लेनदेन शुल्क में छूट तथा डिजिटल पेमेंट प्रमोशन बोर्ड गठित करने की मांग की

**नई दिल्ली,** 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत को कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एवं व्यापार तथा लघु उद्योग द्वारा बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाने के लिए, डिजिटल भुगतान पर लेनदेन शुल्क को सरकार द्वारा सीधे बैंकों को सब्सिडी देने की आवश्यकता है- यह कहते हुए कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने यह कहते हुए सरकार से यह भी आग्रह किया की इस उद्देश्य के लिए सरकार एक डिजिटल पेमेंट प्रमोशन बोर्ड गठित करे। खंडेलवाल ने यह भी कहा नेशनल पेमेंट कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया (एनपीसीआई) को यूपीआई, भीम आदि को ही चलाना चाहिए और



पेमेंट इंडस्ट्री को मॉनिटर तथा रेगुलेट करने के लिए पृथक रूप से एक रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जब सरकार द्वारा नीति के रूप में अनेक क्षेत्रों में खुला नेटवर्क बनाया जा रहा है तो पेमेंट इंडस्ट्री को भी खुला नेटवर्क दिया जाना चाहिए ताकि उपयोगकर्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं मिल सके। श्री खंडेलवाल ने कहा की यह आवश्यक है कि केंद्र सरकार डिजिटल भुगतानों पर लगाए जाने वाले लेनदेन शुल्क व्यापारी अथवा ग्राहकों की बजाय सीधे बैंकों को सरकार सब्सिडी दे जिससे व्यापारी अथवा उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ ना पड़े ।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतिया ने कहा कि देश में डिजिटल भुगतान को अपनाने और स्वीकार करने में लेन-देन शुल्क का वित्तीय बोझ डिजिटल पेमेंट को अपनाने में एक बहुत बड़ी बाधा है इस दृष्टि से सरकार ट्रांसक्शन शुल्क को सब्सिडी के माध्यम से सीधे बैंकों को दे दे तो देश में डिजिटल पेमेंट अप्रत्याशित रूप से बढ़ेगा। दूसरी तरफ यह अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को औपचारिक अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने में बड़ा सहायक होगा जिससे सरकार को आय कर एवं अन्य करों में भी बड़ी वृद्धि होगी ! सरकार द्वारा मुद्रा की छपाई और उसकी सुरक्षा और लॉजिस्टिक पर प्रति वर्ष बड़ी राशि खर्च की जाती है। बैंकों को लेनदेन शुल्क में सब्सिडी देने से सभी स्तरों पर डिजिटल भुगतान के व्यापक उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और नकदी के अधिक उपयोग को कम कर भारत को कम नकदी वाले देश में आसानी से परिवर्तित किया जा सकेगा जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल पेमेंट अपनाने के दृष्टिकोण को काफी हद तक पूरा कर सकेगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि एक महीने में तीन बार से अधिक एटीएम के उपयोग से अधिक इस्तेमाल करने पर एटीएम से नकद राशि निकालने पर एक सामान्य शुल्क लगाया जा सकता है।

# 15 महीने बाद वर्ल्ड टूर के फाइनल में पहुंचे लक्ष्य


जीत के बाद नन्हें फैन को ऑटोग्राफ देते हुए लक्ष्य।

## कनाडा ओपन : पीवी सिंधु सेमीफाइनल में हारकर बाहर

**कैलगरी (एजेंसी)।** युवा भारतीय शटलर लक्ष्य सेन रविवार को कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिटमोटो को हराकर 15 महीने बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में पहुंच गए। वहीं अनुभवी शटलर पी.वी. सिंधु महिला एकल सेमीफाइनल में विश्व नंबर एक अकाने यामागुची से हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

अल्मोड़ा से आने वाले 21 वर्षीय लक्ष्य ने 44 मिनट चले सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त निशिमोतो को 21-17, 21-14 से मात दी। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 इवेंट के फाइनल में उनका सामना चीन के ली शी फेंग से होगा। लक्ष्य ने अपना आखिरी फाइनल अगस्त 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में खेला था। बीते कुछ महीनों से खराब फॉर्म के कारण विश्व रैंकिंग में 19 पायदान फिसले लक्ष्य का इस सीजन का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन थाईलैंड ओपन में आया था, जहां वह सेमीफाइनल में हारकर तीसरे स्थान पर रहे थे।

### जीत के बाद लक्ष्य बोले...

लक्ष्य ने जीत के बाद कहा, मुकाबले में मेरी शुरुआत अच्छी नहीं थी। जब मुझे नेट पर लय हासिल हुई तब स्थिति थोड़ी बेहतर हुई। नेट पर सटीक खेल खेलना जरूरी था और हम दोनों वही करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, अंतत: मैं नेट पर नियंत्रण पाने में कामयाब रहा। स्मैश शॉट भी काम कर रहा था। कुल मिलाकर यह बेहद ही चतुराई से खेला गया मुकाबला था और मैं अपने प्रदर्श से खुश हूं।

### सिंधु को यामागुची ने लगातार दूसरी बार हराया



इस बीच, अनुभवी शटलर पी.वी. सिंधु महिला एकल सेमीफाइनल में विश्व नंबर एक अकाने यामागुची के हाथों 14-21, 15-21 से हार गयीं। मौजूदा विश्व चैंपियन के खिलाफ सिंधु की यह लगातार दूसरी हार थी। सिंधु सिंगापुर ओपन के शुरुआती दौर में भी यामागुची से हारी थीं। हाल ही में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर होने वाली सिंधु बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर लगातार खराब फॉर्म से गुजर रही हैं। सिंधु का आखिरी खिताब अगस्त 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में आया था, लेकिन वहां टखने में चोट लगने के कारण वह छह महीने के लिए कोर्ट से दूर हो गयी थीं। जनवरी में चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने कोई खिताब नहीं जीता है। सिंधु मार्च में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता और मलेशिया मास्टर्स में तीसरे स्थान पर रही थीं।

# पाक के खेल मंत्री ने दी वर्ल्ड कप में भारत नहीं आने की धमकी

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2023 और वनडे वर्ल्ड कप 2023 को लेकर अभी भी पाकिस्तान की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं है। भले ही एसीसी और आईसीसी को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की तरफ से टूर्नामेंट खेलने का समझौता पत्र मिल गया हो, लेकिन पीसीबी में हुए बदलाव के बाद एक बार फिर से दोनों टूर्नामेंटों को लेकर पाकिस्तान का कड़ा रुख देखने को मिल रहा है।

अब पाकिस्तान के खेल मंत्री एहसान मजारी ने कहा है कि अगर भारत की टीम एशिया कप 2023 के लिए न्यूट्रल वेन्यू की मांग करती है तो हम भी वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएंगे। मजारी ने कहा, मेरी निजी राय है, क्योंकि पीसीबी मेरे मंत्रालय के अंतर्गत आता है, इसलिए अगर भारत अपने एशिया कप मैच तटस्थ स्थान पर खेलने की मांग करता है, तो हम भी यही मांग भारत में हमारे वर्ल्ड कप मैचों के लिए करेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा है कि उन्हें अहमदाबाद में खेलने से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन शर्त ये है कि भारत की टीम पाकिस्तान आए और तभी पाकिस्तान की टीम भारत में वर्ल्ड कप खेलने के लिए जाएगी।

# जीत के साथ एशेज में इंग्लैंड की वापसी

## तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर दर्ज की पहली जीत, कंगारू अब भी 1-2 से आगे

**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक (75) के अर्धशतक की बदौलत रोमांचक तीसरे एशेज टेस्ट में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर सीरीज को जीवंत रखा। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के सामने 251 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे इंग्लैंड ने सात विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। यह पांच मैचों की घरेलू एशेज सीरीज में इंग्लैंड की पहली जीत है और ऑस्ट्रेलियाई टीम अब सिर्फ 1-2 से आगे है।

तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी में 237 रन ही बना सकी। इसके बाद 26 रनों की बढ़त हासिल करने वाली मेहमान टीम ने दूसरी पारी में 224 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच मार्क वुड ने पहली पारी में पांच विकेट लिए जबकि 24 रन बनाए और दूसरी पारी में दो विकेट लेकर महत्वपूर्ण 16 रन बनाए। इंग्लैंड ने चौथे दिन की शुरुआत 27/0 से की और उसे जीत के लिए 224 रन चाहिए थे। स्टार्क ने इंग्लैंड को दोहरे झटके देते हुए बेन डकेट (23) और तीसरे नंबर पर उतरे मोईन अली (पांच) को पवेलियन भेजा। दूसरे छोर से सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने इंग्लैंड की पारी को संबल दिया। मार्श ने सीरीज में अपना पहला स्पेल डालते हुए क्रॉली को 44 रन के स्कोर पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैचआउट करवाया। इसके अलावा कैरी ने पैट कमिंस की गेंद पर जो रूट (21) का और स्टार्क की गेंद पर बेन स्टोक्स (13) का कैच भी लपका। इंग्लैंड की आधी टीम के 161 रन पर पवेलियन लौटने के बाद जॉनी बेयरस्टो मात्र पांच रन के स्कोर पर बोल्ड हो गए। इंग्लैंड को संकट की स्थिति में पाकर युवा प्रतिभा ब्रूक ने जीत की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। इंग्लैंड की इस अत्यंत महत्वपूर्ण जीत में ब्रूक ने 93 गेंद पर 75 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ब्रूक के रूप में अपना सातवां विकेट गंवाया, लेकिन क्रिस वोक्स (32 नाबाद) और मार्क वुड (16 नाबाद) ने 24 रन की बहुमूल्य साझेदारी कर मेजबान टीम को जीत दिलाई।

### स्कोर बोर्ड


**ऑस्ट्रेलिया** (पहली पारी 263/10, दूसरी पारी 224/10)
**इंग्लैंड** (पहली पारी 237 /10)

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्रॉली कै. कैरी बो. मार्श | 44 | 55 | 5/0 |
| बेन डकेट पगबाधा स्टार्क | 23 | 31 | 3/0 |
| मोईन अली बो. स्टार्क | 05 | 15 | 0/0 |
| रूट कै. कैरी बो. कमिंस | 21 | 33 | 3/0 |
| ब्रूक कै. कमिंस बो. स्टार्क | 75 | 93 | 9/0 |
| स्टोक्स कै. कैरी बो. स्टार्क | 13 | 15 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो. स्टार्क | 05 | 08 | 1/0 |
| क्रिस वोक्स नाबाद | 32 | 47 | 4/0 |
| मार्क वुड नाबाद | 16 | 8 | 1/1 |

**अतिरिक्त**: 20, **कुल**: 50 ओवर में सात विकेट पर 254 रन **विकेट पतन**: 1-42 , 2-60, 3-93, 4-131, 5-161, 6-171, 7-230 **गेंदबाजी**: पैट कमिंस 15-0-77-1, मिचेल स्टार्क 16-0-78-5, स्कॉट बोलैंड 11-1-49-0, मिचेल मार्श 6-0-23-1, टॉड मर्फी 2-0-13-0,


24 रन की मैच विजयी साझेदारी कर टीम को जीत दिलाने के बाद खुशी मनाते हुए इंग्लैंड के क्रिस वोक्स और मैन ऑफ द मैच मार्क वुड।

### पैट कमिंस ने जो रूट को 11वीं बार किया आउट



टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस कप्तान जो रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने रूट को तीसरे टेस्ट में 11वीं बार आउट किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियाने ने रूट को आठ बार अपना शिकार बनाया हैं।

**टेस्ट में रूट को सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज**

| | |
|---|---|
| 11-पैट कमिंस | 8-मिशेल स्टार्क |
| 8-नाथन लियोन | 8- जोश हेजलवुड |


### स्टोक्स ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड



इंग्लैंड की जीत के साथ ही बेन स्टोक्स टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक बार सफलतापूर्वक 250 रनों का लक्ष्य हासिल करने वाले कप्तान बन गए हैं। स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने 5वीं बार यह कारनामा किया। स्टोक्स से पहले यह रिकॉर्ड भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नाम दर्ज था। धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने चार बार 250 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। इस सूची में तीसरे नंबर पर ब्रायन लारा और रिकी पोंटिंग हैं, जिनके नेतृत्व में वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया ने क्रमश: तीन-तीन बार इस कारनामे को अंजाम दिया। वहीं हेडिंग्ले में 6वीं बार 250 से अधिक का लक्ष्य हासिल हुआ।

### सबसे कम गेंद में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बने ब्रूक

- इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। हैरी ब्रूक ने 1058 गेंद खेलकर टेस्ट में अपने 1000 रन पूरे किए। इससे पहले यह रिकॉर्ड डी ग्रैंडहोम के नाम पर था, जिन्होंने 1140 गेंदों पर यह उपलब्धि अपने नाम की थी। वहीं इस मामले में तीसरे नंबर पर टिम साउथी हैं जिन्होंने 1167 गेंदें खेलकर 1000 रन पूरे किए थे।
- हेडिंग्ले टेस्ट की चौथी पारी में इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर का 5वां अर्धशतक लगाया। वह पहली पारी में सिर्फ 3 रन ही बना सके थे।
- हैरी अब तक 10 टेस्ट की 17 पारियों में 64.25 की औसत से 1,028 रन बना चुके हैं। इस प्रारूप में 186 रन के उच्चतम स्कोर के साथ वह अब तक 4 शतक और 5 अर्धशतक जमा चुके हैं।




# हरमनप्रीत के अर्धशतक से जीती भारतीय महिला टीम

## पहले टी-20 में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया



**ढाका।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (54 नाबाद) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (38) के साथ उनकी 70 रन की साझेदारी की बदौलत भारत ने पहले महिला टी20 में रविवार को बांग्लादेश पर सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारत ने इस जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-0 की बढ़त बना ली है।

बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 114 रन बनाए। जवाब में भारत ने तीन विकेट गंवाकर 16.2 ओवर में हासिल कर लिया। सीरीज का दूसरा मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और रनों पर लगाम कसते हुए पावरप्ले में पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं मिन्नू मणि ने शमीमा सुल्तान (17 रन) का विकेट निकाला। पावरप्ले के बाद साथी रानी ने अमनजोत कौर को 22 रन पर अपना शिकार बनाया। बांग्लादेश की पारी में बड़ी साझेदारियां न होना उनकी सबसे बड़ी समस्या रही। कप्तान निगार सुल्तान दो रन ही बना सकी। शोभना ने 33 गेंदें खेलीं लेकिन वह23 रन ही बना सकीं। शोर्ना ने अंततः रितु मोनी के साथ पांचवें विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रितु (13 गेंद, 11 रन) आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर रनआउट हो गयीं, जबकि शोर्ना 28 गेंद पर दो छक्कों की सहायता से 28 रन बनाकर नाबाद रहीं। मिन्नू ने तीन ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि पूजा वस्त्राकर और शेफाली वर्मा को भी एक-एक विकेट हासिल हुआ।

### हरमनप्रीत-मंधाना के बीच 70 रन की साझेदारी

भारत के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरीं शेफाली वर्मा को मारूफा अख्तर ने शून्य रन पर पगबाधा आउट किया। जेमिमा रॉड्रिग्स भी सिर्फ 11 रन ही बना सकीं। मंधाना ने हालांकि दूसरे छोर से अपना प्रहार जारी रखा और भारत ने पावरप्ले में 41 रन बना लिए। हरमनप्रीत ने जीवनदान मिलने के फौरन बाद एकतरफा जीत में 35 गेंद पर दो छक्कों और छह चौकों की सहायता से नाबाद 54 रन बनाते हुए मंधाना के साथ तीसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की। मंधाना लक्ष्य तक पहुंचने से पहले आउट हो गयीं, लेकिन हरमनप्रीत ने 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई।

# हम्पी व हरिका करेंगी एशियाई खेलों में भारतीय शतरंज दल का नेतृत्व

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए 10 सदस्यीय दल की रविवार को घोषणा की, जिसका नेतृत्व एशियाई खेलों की दोहरी स्वर्ण पदक विजेता कोनेरू हम्पी और कांस्य पदक विजेता द्रोणावल्ली हरिका करेंगी। भारतीय दल की घोषणा रविवार को यहां आयोजित एआईसीएफ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान की गई।

**एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम:** पुरुष: डी. गुकेश, विदित गुजराती, अर्जुन एरिगैसी, पी. हरिकृष्णा और आर. प्रागनानंद। महिलाएं: कोनेरू हम्पी, द्रोणावल्ली हरिका, आर. वैशाली, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री।

# जीसीएल की तर्ज.पर शतरंज लीग आयोजित करेगा एआईसीएफ

**कानपुर।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) की सफलता से प्रभावित होकर निकट भविष्य में इंडियन चेस लीग के आयोजन की योजना बनायी है। एआईसीएफ ने वार्षिक आम बैठक के सफल समापन के बाद रविवार को इसकी घोषणा की। इस बैठक में 32 राज्य सदस्य इकाइयों के प्रतिनिधि, सम्मानित गणमान्य व्यक्ति और प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। महासंघ ने एक विज्ञप्ति में कहा,ह्लअखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की कि भारतीय शतरंज लीग अंततः एक वास्तविकता हो सकती है क्योंकि उन्होंने निकट भविष्य में इसके लिये निविदाएं आमंत्रित करने की घोषणा की है। विज्ञप्ति में कहा गया कि दुबई में हाल ही में समाप्त हुई ग्लोबल चेस लीग की भारी सफलता के बाद इंडियन चेस लीग की घोषणा लगभग जरूरी हो गयी थी। डॉ. संजय कपूर ने कहा,ह्लनिश्चित रूप से इंडियन (चेस) लीग जल्द ही आयोजित होगी, हम एक नयी प्रक्रिया पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं जो जल्द ही लागू होगी। उल्लेखनीय है कि जीसीएल का आयोजन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के संयुक्त प्रयास से हुआ था। लीग प्रारूप में खेले गये इस टूनामेंट में महिला, पुरुष एवं युवा खिलाड़ियों से सजी छह फ्रेंचाइजियों ने हिस्सा लिया था। इस बीच, एआईसीएफ ने सितंबर में चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिये टीम की घोषणा की। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, विदित गुजराती, पी हरिकृष्णा, अर्जुन एरीगैसी और आर प्रगनानंद ओपन खंड में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि महिलाओं में कोनेरू हम्पी, डी हरिका, आर वासिहाली, वंतिका अग्रवाल और बी सविता श्री महिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# गौरांशी ब्राजील में करेंगी देश का प्रतिनिधित्व



**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य बैडमिंटन अकादमी ग्वालियर की खिलाड़ी गौरांशी शर्मा ब्राजील में 10 से 12 जुलाई तक आयोजित तीसरी विश्व बधिर युवा एवं 14 से 25 जुलाई, 2023 तक आयोजित छठवीं विश्व बधिर वयस्क बैडमिंटन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम में शामिल गौरांशी शर्मा मध्य प्रदेश से एकमात्र खिलाड़ी हैं। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गौरांशी भारतीय दल के साथ ब्राजील के लिए रवाना हो गई हैं। पन्द्रह वर्षीय गौरांशी ने हैदराबाद में पुलेला गोपीचंद अकादमी में बीस दिनी एडवांस कोचिंग कैंप में प्रशिक्षण लिया। इसके बाद भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा दिल्ली में एक से 8 जुलाई, 2023 तक आयोजित भारतीय कैंप में तैयारियों को अंतिम रूप दिया और वहां से ब्राजील के लिए रवाना हो गई। गौरांशी ने लंबे समय तक भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में बैडमिंटन की बारीकियां सीखी हैं। ब्राजील में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतने के लिए गौरांशी को खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने शुभकामनाएं दी हैं।

## विंबलडन जेसिका पेगुला और जैनिक सिनर जीते, पोतापोवा हारीं

# आंद्रीवा पदार्पण सीजन में ही चौथे दौर में पहुंची



**लंदन।** अमेरिका की अनुभवी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला और रूस की युवा सनसनी मीरा आंद्रीवा ने रविवार को विंबलडन में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की।

पेगुला ने प्री-क्वार्टरफाइनल में लेसिया सुरेंको को 6-1, 6-3 से हराया, जबकि 16 वर्षीय आंद्रीवा ने तीसरे चरण में अपनी हमवतन एनेस्तेसिया पोतापोवा को 6-2, 7-5 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 102वें स्थान पर मौजूद आंद्रीवा क्वॉलीफायर के जरिए विंबलडन मुख्य ड्रॉ में पहुंची हैं और अपने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खेल रही हैं। वह 2019 में 15 वर्षीय कोको गॉफ के बाद विंबलडन में प्री-क्वॉर्टरफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी हैं। गॉफ की तरह आंद्रीवा भी विंबलडन में पदार्पण कर रही हैं और इससे पहले उन्होंने कभी ग्रास कोर्ट प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया था। प्री-क्वॉर्टरफाइनल में आंद्रीवा का सामना अमेरिका की मैडिसन कीज़ से होगा। पेगुला अपने प्री-क्वॉर्टरफाइनल में सुरेंको को एकतरफा रूप से हराने के बाद शीर्ष-आठ में मार्केटा वोंद्रोसोवा से भिड़ेंगी।

### आंद्रे रुबलेव ने पहली बार अंतिम-8 में जगह बनाई

रूस के युवा प्रतिभावान खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव ने विंबलडन के शीर्ष-16 दौर में रविवार को कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर बब्लिक को हराकर पहली बार टूर्नामेंट के क्वॉर्टरफाइनल में प्रवेश किया। सातवीं सीड रुबलेव ने तीन घंटे 17 मिनट चले कड़े मुकाबले में अपने कजाक प्रतिद्वंदी को 7-5, 6-3, 6-7(6), 6-7(5), 6-4 से मात दी। क्वार्टरफाइनल में रुबलेव का सामना सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच या पोलैंड के ्यूबर्ट हरकैज से होगा। इसी बीच, इटली के 21 वर्षीय युवा सनसनी जैनिक सिनर ने कोलंबिया के डैनियल एलाही गैलन को 7-6(4), 6-4, 6-3 से परास्त किया। आठवीं सीड सिनर क्वार्टरफाइनल में रूस के रोमन सफिउल्लीन से भिड़ेंगे।

# श्रीलंका ने जीता विश्व कप क्वॉलीफायर

## फाइनल में नीदरलैंड को 128 रन से रौंदा



**हरारे।** सहान अराच्चिगे (57) के जुझारू अर्धशतक और महीष तीक्षणा (31/4) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने एकदिवसीय विश्व कप क्वॉलीफायर के फाइनल में रविवार को नीदरलैंड को 128 रन से रौंदकर खिताब अपने नाम किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम 47.5 ओवर में 233 रन पर ऑलआउट हो गई। जबाव में नीदरलैंड 105 रन पर ही सिमट गया। श्रीलंका के लिए सहान अराच्चिगे ने 71 गेंद पर सर्वाधिक 57 रन बनाए। इसके अलावा कुसल मेंडिस ने 43 रन, चरिथ असलंका ने 34 रन, हसरंगा ने 29 रन और मतीशा पथिराना 13 रन का योगदान दिया।डच टीम के लिए मैक्स ओडाउड ने सर्वाधिक 33 रन बनाए, हालांकि इसके लिए उन्होंने 63 गेंदें भी खेलीं। लोगन वान बीक ने 20 रन का योगदान दिया जबकि आठ डच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। श्रीलंका की ओर से युवा ऑफ-स्पिनर तीक्षणा ने 6.3 ओवर में 31 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए। दिलशन मदुशंका ने तीन विकेट जबकि वानिंदू हसरंगा ने दो सफलताएं हासिल कीं। विश्व कप क्वॉलीफायर की शीर्ष दो टीमें होने के नाते श्रीलंका और नीदरलैंड अक्टूबर-नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप 2023 में हिस्सा लेंगी।

# प्रियांश बने अंडर-21 कंपाउंड विश्व चैंपियन

**लिमरिक (आयरलैंड)।** भारत के प्रियांश विश्व तीरंदाजी यूथ चैंपियनशिप की अंडर-21 कंपाउंड प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतकर विश्व चैंपियन बन गये हैं। प्रियांश ने शनिवार को खेले गये पुरुषों के अंडर-21 व्यक्तिगत फाइनल में स्लोवेनिया के अल्जाज ब्रेन्क को 147-141 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। प्रियांश के लिये शुरूआती दौर काफी कड़ा रहा, जहां पूर्व अंडर-18 विश्व चैंपियन ब्रेन्क ने लक्ष्य के करीब दो तीर मारकर भारतीय खिलाड़ी को 29-29 से बराबरी पर ला दिया। प्रियांश ने दूसरे राउंड में धैर्य दिखाया और 30 के सटीक स्कोर के साथ अपने प्रतिद्वंदी पर तीन पॉइंट की बढ़त बना ली। चौथे राउंड के अंत तक प्रियांश की बढ़त छह पॉइंट तक पहुंच गयी। पांचवें और आखिरी राउंड में दोनों शूटरों ने 29 पॉइंट स्कोर किये, लेकिन यह प्रियांश को जीत दिलाने के लिये काफी था। इससे पहले, अदिति स्वामी ने महिलाओं का अंडर-18 खिताब जीतने के लिये अमेरिका की लीन ड्रेक को 142-136 से हराया था।



# ताली योग नहीं रहेगा कोई रोग



आश्रमों के भ्रमण करने पर और महिला संगीत आयोजनों में सदैव यह देखा जाता है कि प्रभु आराधना में लोग इस तरह से तल्लीन हो जाते हैं कि वे जोर-जोर से तालियां बजाते हैं और आप संकोच करते हुए बैठे रहते हैं तो जनाब, संकोच छोड़िए और ताली बजाना आज से ही शुरू कर दीजिए, क्योंकि यह आपको रोगमुक्त कर सकता है। भजन या कोई गीत गाते समय ताली बजाने की परंपरा आज कोई नई नहीं है, यह तो सदियों से चली आ रही है।

*ताली बजाने पर* हाथों के सारे बिंदु दब जाते हैं और धीरे-धीरे शरीर में व्याप्त रोगों का सुधार होता है। ताली चिकित्सा की प्रामाणिकता मंदिरों में महसूस की जा सकती है। यहां भक्तगण तालियां बजाते हुए भजन-कीर्तन करते हैं, जिससे विशेष प्रकार की सूक्ष्म तरंगें निकलकर पूरे वातावरण को आनंदमय बना देती हैं।

### डब्लूबीसी होती हैं शक्तिशाली

यदि आप लगातार ताली बजाते हैं तो इससे रक्त में श्वेत-कणों को शक्ति मिलती है और अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मानव शरीर में रोग-प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि होती है। ध्यान साधना करते वक्त भी ताली योग बहुत ही सहायक माना जाता है, क्योंकि जब हम ध्यान में बैठते हैं तो हमारी आंखें बंद होती हैं, पर हमारे कान खुले होते हैं और जरा-सी आहट होने पर हमारा ध्यान भंग होने की संभावना रहती है, परंतु यदि हम ताली बजाते हैं तो धीरे-धीरे हमारा ध्यान ताली की आवाज से तालमेल बैठा लेता है और हमारे मन का बाहरी चीजों से संबंध टूट जाता है। इस तरह हम ध्यान का अभ्यास निरंतर कर सकते हैं।

### आओ करके जानें

यदि हम पेट संबंधी रोग जैसे गैस, कब्ज, अपच, मानसिकतनाव, एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन से पीड़ित हैं, तो हमें दायें हाथ की चार अंगुलियों को बाएं हाथ की हथेलियों पर जोर-से मारना चाहिए और इस अभ्यास को सुबह-शाम कम-से-कम 5 मिनट करना चाहिए। इन समस्याओं से मुक्त हो सकते हैं।

### निम्न रक्तचाप पर प्रयोग

निम्न रक्तचाप में ताली बजाकर तुरंत ही ऊर्जावान बन सकते हैं। निम्न रक्तचाप के रोगियों को खड़े होकर दोनों हाथों को सामने लाकर ताली बजाते हुए नीचे से ऊपर की ओर गोलाकार घुमाएं और दिशा नीचे से ऊपर की ओर होना चाहिए। यह निम्न रक्तचाप को सामान्य करने में बहुत ही लाभदायक तरीका है। ताली योग के द्वारा हृदय रोग, कमर दर्द, सरवाइकल जैसे रोग भी दूर होते हैं।

### एक योग से लाभ अनेक

एक्यूप्रेशर, सूजोक एवं ताली योग पद्धति के अनुसार, हमारे हाथों में सभी बीमारियों को ठीक करने के बिंदु होते हैं, जिन्हें दबाकर प्रत्यक्ष या फिर अप्रत्यक्ष रूप से रोगों को दूर किया जाता है। शरीर में सभी आंतरिक उत्सर्जन संरचनाओं के प्वॉइंट हमारी दोनों हथेलियों में होते हैं। जब हम ताली योग का अभ्यास करते हैं तो उन सभी आंतरिक उत्सर्जन अंगों में उत्तेजना होती है, जिससे हमारा ह्यूमन सिस्टम सुचारू रूप से कार्य करता है। हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### लाभ

ताली योग से हृदय रोग, श्वास संबंधी रोग, गर्दन दर्द, कमर दर्द, कब्ज और अजीर्ण, भूख ना लगना जैसे रोगों में बहुत लाभ होता है। तीव्र गति से इसका अभ्यास हमारे शरीर का तापमान बढ़ा देता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद मिलती है। हमारे खून में लाल कण की क्षमता बढ़ जाती है। अनिद्रा, अवसाद, तनाव, कुंठा, जीवन के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण जैसे रोग भी धीरे-धीरे दूर हो जाते हैं। ताली योग के अभ्यास से सांस फूलना, खर्राटे और श्वास की नलियों की रुकावट भी स्वत: दूर हो जाती है।

### ताली योग का अभ्यास

ताली योग का अभ्यास हम पद्मासन या फिर सुखासन और चलते वक्त पार्क में भी कर सकते हैं। इसका अभ्यास करने के लिए हमें अपनी दोनों हथेलियों को जोर-जोर से एक-दूसरे पर मारना होता है। शुरू-शुरू में इसका अभ्यास कम-से-कम 2 मिनट अवश्य करना चाहिए और फिर इसको बढ़ाते हुए लगभग रोज 10 मिनट तक अभ्यास करना चाहिए।

### सावधानियां

हृदय रोगी और उच्च रक्तचाप के रोगी, योग गुरु के सान्निध्य में ही इसका अभ्यास करें।

### विशेष

ध्यान रहे, हाथों की दसों अंगुलियों पर अंगुलियां और हथेली पर हथेली को जोर-जोर से मारते हुए, एक साथ एक ही जैसी आवाज में ताली योग का अभ्यास करें।



# रोगनाशक है बकरी का दूध



**क्या आपने कभी ट्राई किया है नहीं न, तो कर लीजिए। कहीं से बकरी के दूध का बंदोबस्त कर लीजिए। यह सेहत का धनी होने के साथ-साथ रोगनाशक भी है। पोषक तत्वों से भरा बकरी का दूध न केवल सेहत के लिए अच्छा होता है, बल्कि यह आपको दिल की बीमारियों से भी बचाता है।**

### पोषक तत्वों से मालामाल

नियमित रूप से बकरी का दूध पीने से एनीमिया मतलब खून की कमी से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह दूध हीमोग्लोबिन बनने में मदद करता है। बकरी के दूध में मौजूद वसा कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम कर देता है और यह दिल के रोगों को आपसे दूर रखता है।

प्रोफेसर मारगेरिटा सैनचेज कैम्पोस के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने पाया कि बकरी के दूध में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इनमें 'कैसीन' प्रोटीन भी शामिल है। यह प्रोटीन बकरी के दूध को मानव दूध के समान बनाता है।

इसमें मानव दूध के समान ओलिगोग्लिसराइड्स भी मौजूद होते हैं। बकरी के दूध में गाय के दूध से लेक्टोज (दूध में पाई जाने वाली शर्करा) की मात्रा कम होती है।



# दिमाग तंदुरुस्त रखता है मेल-जोल

**दिमाग को स्वस्थ और तेज रखना है तो जरूरी है कि आप दोस्तों से मिलते-जुलते रहें, पार्टियों में जाएं और नहीं तो बिंगो ही खेलें।**

**दिमाग की** तंदुरुस्ती के लिए ये उपाय एक नए शोध में सुझाए गए हैं। इसके मुताबिक सामाजिक गतिविधियां बढ़ती उम्र में याददाश्त को कमजोर पड़ने से रोकने में मददगार होती हैं। यह दावा 'रश यूनीवर्सिटी मेडिकल सेंटर' के शोध में किया गया है। मुख शोधकर्ता ब्रियान जेम्स के हवाले से लिखा गया है कि यह सोचना तार्किक है कि जब किसी की याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है तो वह बाहर जाने और दोस्तों से मिलने, यात्रा का आनंद उठाने या सामुदायिक कार्यो में कम रुचि लेने लगता है। जेम्स के अनुसार, यदि याददाश्त और सोचने की क्षमता प्रभावित होती है तो सामाजिक रूप से मिलना-जुलना कठिन होता है। लेकिन हमारे शोध में पाया गया है कि सामाजिक रूप से सक्रिय न होने से भी याददाश्त कमजोर होती है।

शोध में करीब 80 वर्ष की उम्र के 1,138 लोगों को शामिल किया गया। उनका हर साल मूल्यांकन किया गया।

शुरू में सभी याददाश्त कमजोर पड़ने के लक्षणों से मुक्त थे। लेकिन औसतन पांच साल बाद पाया गया कि जो लोग सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय थे, उनमें याददाश्त कमजोर पड़ने का खतरा कम था। सामाजिक गतिविधियों में कम सक्रिय लोगों की तुलना में अधिक सक्रिय लोगों में याददाश्त कम पड़ने का खतरा एक चौथाई ही था।

# जरूरी है पर्याप्त आराम

**डॉक्टरों का कहना है कि नींद की कमी कई बीमारियों का कारण होती है और छरहरी काया के शौकीनों का वजन भी इसकी वजह से बढ़ सकता है। सोने से व्यक्ति कम से कम अपनी सेहत खोने से बच जाता है। दिन-भर तरोताजा रखने वाली यह नींद न केवल कई बीमारियों को दूर भगाती है, बल्कि वजन को भी नियंत्रित रखने में मददगार साबित होती है।**





### कई समस्याओं का कारण

महानगरों के लोगों में तनाव बढ़ने का एक अहम् कारण उनका पर्याप्त नींद न ले पाना है। नींद पूरी न होने के कारण कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। शरीर की विभिन्न क्रियाओं का समय अलग-अलग होता है। कुछ क्रियाएं रात को होती हैं और उनके लिए नींद जरूरी होती है। इन क्रियाओं में तनाव बढ़ाने वाले हार्मोनों का स्तर कम होना भी शामिल है और इसमें नींद की खास भूमिका होती है। तनावग्रस्त करने वाले हार्मोन का स्तर कम होने से व्यक्ति शांत और सामान्य महसूस करता है।

### प्रभावित होती है नियंत्रण क्षमता

अपर्याप्त नींद के कारण लोगों के सोचने, तनाव से निपटने, स्वास्थ्य प्रतिरक्षा तंत्र को ठीक रखने तथा भावनाओं पर नियंत्रण करने की क्षमता प्रभावित होती है। लोग जब नींद पूरी नहीं कर पाते हैं तो उनकी ध्यान केंद्रित करने की क्षमता प्रभावित होती है और उनमें स्मृति ह्रास होता है।

### नींद न आने के कारण

नींद नहीं आने के कई कारण हैं, जिनमें तनाव सबसे पहले है। तनाव की स्थिति में कई ऐसे हार्मोन उत्पन्न होते हैं, जो शरीर की विभिन्न क्रियाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। इससे चयापचय प्रणाली और जैविक चक्र प्रभावित होता है और नींद नहीं आती। एनोरेक्सिया नर्वोसा अनिद्रा का वह कारण है, जिससे बहुत कम लोग प्रभावित होते हैं, लेकिन इन दिनों डाइटिंग के बढ़ते चलन की वजह से यह अत्यंत महत्वपूर्ण भी है। शरीर की आहार की जरूरत पूरी न होने पर यह बीमारी होती है। इसके प्रभावितों को शरीर तथा मस्तिष्क के सामान्य कामकाज के लिए जरूरी कैलोरी की कमी हो जाती है। ऐसे लोगों को बहुत जल्दी थकान हो जाती है और नींद नहीं आती।

कई बार कोई भयावह यादें अवचेतन में जड़ें जमा चुकी होती हैं, जिनकी वजह से भी नींद नहीं आती। कारण कोई भी हो, नींद अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। नींद पूरी न होने से पाचन और तंत्रिका तंत्र सुचारु तौर पर काम नहीं करता. जो लोग पर्याप्त नींद नहीं लेते, उनका शरीर बाहरी तौर पर फूलता हुआ सा दिखता है।

### नींद की स्वास्थ्य में भूमिका

योग विशेषज्ञ मोहन बेसेकर के अनुसार नींद में मस्तिष्क पुरानी यादों को एकत्रित करने लगता है। इस दौरान मस्तिष्क को नए अनुभव और ज्ञान अर्जित करने के लिए काम करने में मदद मिलती हैं, जिससे समझने की क्षमता बढ़ती है। दिन-भर तरोताजा रहने और शरीर के सभी अंगों को सुचारु तौर पर संचालित करने के लिए कम से कम छह से आठ घंटे की नींद जरूरी है।

जो लड़कियां अपना वजन नियंत्रित रखना चाहती हैं, उन्हें भी इसके लिए पूरी नींद लेना जरूरी है। नींद भूख को प्रभावित करने और नियंत्रित करने वाले हार्मोंस का भी नियमन करती है। पर्याप्त नींद के अभाव में हार्मोन संतुलन बिगड़ जाता है और भूख बढ़ जाती है। लेकिन इस स्थिति में तला-भुना खाने की ज्यादा इच्छा होती है, जिससे वजन बढ़ता है।

अच्छी नींद रक्तचाप को भी नियंत्रित रखती है। शरीर का चक्र ऐसा होता है, जिसमें अगर आपको सही नींद न आए तो आपके सभी हार्मोंस का स्तर बिगड़ जाता है। रक्तचाप में असंतुलन आने की प्रवृत्ति होने पर पर्याप्त नींद बहुत जरूरी है।

# कार को टाटा साइकिल को हाय

**तंदुरुस्ती** हजार नियामत है, ऐसा कभी मैंने पढ़ा था जो सच है, कुछ व्यायाम अपने आप में एक सम्पूर्ण व्यायाम होते हैं, जैसे साइकिल चलाना, तैरना, रस्सी कूदना तथा दौड़ लगाना आदि। कार से उतरें तथा प्रतिदिन कम से कम 5-6 किलोमीटर तक साइकिलिंग करें और फिर आप पाएंगे एक बेहतर फिटनेस।

नियमित साइकिल चलाने से पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। यह न केवल सर्वोत्तम व्यायाम है, अपितु खर्च भी बचाता है। बहुत से लोग चाहकर भी साइकिल नहीं चला पाते। सोचते हैं लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे आदि बातों की कल्पना करते हैं।



साइकिल चलाने को एक व्यायाम के रूप में अपनाइए तो इसके ढेर सारे लाभ होते हैं। यदि समतल सड़क या मैदान पर साइकिल चलाई जाए तो इसमें थकान कम और व्यायाम अधिक होता है।

जिनके घुटने के जोड़ दुखते हैं या शरीर में जकड़न महसूस होती है, वे अनिवार्य रूप से एक घंटे साइकिल चलाएं। जरूरी नहीं है कि सड़कों या मैदानों में जाकर ही यह कार्य करें। चाहें तो घर के किसी कमरे में साइकिल को स्टैंड पर खड़ी करके सीट पर बैठ जाएं तथा पैडल मारें, इससे घुटनों का अच्छा व्यायाम हो जाता है तथा जोड़ खुलने लगते हैं। पैरों की पिंडलियां, मांसपेशियां भी मजबूत बनती हैं।

साइकिल चलाना सबसे सरल व्यायाम है, इसे स्त्री-पुरुष और बच्चे सभी अपना सकते हैं। हां, अपनी ऊंचाई के हिसाब से साइकिल लेनी चाहिए अन्यथा फायदे कम, नुकसान ही ज्यादा होंगे।

साइकिल चलाने का सर्वोत्तम समय सुबह होता है। इस समय ज्यादा ट्रैफिक नहीं रहता। अत: प्रदूषण बहुत कम होता है और वायु भी शुद्ध मिलती है। याद रहे, शुरुआत में साइकिल कम दूरी तक ही चलाएं तथा उसकी गति मध्यम हो, जगह चढ़ाई वाली न हो।

जो लोग अपने मोटापे से दु:खी हैं, उन्हें नियमित रूप से साइकिल चलाना चाहिए, इससे मोटापा घटता है। साइकिल चलाने से जांघें भी मजबूत होती हैं तथा शरीर में रक्त संचालन भी सही ढंग से होता है, जिससे फेफड़े भी मजबूत बनते हैं।

# 65 वर्ष की हुयी नीतू सिंह



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नीतू सिंह आज 65 वर्ष की हो गयी। 08 जुलाई 1958 को जन्मीं नीतू सिंह को नृत्य में काफी रूचि थी। उनकी रूचि को देखते हुये उनकी मां राजी सिंह ने उसे प्रसिद्ध अभिनेत्री वैजयंती माला के नृत्य स्कूल में नृत्य सीखने की अनुमति दे दी। नृत्य सीखने के दौरान वैजयंती माला उनके नृत्य करने के अंदाज से काफी प्रभावित हुयीं और अपनी फिल्म ..सूरज ..में बाल कलाकार के रूप में काम करने की उनसे पेशकश की जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया।साठ के दशक में नीतू सिंह ने कई फिल्मों में बाल कलाकार के रूप में अभिनय किया। इनमें 1968 में प्रदर्शित फिल्म .दो कलियां..खासतौर पर उल्लेखनीय है। इस फिल्म में उनकी दोहरी भूमिका को सिने प्रेमी शायद हीं कभी भूल पायें। फिल्म में उन पर फिल्माया गीत ..बच्चे मन के सच्चे .. दर्शकों और श्रोताओं के बीच आज भी लोकप्रिय है।

नीतू सिंह ने अभिनेत्री के रूप में अपने सिने कैरियर की शुरूआत 1973 में प्रदर्शित फिल्म ..रिक्शावाला .. से की। इस फिल्म में उनके नायक के रूप में रणधीर कपूर थे। कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी।नीतू सिंह को प्रारंभिक सफलता दिलाने में निमार्ता.निर्देशक नासिर हुसैन की



वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म ..यादों की बारात .. का अहम स्थान है। इस फिल्म में उन्हें एक छोटी सी भूमिका निभाने का अवसर मिला। फिल्म में उनपर फिल्माया गीत ..लेकर हम दीवाना दिल .. उन दिनों श्रोताओं के बीच क्रेज बन गया था।आज भी यह गीत श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता है।

.यादो की बारात .. की सफलता के बावजूद नीतू सिंह फिल्म इंडस्ट्री में लगभग दो वर्ष मुंबई में संघर्ष करती रहीं। आश्वासन तो सभी देते लेकिन उन्हें अच्छी फिल्मों में काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। इस बीच नीतू सिंह ने शतरंज के मोहरे, आशियाना और हवस जैसी बी और सी ग्रेड वाली फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास फायदा नहीं पहुंचा।वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म ..खेल खेल में.. मुख्य अभिनेत्री के रूप में नीतू सिंह के सिने कैरियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में उनके नायक की रूप में ऋषि कपूर थे।युवा प्रेम कथा पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों के काफी पसंद किया। फिल्म की सफलता के साथ ही नीतू सिंह अभिनेत्री के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गयी।


वर्ष 1975 में ही नीतू सिंह को दीवार और रफूचक्कर जैसी सुपरहिट फिल्मों में भी काम करने का अवसर मिला।फिल्म दीवार पूरी तरह अमिताभ बच्चन और शशि कपूर पर आधारित थी जबकि फिल्म रफूचक्कर में उन्हें एक बार फिर से ऋषि कपूर के साथ काम करने का अवसर मिला।युवा प्रेम कथा पर आधारित यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी ।नीतू सिंह की जोड़ी अभिनेता ऋषि कपूर के साथ काफी पसंद की गयी। नीतू सिंह और ऋषि कपूर की जोड़ी सबसे पहले ..खेल खेल में.. पसंद की गयी।बाद में इस जोड़ी ने रफूचक्कर, जहरीला इंसान, जिंदादिल, कभी.कभी, अमर अकबर एंथनी, अनजाने, दुनिया मेरी जेब में, झूठा कहीं का, धन दौलत और दूसरा आदमी आदि फिल्मों में युवा प्रेम की भावनाओं को निराले अंदाज में पेश किया।

अस्सी के दशक में नीतू सिंह फिल्म इंडस्ट्री की चोटी की अभिनेत्रियों में शुमार की जाती थी। इस दौरान उन्हें कई फिल्मों में काम करने के लिये कई प्रस्ताव मिले लेकिन उन्होंने इन सभी प्रस्तावो को ठुकरा दिया और अभिनेता ऋषि कपूर से शादी कर-के फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया।वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म 'तीसरी आंख' अभिनेत्री के रूप में नीतू सिंह की अंतिम फिल्म साबित हुयी। नीतू सिंह ने कई फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता लेकिन दुर्भाग्य से वह किसी भी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर से सम्मानित नहीं की गयी।

# वायरस 2062 में स्टोरी टेलिंग के बारे में एक्सप्लोर करना दिलचस्प रहा अनुभवः ऋचा चड्ढा




एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा थ्रिलर ऑडियो सीरीज वायरस 2062 के सीजन-2 में डॉक्टर गायत्री राजपूत के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एक वॉइस एक्टर के रूप में स्टोरी टेलिंग के बारे में एक्सप्लोर करना दिलचस्प अनुभव है। वायरस 2062 चिली के स्पॉटिफाई ओरिजिनल कैसो 63 का हिंदी रूपांतरण है। मुख्य पात्र के रूप में रियल लाइफ कपल ऋचा और अली फजल द्वारा आवाज दी गई, ऑडियो थ्रिलर का यह सीजन टाइम, स्पेस और रियलिटी मिस्ट्री को वापस लाता है। ऋचा ने कहा, पहले सीजन की सफलता के बाद, वायरस 2062 के दूसरे सीजन के लिए डॉ. गायत्री राजपूत के रूप में भूमिका दोहराना चुनौती भरा रहा है। सीजन-2 में, हम एक नई टाइमलाइन में उभरते हैं, जहां गायत्री को भूमिकाओं के उलटफेर और एक नई वास्तविकता से जूझना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा, स्पॉटिफाई और मंत्रा के साथ एक वॉइस एक्टर के रूप में स्टोरी टेलिंग के बारे में एक्सप्लोर करना दिलचस्प अनुभव है, और हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि श्रोता वायरस 2062 के इस सीजन पर अपनी क्या प्रतिक्रिया देते हैं। एमएनएम टॉकीज द्वारा निर्मित और मंत्रा मुग्ध द्वारा निर्देशित फिक्शनल सीरीज के सीजन-2 में 10 एपिसोड हैं। इसमें ऋचा को मनोचिकित्सक डॉ. गायत्री राजपूत और अली को उनके क्लाइंट पीटर परेरा के रूप में दिखाया गया है।



# गौहर खान ने 10 दिन में 10 किलो वजन कम किया

जानीमानी अभिनेत्री गौहर खान ने 10 दिनों में 10 किलो वजन कम करने का राज बताया है।

गौहर खान और उनके पति जैद दरबार ने 10 मई को बेटे का वेलकम किया था। गौहर और जैद ने अपने बेटे का नाम जेहान रखा है। गौहर खान इन दिनों अपने मदरहुड को इंजॉय कर रहीं हैं। गौहर अपनी प्रेगनेंसी के दिनों में भी अपनी हेल्थ की पूरा ध्यान रखती थी और अब भी वह एक दम फिट नजर आती हैं।

गौहर ने बताया कि कैसे डिलीवरी के तुरंत बाद उन्होने अपना वजन कम किया। गौहर ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए शेयर किया कि उन्होने जेहान के जन्म के बाद 10 दिनों में 10 किलो वजन कम किया था।

गौहर खान ने बताया, मैंने सोचा था कि मुझे प्रेग्नेंसी के दौरान वजन कम करने में थोड़ा टाइम लगेगा। बच्चे के वजन को एक तरफ रख दें, तो भी आपका 5-6 हफ्ते में कुछ किलो वजन कम हो जाता है, लेकिन मुझे नहीं पता कि मेरा वजन अचानक 10 किलो कैसे कम हो गया।मैं डिलीवरी के नेक्स्ट डे से ही अपने बच्चे के लिए खुद ही सब कुछ करने के लिए पूरी तरह से एक्टिव थी। फिजिकल एक्टिवनेस, शायद थकान और बच्चे के लिए जो कुछ भी मुझे करना पड़ा, उससे वजन कम हुआ।



# पति की तलाश में फिर निकलीं राखी सावंत



ड्रामा क्वीन के नाम से मशहूर एक्ट्रेस राखी सावंत अपने अनोखे अंदाज के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने टमाटर के दाम बढ़ने पर नाराजगी जताई थी। अब यह बात सामने आई है कि राखी एक बार फिर से अपने लिए पति की तलाश कर रही हैं। रितेश और आदिल खान के बाद राखी ने तीसरी बार शादी करने की इच्छा जताई, जिसका वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राखी के इस वीडियो को देखने के बाद नेटिजन्स ने उनकी तुलना उर्फी जावेद से कर दी है। राखी सावंत का यह वीडियो सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में राखी भरी बारिश में अपने ही सिर पर अंडे तोड़ती नजर आ रही हैं। साथ ही ऐसा करते हुए राखी कह रही हैं, """मुझे एक अच्छा पति मिल जाए। वह पूछती नजर आ रही हैं कि बाबा, मैंने सारे अंडे तोड़ दिए, मेरे पति कहां हैं। इस बारे में पैपराजी से बात करते हुए राखी ने कहा, "अगर मैं अपने सिर पर 5 अंडे फोड़ लूं तो मुझे अच्छा पति मिलेगा।" अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

हालांकि राखी के वीडियो को नेटिजन्स ने ट्रोल किया है। एक नेटिजन ने राखी की तुलना उर्फी से करते हुए लिखा, "उर्फी उनसे बेहतर हैं।" एक अन्य नेटिजन ने लिखा, उसे एक मनोचिकित्सक को दिखाने की जरूरत है। तीसरे ने भी लिखा, "यह बहुत अच्छा है। लेकिन खाने को इस तरह बर्बाद होते देखना बहुत दुखद है।

इसी बीच राखी ने गुपचुप तरीके से आदिल खान से शादी कर ली थी लेकिन कुछ ही महीनों में राखी ने आदिल पर घरेलू हिंसा और धोखाधड़ी का आरोप लगाया। उसके बाद उन्होंने आदिल से तलाक लेने का फैसला किया। फिलहाल आदिल दुरार्नी जेल में हैं और तलाक की प्रक्रिया चल रही है।

# शाहरुख पर बेतुका बयान देने पर ट्रोल हो रही पाकिस्तानी एक्ट्रेस



पाकिस्तानी एक्ट्रेस महनूर बलोच को बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के एक्टिंग स्किल्स और लुक्स पर कमेंट करने पर ट्रोल का सामना करना पड़ रहा हैं। महनूर बलोच ने पाकिस्तानी चैट शो हद करदी के दौरान शाहरुख को लेकर कमेंट किया। उन्होंने कहा, शाहरुख खान के पास बहुत अच्छी पर्सनालिटी है, लेकिन अगर आप ब्यूटी पैरामीटर के हिसाब से देखेंगे कि कौन हैंडसम है तो वह इस पैरामीटर के अंदर नहीं आते हैं। चैट शो होस्ट के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि शाहरुख को एक्टिंग करनी नहीं आती है। एक्ट्रेस ने कहा, ये मेरा शाहरुख खान को लेकर ओपिनियन है, उन्हें एक्टिंग नहीं आती है। वह एक अच्छे बिजनेसमैन हैं, वो जानते हैं कि खुद को कैसे मार्केट किया जाए। ये मेरी निजी राय है। महनूर का यह इंटरव्यू वायरल होने के बाद शाहरुख के फैंस भड़क उठे। उन्होंने एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक फैन ने लिखा, हां, शाहरुख ने आपके देश में भी अपनी अच्छी मार्केटिंग की है, ताकि आपके यहां की लड़कियां उनकी झलक पाने के लिए लाइन में लग जाएं। अपने घर की महिलाओं से पूछें, वे आपको बेहतर जवाब दे सकती हैं। एक अन्य फैन ने कहा, पूरी दुनिया शाहरुख को जानती है। लेकिन आप कौन हैं?

# शाहिद कपूर-मीरा राजपूत की शादी के आठ साल पूरे



ॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और मीरा राजपूत की शादी के आठ साल पूरे हो गये हैं। 07 जुलाई को शाहिद-मीरा की शादी को 8 साल हो गये।अपनी 8वीं सालगिरह को शाहिद-मीरा ने प्यार भरे अंदाज में सेलिब्रेट किया। इस मौके पर शाहिद अपनी पत्नी संग वेकेशन पर गए और वहां से अपनी रोमांटिक फोटो शेयर की। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मीरा के अपने रोमांटिक वेकेशन से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लवबर्ड्स को लिप-लॉक करते देखा जा सकता है। इस फोटो को शेयर करते हुए शाहिद ने मीरा को सालगिरह की शुभकामनाएं दी और कैप्शन में लिखा-सितारों से भरे आसमान में, मैंने तुम्हें अपना दिल दिया। आगे बढ़ो और मुझे तोड़ दो। तुम मेरे दिल में सिर्फ खुद को पाओगी (प्लीज मारना मत, क्योंकि मैंने तुम्हारे पसंदीदा गाने का वर्जन बनाया है।) मेरी पत्नी को शादी की सालगिरह की बधाई। वहीं, मीरा राजपूत ने भी अपने इंस्टाग्राम पर पति संग एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की और लिखा-"रोशनी तुम्हें घर ले जाएगी और तुम घर हो। हैप्पी 8 बेबी।इस तस्वीर में मीरा समंदर किनारे से पति शाहिद की गाल पर किस करती नजर आ रही हैं।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।